त्यातली कौशल्यंही त्यांच्या भटक्या जगण्याशी जोडलेली आणि त्यात महत्त्वाची ठरणारी असतात. यावर्षी किर्गिझस्तानची राजधानी असलेल्या बिश्केकमध्ये या स्पर्धेचं उद्घाटन झालं. त्यानंतर इसिक-कुल सरोवर आणि किर्चिन जॉर्ज परिसरात, डोंगर, विस्तीर्ण गवताळ कुरणं आणि भटक्या जमातींचं वास्तव्य असलेल्या पारंपरिक तंबूंमध्ये या स्पर्धा झाल्या.

भटक्या लोकांच्या जगण्याचा अतिशय महत्त्वाचा भाग असलेला घोडा हा प्राणी या स्पर्धांसाठीही अत्यंत महत्त्वाचा आहे. मध्य आशियातल्या भटक्या लोकांसाठी घोडा हा फक्त वाहतुकीचं साधन नाही तर त्यांच्या जगण्यातला एक रोजचा साथीदार मानला जातो. त्यामुळे या स्पर्धेत खेळले जाणारे बहुतेक खेळ हे घोडा आणि घोडेस्वारीच्या भोवती खेळले जाणारे आहेत. कॉक-बोरु हा या स्पर्धेत खेळला जाणारा लोकप्रिय खेळ आहे. या खेळात घोड्यावर बसलेल्या दोन टीम्स एका मृत शेळीसाठी झुंजतात. फुटबॉलप्रमाणे ती मृत शेळी गोलपोस्टमध्ये पोहोचवण्याची ही स्पर्धा असते. दोन



प्रतिस्पर्धी एका काठीला धरून खेळतात.

तायाक तार्तिश, विविध प्रकारच्या कुस्ती, तिरंदाजी, लांब पल्ल्याच्या घोड्यांच्या शर्यती असे क्रीडा प्रकार या स्पर्धेत असतात आणि अनेक भटके लोक तसेच पर्यटक या स्पर्धा बघण्यासाठीही गर्दी करतात. किर्गिझस्तानच्या संस्कृतीत शिकार आणि गरुड पक्ष्यांनाही खूप महत्त्व आहे. त्यामुळे या स्पर्धेच्या निमित्ताने शिकारी पक्ष्यांना प्रशिक्षण देणं, तरुण मुलांना हे पक्षी हाताळण्याची, त्यांच्याबरोबर शिकार करण्याची शिकवण देणं या गोष्टीही केल्या जातात.

भटक्या जमाती आणि त्यांचे खेळ ही वर्षानुवर्षे चालत आलेली गोष्ट असली तरी ही स्पर्धा मात्र तशी अगदी अलीकडे सुरू झाली. २०१४ मध्ये किर्गिझस्तानमध्येच पहिली स्पर्धा झाली. तेव्हा फक्त १९ देशांचे ५८३ खेळाडू स्पर्धेत सहभागी झाले होते. २०१४, २०१६, २०१८ अशा पहिल्या तिन्ही स्पर्धा किर्गिझस्तानमध्ये झाल्या. त्यानंतर २०२२ मध्ये तुर्की आणि २०२४ मध्ये कझाकस्तानमध्ये ही स्पर्धा झाली. यंदा पुन्हा किर्गिझस्तानमध्ये झालेल्या स्पर्धेत सहभागी देशांची संख्या १०० च्या पुढे आणि खेळाडूंची संख्या सुमारे तीन हजारांवर पोहोचली आहे.

किर्गिझ उद्योजक आणि क्रीडा प्रशासक अश्कत अकिबाईव्ह यांच्या पुढाकाराने ही स्पर्धा सुरू झाल्यामुळे भटक्या लोकांच्या खेळांसाठी, संस्कृतीसाठी अकिबाईव्ह यांचं हे योगदान महत्त्वाचं मानलं जातं. त्यामुळे कदाचित पुढच्या काही वर्षांतच ही स्पर्धा क्रीडा क्षेत्राचं आणि प्रेक्षकांचंही लक्ष वेधून घेईल ही शक्यता नाकारता येत नाही. पुढची स्पर्धा २०२८ मध्ये रशियातल्या तातारस्तानमध्ये होणार आहे.

जनमन

# डॉल्बी, डीजेसंदर्भात भूमिका स्पष्ट करावी



**गणपती** उत्सवात डॉल्बी, डीजेसंदर्भात भरपूर चर्चा झाली, प्रबोधन झाले. अमुक तमुक शहरात पूर्ण बंदी अशाही बातम्या आल्या. प्रत्यक्षात काय चित्र दिसले? दि. १४ सप्टेंबरला गणेश आगमनाच्या राज्यात ठिकठिकाणी मिरवणुका निघाल्या. दहिहंडी उत्सव झाला, सगळीकडे डेसिबल मर्यादा कितीतरी जास्त ठेवून डॉल्बी वाजली.

गणेश उत्सवाच्या आधी प्रत्येक ठिकाणी पोलिस प्रशासन मंडळांच्या बैठका घेतात. त्यात डेसिबल मर्यादा अमुक एवढीच असायला पाहिजे, पारंपारिक वाद्यांचा मिरवणुकीत वापर करावा असा फक्त सुका दम देतात. या बैठका म्हणजे औपचारिकतेचा भाग होता असेच म्हणावे लागेल. प्रत्यक्ष काय कारवाई केली? पोलिसांच्या देखत मिरवणुकीत डॉल्बी डेसिबल मर्यादा ओलांडून वाजली. जनतेला त्रास व्हायचा तो झालाच. पोलिस कारवाई का करू शकले नाहीत?

जर डॉल्बी बंदीचा निर्णय असेल तर कडक अंमलबजावणी का नाही केली गेली? जर डेसिबल मर्यादा असेल तर ती तरी पाळली गेली का? ती पाळली जाऊ शकत नाही हे वास्तव आहे का? या डॉल्बी, डीजे यांचे दुष्परिणाम काय आहेत याबद्दल आता खूप चर्चा झाली आहे, ती परत परत करण्यात काही अर्थ नाही. न्यायालय, सरकार, पोलिस प्रशासन यांनी याबद्दल तळ्यात मळ्यात भूमिका न घेता स्पष्ट भूमिका घ्यावी. विसर्जन मिरवणूक येण्याच्या आधी हे स्पष्ट करावे. जनतेचा संभ्रम दूर करावा.

- **अजय भुजबळ,** सातारा

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

सेतू

# तुला काही दुखलं तर नाही ना, तू ठीक आहेस ना?...

**पोलंडमधल्या नर्सेस आणि वैद्यकीय कर्मचाऱ्यांचा मायाळूपणा, संयम तसेच संवेदनशीलता आठवली की आजही मन अतिशय भरून येतं.**



अवनी दाते
१२ वर्षांपासून पोलंडमध्ये वास्तव्य

**पोलंडमध्ये** अनेक वर्षं राहत असल्याने इथल्या वैद्यकीय सुविधांचा अनुभवही कधी ना कधी घेतलाच. आधुनिक वैद्यकीय सुविधा, अत्याधुनिक तंत्रज्ञान आणि कुशल डॉक्टर हे सगळं आहेच, पण माझं मन जिंकलं ते इथल्या नर्सेस आणि वैद्यकीय कर्मचाऱ्यांनी. त्यांचा मायाळूपणा, संयम आणि संवेदनशीलता आठवली की आजही मन भरून येतं.

साधं रक्त तपासणीचंच उदाहरण घ्या. सुई टोचण्याआधी अल्कोहोल लावताना त्या तुम्हाला आवर्जून सांगतात, थोडसं थंडगार लागेल बरं का... मग सुई टोचताना सांगतात, आता किंचित दुखेल. रक्त घेत असतानाही आठवणीने 'दुखलं नाही ना, तू ठीक आहेस ना?' हे विचारतात आणि मग शेवटी... 'हो हो झालंच बरं का आता...' असंही म्हणतात. आपण एक प्रौढ पेशंट नसून लहान मूलच आहोत की काय असं वाटतं. दुखणार तर असतं, पण त्यांच्या त्या गोड बोलण्याने जवळ कोणीतरी आहे हा आधार वाटतो.

लहान मुलांच्या डॉक्टरची तर वेगळीच गोष्ट. त्यांचे दवाखाने छान लहान मुलांच्या चित्रांनी, कार्टून्सनी मस्त सजवलेले असतात. एका कोपऱ्यात खेळणी, गोष्टीची पुस्तकं, चित्रं रंगवायची पुस्तकं, रंगीत खडू ठेवलेले असतात. एकीकडे लहान मुलांचे चित्रपट दाखवणारी एक स्क्रीन लावलेली असते. मला भावलेली सगळ्यात छान गोष्ट म्हणजे बाळाला तपासताना त्याला त्याच्या आई किंवा बाबाच्याच मांडीत बसवलं जातं. डॉक्टर आणि नर्स हसत खेळत मुलांना तपासतात. अजिबात न भिता मुलंही नीट



तपासून घेतात. निघताना मुलांना आवडेल असा एखादा छोटा स्टिकर दिला जातो. त्यावर 'ब्रेव्ह बॉय/गर्ल' वगैरे लिहिलेलं असतं. त्यामुळे मुलं ते स्टिकर अगदी मिरवत घरी जातात. काही वर्षांपूर्वी मला अचानक एका शस्त्रक्रियेला सामोरे जावं लागलं. पूर्ण बेडरेस्ट होती. माझ्या बेडजवळ एक कॉल बटण होतं. ते नुसतं दाबलं की ३-४ मिनिटात नर्स येई. न कंटाळता काय हवं ते पाही. कधीही वैताग, चिडचिड नाही. बेडपॅन देतानाही पेशंटला अवघड वाटणार नाही याची काळजी घेण्याचाच त्यांचा प्रयत्न असे.

दवाखान्यात दिवसातून दोनदा साफसफाईसाठी एक वयस्कर आजी यायची. मला उठताही येत नसताना ती मला न हलवता सराईतपणे माझ्या बेडवर स्वच्छ धुतलेल्या बेडशिट्स घालून जाई. मोडक्यातोडक्या इंग्रजीत माझ्याशी गप्पाही मारे. एकदा तर माझ्या विस्कटलेल्या केसांची छान वेणीही घालून दिली. ज्या दिवशी मला उठायची परवानगी मिळाली त्या दिवशी तिने मला न्हाऊमाखू घातलं. केस पुसून दिले. आंघोळीनंतर गरम गरम सूप पाजलं.

पोलंडच्या हॉस्पिटल्समध्ये पेशंटबरोबर त्याचे नातेवाईक राहू शकत नाहीत, पण हॉस्पिटल स्टाफचा पेशंटला एवढा आधार असतो की नातेवाइकांची उणीवही जाणवत नाही. रुग्णाला पुरेशी विश्रांतीही मिळते. शिवाय, रुग्णसेवेचा दर्जा एवढा चांगला असतो की नातेवाईक, कुटुंबीयही बिनधास्त राहू शकतात. अर्थात, पोलंडची सरकारी आरोग्यसेवा मोफत असली तरी तपासण्या, शस्त्रक्रियांसाठी सर्रास 'वेटिंग' असतं. तातडीचं असेल तर खासगी हॉस्पिटलमध्ये प्रचंड फी भरून या गोष्टी कराव्या लगतातच, पण ते सोडल्यास इथली आरोग्य यंत्रणा नागरिकांना घाबरवून सोडत नाही. त्यांना दिलासा देते.

ninaadaate@gmail.com

तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

दैनिक जागरण
उत्कृष्ट कर्म ही स्वर्णिम विरासत का आधार बनते हैं

## यूपीआइ भुगतान दर

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआइ भुगतान पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट दर यानी शुल्क लगाने का रास्ता साफ होने के बाद इसे लेकर आम लोगों से लेकर विशेषज्ञों तक की राय बंटी हुई है। इसके बीच सरकार ने ऐसे संकेत दिए हैं कि यूपीआइ भुगतान पर मामूली शुल्क का निर्णय यथावत रहेगा। उसकी ओर से यह स्पष्टीकरण भी आया है कि व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन पर कोई फीस देय नहीं होगी और दो हजार रुपये से ऊपर की राशि के भुगतान पर जो फीस लगेगी, वह लोगों को नहीं, बल्कि व्यापारियों को चुकानी होगी। इस पर व्यापारी वर्ग ने अपनी चिंता जता दी है। उनकी चिंता से अलग आम लोगों की चिंता यह है कि व्यापारी अंततः अपना शुल्क उनसे ही वसूल करेंगे। इस कारण इसकी आशंका जताई जा रही है कि नकदी का चलन और कालेधन वाली आर्थिकी को बल मिल सकता है। भविष्य में जो भी हो, आज जब यूपीआइ लेनदेन लोकप्रिय और आसान होने के साथ तेजी से बढ़ भी रहा है, तब ऐसा कुछ नहीं किया जाना चाहिए, जिससे उसका विस्तार थमे। विस्तार इसलिए थम सकता है, क्योंकि दो हजार रुपये की सीमा बहुत कम है। यदि सरकार के फैसले के चलते यूपीआइ लेनदेन में कमी आती है तो यह अच्छा नहीं होगा। आज की आवश्यकता यह है कि आनलाइन भुगतान की प्रवृत्ति बढ़ती रहे।

यह समय की मांग है कि फिनटेक कंपनियों को आनलाइन लेनदेन संबंधी व्यवस्था के संचालन के लिए आर्थिक संबल भी मिले। यह इसलिए मिलना चाहिए, क्योंकि किसी भी व्यवस्था के संचालन की एक लागत होती है। यूपीआइ भुगतान का विस्तार होने से यह लागत राशि और बढ़ेगी ही। अभी इस लागत राशि का एक हिस्सा सब्सिडी के रूप में सरकार बैंकों और फिनटेक कंपनियों को चुकाती है। यह भी जनता का ही पैसा होता है। स्पष्ट है कि यह स्थिति टिकाऊ नहीं। फिनटेक कंपनियों को सक्षम बनाना ही होगा। बीच का रास्ता यह हो सकता है और इस पर विचार भी किया जाना चाहिए कि फीस वाले यूपीआइ भुगतान की सीमा को दो हजार रुपये से अधिक की जाए। इससे आम जनता को राहत भी मिलेगी और पिछले एक दशक की भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि और सशक्त एवं लोकप्रिय भी होगी। ध्यान रहे कि आनलाइन भुगतान की भारतीय प्रणाली की सराहना दुनिया भर में होती है। इस प्रणाली का और अधिक विस्तार हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। ऐसा करते हुए सरकार को उन अनर्गल आरोपों का प्रभावी ढंग से जवाब भी देना होगा, जिनके तहत यह अफवाह फैलाई जा रही है कि सरकार ने अमेरिका के दबाव में फैसला लिया है और इससे अमेरिकी कार्ड कंपनियों को लाभ होगा। यह अफवाह फैलाने वाले इस तथ्य को जानबूझकर अनदेखा कर रहे हैं कि अमेरिकी कार्ड कंपनियों के मुकाबले यूपीआइ भुगतान दर कहीं कम है।

## नदियों का संरक्षण

उत्तराखंड प्रकृतिक संसाधनों से संपन्न है। जल, जंगल, जमीन, पहाड़, बर्फ व नदियां इसे बहुआयामी स्वरूप प्रदान करते हैं। देवभूमि का कण-कण जीवन को सुंदर बनाने वाला है। ऐसे में नीति-निर्धारकों पर निर्भर करता है कि उनका विकास का पैमाना राज्य को प्रगति के किस पथ पर ले जाता है। संसाधनों का अनुशासित ढंग से उपयोग होता है तो निश्चित तौर पर प्रकृति की कृपा रहेगी। दुरुपयोग होने पर आफत के लिए तैयार रहना होगा। राज्य में गंगा, यमुना, अलकनंदा, गोमती समेत सैकड़ों नदियां हैं। चिंता का विषय यह है कि अधिकतर नदियों की सेहत बिगड़ रही है। मानवीय हस्तक्षेप व अनियंत्रित विकास नदियों के नैसर्गिक अधिकार को बड़ी चुनौती दे रहे हैं। अब दम तोड़ रही नदियों को नवजीवन देने की दिशा में कदम बढ़े हैं। जलागम विभाग के अंतर्गत गठित स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथारिटी ने एक जिला-एक नदी कार्यक्रम शुरू किया है। नदी संरक्षण को एक से तीन साल की कार्ययोजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत नदियों के जल प्रवाह को बनाए रखने के साथ ही जलसमेट क्षेत्रों से जुड़े कार्य होंगे। अल्मोड़ा, चंपावत समेत कुछ जिलों में चयनित नदियों पर कार्य शुरू कर दिया गया है। नदी को नवजीवन तभी मिलेगा, जब उसके क्षेत्र से अतिक्रमण को हटाया जाएगा। खनन को वैज्ञानिक ढंग से किया जाएगा। नदियों के संरक्षण का संकल्प हो। इस पर ध्यान दिए बिना नदियों को नवजीवन देने का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है।

> नदियों का मूल स्वरूप में बने रहना ही भविष्य की सुरक्षा है, इसके प्रति संकल्पबद्ध होना होगा

# मोदी युग का मूल संदेश



राम नाथ कोविन्द

**मोदी के शासनकाल की सबसे स्थायी उपलब्धि भारतीय समाज की मुख्यधारा का विस्तार है**



अवधेश राजपूत

राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 2017 से 2022 तक पांच वर्षों तक मैंने नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में निकटता से देखा। इसी अनुभव और सार्वजनिक जीवन में उनके साथ अपने जुड़ाव के आधार पर, मैं उनके जन्मदिन के अवसर पर कुछ विचार साझा करना चाहता हूं। अक्टूबर 2001 में गुजरात में निर्वाचित सरकार की बागडोर संभालने से लेकर 2014 से प्रधानमंत्री कार्यालय की जिम्मेदारी संभालने तक, निर्वाचित सरकार के प्रमुख के रूप में 25 से अधिक वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार एक सरल, किंतु परिवर्तनकारी विचार को आगे बढ़ाया है-'सबका साथ, सबका विकास।' मोदी युग का सबसे महत्वपूर्ण बदलाव है-सिर्फ विकास को वंचित वर्गों तक पहुंचाना ही नहीं, बल्कि उनको मुख्यधारा में लाना। मोदी सरकार धीरे-धीरे चयनात्मकता के बजाय सर्वव्यापी पहुंच, बहिष्करण के बजाय समावेशन और केवल अधिकार देने के बजाय सशक्तीकरण पर केंद्रित होती गई है। प्रश्न यह नहीं है कि सरकार ने कोई योजना शुरू की है या नहीं, बल्कि यह है कि जिस व्यक्ति तक उस योजना का लाभ पहुंचने की सबसे कम संभावना थी, क्या वास्तव में वह व्यक्ति भी उससे लाभान्वित हुआ है। इस बदलाव को पूर्वोत्तर से बेहतर शायद ही कोई उदाहरण स्पष्ट कर सकता है।

नवंबर 2014 से प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र का 83 से अधिक बार दौरा किया है। इन दौरों के साथ संपर्क-सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, निवेश और शांति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। इस क्षेत्र में 12 प्रमुख शांति समझौते हुए हैं। वहीं, वर्ष 2014-15 से 2025-26 के बीच पूर्वोत्तर के विकास के लिए सात लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं, जबकि इससे पिछले दशक में लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। पूर्वोत्तर के बुनियादी ढांचे का मानचित्र भी बदल रहा है।

वर्षों तक दूरदराज की बस्तियों को आमतौर पर देश के 'अंतिम गांवों' के रूप में वर्णित किया जाता रहा। मोदी सरकार ने समझ-बूझकर इस शब्दावली को बदलने का प्रयास किया और इससे भी महत्वपूर्ण रूप से इसके पीछे की नीतिगत प्राथमिकता को भी बदला। अब इन्हें भारत के 'प्रथम गांवों' के रूप में देखा जाता है। वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम सड़कों, संपर्क-सुविधाओं, पर्यटन, आजीविका और आवश्यक सेवाओं के माध्यम से दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में इस विचार को संस्थागत रूप देता है। ऐतिहासिक रूप से अल्पविकसित 112 जिलों को स्थायी रूप से पिछड़े क्षेत्रों के रूप में स्वीकार करने के बजाय, इस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसंरचना और आजीविका के क्षेत्र में तेजी लाने के लिए मापनीय परिणाम, संयोजन और प्रतिस्पर्धात्मक विकास को बढ़ावा दिया गया। 2023 में आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत 329 जिलों के 500 ब्लाकों को शामिल किया गया। संदेश स्पष्ट है: भौगोलिक स्थिति किसी क्षेत्र के लिए स्थायी नुकसान का कारण नहीं बन सकती। जनजातीय समुदायों के प्रति दृष्टिकोण में भी यही दर्शन दिखाई देता है। पिछले एक दशक में जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट में 243 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पीएम-जनमन के अंतर्गत सभी 75 विशेष रूप से निर्बल जनजातीय समूहों को शामिल किया गया है। आवास, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य बुनियादी आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ने इस दृष्टिकोण को और आगे बढ़ाया है। इसके तहत जनजातीय बहुल गांवों और विशेष रूप से निर्बल जनजातीय समूहों की बस्तियों में लंबे समय से विद्यमान विकास संबंधी कमियों को दूर करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के समन्वित प्रयासों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।

59 करोड़ से अधिक जनधन खातों ने पहले औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर रहे परिवारों को इससे जोड़ा है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने सरकारी सहायता को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाना संभव बनाया है और राजस्व रिसाव पर अंकुश लगाकर अब तक 5.14 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संचयी बचत में योगदान दिया है। वित्तीय समावेशन के इस व्यापक विस्तार के साथ बुनियादी सेवाओं की पहुंच भी बढ़ी है। सौभाग्य योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल किया गया। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक परिवारों को खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराया गया है। जल जीवन मिशन के तहत 13 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

मोदी सरकार का एक महत्वपूर्ण पहलू केवल लाभार्थी से भागीदार, सहायता प्राप्त करने वाले से उद्यमी और विकास में सहभागी से विकास की नेतृत्वकर्ता बनने तक-को बदलना रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ने महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और स्वास्थ्य से सीधे जुड़े एक महत्वपूर्ण मुद्दे का समाधान किया। मुद्रा योजना ने महिलाओं को अभूतपूर्व स्तर पर उद्यमिता से जुड़ने में सक्षम बनाया, जहां कुल मुद्रा ऋणों में महिलाओं की हिस्सेदारी 68 प्रतिशत है। पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों में भी महिलाओं की हिस्सेदारी 46 प्रतिशत है। लखपति दीदी पहल ग्रामीण परिवर्तन के केंद्र में महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण है। 'सबका साथ, सबका विकास' का मूल उद्देश्य सहभागिता के दायरे को लगातार व्यापक बनाना है। यह शासन के समक्ष एक बुनियादी प्रश्न रखता है: कौन अभी तक पहुंच से बाहर है? किसकी आवाज अब तक नहीं सुनी गई है? मोदी युग की सबसे गहरी विरासत भारतीय मुख्यधारा की इस नई परिभाषा में निहित है।

जब भारत विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है, तब महत्वाकांक्षा केवल बड़ी अर्थव्यवस्था, मजबूत बुनियादी ढांचे के नेटवर्क या अधिक सक्षम शासन-व्यवस्था के निर्माण तक सीमित नहीं है। उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि जिस भारत का निर्माण हो रहा है, उसमें उन लोगों की भी समान भागीदारी हो, जो कभी इसकी विकास यात्रा में सबसे कम दिखाई देते थे। मोदी युग का मूल संदेश यही है: जो लोग कभी हाशिए पर थे, वे अब भारत की मुख्यधारा में प्रवेश करने की प्रतीक्षा नहीं कर रहे हैं, वे मुख्यधारा को आकार देने में योगदान दे रहे हैं।

(लेखक पूर्व राष्ट्रपति हैं)

response@jagran.com

# सुनिश्चित हो अध्यापकों की योग्यता



जगमोहन सिंह राजपूत

**शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी और प्रशिक्षित अध्यापकों का अभाव भारत ही नहीं पूरे विश्व की समस्या है**



समय के अनुरूप परिवर्तन की प्रतीक्षा में शिक्षा क्षेत्र। फाइल

आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन यानी ओईसीडी के अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीसा) की इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा है। समूह में सम्मिलित देशों के अतिरिक्त शिक्षा सुधार में रुचि लेने वाले देशों में भी इसकी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट 15-वर्ष आयु वर्ग के 91 देशों और अर्थव्यवस्थाओं के 7,60,000 बच्चों की 2025 में अर्जित उपलब्धियों का अध्ययन एवं विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह गणित, विज्ञान और अन्य विषयों को पढ़ने की क्षमताओं पर केंद्रित है। पीसा की प्रक्रिया वर्ष 2000 में प्रारंभ हुई थी। भारत ने केवल 2009 में ही इसमें भाग लिया और उस अध्ययन को तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश के बच्चों पर केंद्रित किया गया। उसमें भारत का शैक्षिक स्तर 73 और 74वें क्रम पर रहा। इससे देश की किरकिरी हुई और तत्कालीन सरकार ने इसमें भागीदारी पर विराम लगा दिया। भले ही भारत ने 2025 के कार्यक्रम में भाग न लिया हो, लेकिन इसके परिणामों का अध्ययन अत्यंत लाभदायक हो सकता है, क्योंकि जिस तेजी से इतिहास के इस मोड़ पर शैक्षिक परिवर्तन हो रहे हैं, वह कल्पनातीत है। ऐसे में सारी व्यवस्था और उसकी कार्यसंस्कृति में त्वरित सुधार ही गतिशीलता बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।

वर्ष 2025 की इस रिपोर्ट को वर्तमान परिस्थितिजन्य और शिक्षणशास्त्रीय परिवर्तन को ध्यान में रखकर देखें तो स्पष्ट हो जाएगा कि पीसा रिपोर्ट के निष्कर्ष में कुछ भी अनपेक्षित नहीं। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में पढ़ने या कहें कि पढ़ने के कौशल में रुचि में 28 पाइंट का औसत घटाव हुआ है। यह वैसा ही है, जैसा भारत में हर सतर्क और सजग अध्यापक देख रहा है। वैसे यह घटाव केवल ओईसीडी देशों में ही था। बाकी में इसमें पहले जैसा ही ठहराव मिला। संभवतः उन देशों में मोबाइल, इंटरनेट और एआइ का प्रवेश सीमित रहा होगा। रिपोर्ट में यह तथ्य भी दोहराया गया है कि संसाधनों की कमी और सक्षम तथा प्रशिक्षित अध्यापकों का अभाव अभी भी एक विश्वव्यापी समस्या है। कहीं कम कहीं ज्यादा। बच्चों की रुचियां भी तेजी से बदल रही हैं। उनके तनाव के मोर्चे बढ़ रहे हैं।

पीसा रिपोर्ट ने विज्ञान से प्राप्त तथ्यों और साक्ष्यों के सूक्ष्म विश्लेषण की क्षमता के आकलन का भी प्रयास किया। यह भी देखा है कि अपने समक्ष अपार सूचना भंडार में से सही और गलत का भेद करने के कौशल की क्या स्थिति है। यह न भूला जाए, कि आने वाली पीढ़ी को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं के समाधान ढूंढने होंगे। यह सोच भारत में पाठ्यक्रम तैयार करने वाले विशेषज्ञों को भी अपनाना चाहिए। आज भी भारत में ऐसे संस्थान खुलते जा रहे हैं, जो दशकों पहले की आवश्यकतानुसार तैयार हुए पाठ्यक्रम ही पढ़ा रहे हैं। पीसा रिपोर्ट के निष्कर्ष देखकर मेरे जैसे अध्यापकों को अपनी स्थिति और कमियों को लेकर चिंतातुरत होना स्वाभाविक है।

टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश के 48 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में एक अध्यापक एक साथ कई कक्षाओं को पढ़ाता है, क्योंकि अध्यापकों की कमी है। इस कमी के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में 54 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 47 प्रतिशत अध्यापक अपने वर्ग को चुनावों, जनगणना जैसे प्रशासनिक कार्यों में लगाए जाने को बच्चों के लिए अहितकर मानते हैं। ऐसी परिस्थितियां स्कूलों की कार्यसंस्कृति में हताशा, निराशा और अपमान भाव को जन्म देती हैं। क्या शिक्षा के मूल अधिकार अधिनियम में यह उत्तरदायित्व निहित नहीं है कि सुयोग्य, निष्ठावान तथा संवेदनशील अध्यापक मिलना भी बच्चे का मूल अधिकार है?

केंद्र सरकार ने 1986/92 की शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के समय 'आपरेशन ब्लैकबोर्ड' नाम से एक परियोजना चलाई थी। इसमें लक्ष्य यह रखा गया था कि एक-कमरे-एक अध्यापक वाले हर स्कूल को त्वरित गति से कम से कम दो कमरे-दो अध्यापक वाले स्कूलों में परिवर्तित किया जाए। इसका सारा व्यय केंद्र सरकार ने उठाया। ये दोनों लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए थे। हालांकि व्यवस्थागत शिथिलता का परिणाम यह है कि आज भी भारत में एक लाख से अधिक एक-अध्यापक वाले स्कूल हैं। परिणामस्वरूप लोग निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं और इसमें निजी स्कूलों की मनमानी लगातार बढ़ रही है। सरकारी स्कूलों की साख घटी है और वहां वही बच्चे पढ़ रहे हैं, जिनके पास और कोई विकल्प नहीं है। पिछले दशक में एक लाख के करीब सरकारी स्कूल बंद हुए हैं।

पीसा रिपोर्ट के रुझानों से भारत भी अछूता नहीं है। इसलिए हमारे नीति-नियंताओं को भी इस पर विचार करना चाहिए। इससे उपजी सामान्य समझ तो यही कहती है कि योग्य अध्यापकों की आवश्यकता की सदा महत्ता रही है। बस अब अध्यापक के उत्तरदायित्व की दिशा बच्चे की मानसिक और सर्जनात्मक अवस्था को स्वस्थ बनाए रखने जैसी आवश्यकताओं की ओर भी मोड़नी होगी। इसलिए, अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में त्वरित आमूलचूल परिवर्तन आरंभ करने होंगे।

(लेखक एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## अंतर्धाम

भगवत्प्राप्ति का परमधाम हमारा निर्मल अंतःकरण ही है, जिसे हमारे संत-महापुरुषों ने अंतर्धाम कहा है। भगवत्प्राप्ति के लिए गृह का परित्याग कर वन-गमन ही सर्वथा अनिवार्य नहीं है, क्योंकि बाह्य देश के परिवर्तन मात्र से आभ्यंतर विकारों की निवृत्ति कदापि संभव नहीं होती। यदि कोई व्यक्ति गृह का परित्याग कर गिरि-कंदराओं या अरण्य में चला भी जाए, किंतु यदि उसके चित्त में विषय-वासना, अज्ञानजनित मोह, ममता और अहंकार की जड़ें विद्यमान रहीं, तो स्थान-परिवर्तन मात्र से वह अपने चित्त का शोधन करने में समर्थ नहीं हो सकता।

जो साधक गृह के परिवेश में ही भगवन्नाम-स्मरण में असमर्थ है, उसके लिए वन कैसे उपयुक्त हो सकता है? वन में बाह्य विषयों का बाहुल्य भले ही न हो, किंतु यदि मन में संचित विषय और वासनाएं सहचरी बनकर साथ चली गईं, तो एकांत अरण्य भी उसके लिए मानसिक अशांति और अंतर्द्वंद्व का समरांगण बन सकता है। बाह्य प्रपंच से पराङ्मुख होना अपेक्षाकृत सुगम हो सकता है, किंतु हृदय की गहनतम ग्रंथियों में प्रतिष्ठित राग, द्वेष, काम, लोभ और अहंकार का समूल निरसन ही वास्तविक तपश्चर्या है। इसलिए, मुमुक्षु साधक को सर्वप्रथम अपने अंतःकरण को साधना-कानन में परिणत करना चाहिए, जहां विषय-वासनाओं की आहुति हो, इंद्रियों पर संयम हो और हृदय-गुहा में भगवन्नाम का अखंड स्पंदन निरंतर प्रवाहित होता रहे। भगवान किसी परिच्छिन्न स्थान-विशेष में आबद्ध नहीं हैं। उनका नित्य सन्निधान उसी निर्मल हृदय में प्रकट होता है, जहां 'मैं' और 'मेरा' का अज्ञानमय आवरण निवृत्त होकर 'त्वमेव सर्वम्' का सर्वात्मभाव अवशेष रह जाता है। केवल वस्त्र एवं गृह त्यागना ही पारमार्थिक वैराग्य नहीं है, अपितु गृहाश्रम में रहते हुए भी हृदय को संसारासक्ति से सर्वथा मुक्त कर देना ही परम वैराग्य है।

आचार्य नारायण दास

# कैंसर निदान में आशातीत सफलता संभव

ऋतुपर्ण दवे

**त्वचा कैंसर की वापसी रोकने वाली वैक्सीन के विकास की जगी उम्मीद**

हर व्यक्ति और हर कैंसर अलग-अलग होता है, जिससे मरीज का ध्यान ऐसे उपचार पर केंद्रित होता है, ताकि उसे सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त हों। मरीज की देखभाल को व्यक्तिगत बनाने हेतु अधिक उपचार विकल्प प्रदान किए जाते हैं। सटीक चिकित्सा पद्धति इनमें से एक हो सकती है जो कई विशिष्ट कैंसर कार्यक्रमों में समाहित है। सही निदान के लिए प्रिसिजन मेडिसिन (प्रत्येक रोगी के कैंसर की जटिलताओं के अनुसार उपचार प्रदान करती है), पर्सनलाइज्ड मेडिसिन (वह आधुनिक पद्धति है जो किसी बीमारी के इलाज और रोकथाम के लिए हर मरीज की जेनेटिक संरचना, जीवनशैली और पर्यावरण को ध्यान में रखती है) को एक नए स्तर पर ले जाती है, जिसमें कैंसर के विकास को प्रभावित करने वाले आनुवंशिक संरचना, कोशिका, प्रोटीन व कई अन्य कारकों की जांच की जाती है।

ये उपचार उन विशिष्ट विशेषताओं को लक्षित करते हैं जो कोशिकाओं को कैंसरग्रस्त बनाती हैं। आणविक प्रोफाइलिंग का उपयोग करके उत्तक, रक्त या तरल पदार्थों के नमूनों का प्रयोगशाला में अध्ययन किया जाता है, ताकि जीन, कोशिका प्रोटीन और ट्यूमर के विशिष्ट बायोमार्कर में असामान्यताओं का पता लगाया जा सके।

पर्यावरण और जीवनशैली अन्य महत्वपूर्ण कारक हैं जो किसी व्यक्ति की बीमारी के विशिष्ट उपचारों के प्रति प्रतिक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। एक ऐसी वैक्सीन जो मरीज के ट्यूमर को लक्ष्य करती है, पर्सनलाइज्ड वैक्सीन कहते हैं। इस नए टीके को बनाने के लिए, विज्ञानियों ने मैसेंजर आरएनए का उपयोग किया जो एक प्रकार का एकल-सूत्रीय अणु है और हमारे शरीर की कोशिकाओं में आनुवंशिक जानकारी को डीएनए से लेकर प्रोटीन बनाने वाली मशीनरी यानी राइबोसोम तक पहुंचाता है। इसमें रोगी के ट्यूमर के हिस्से को सर्जरी से हटाकर और फिर उसके डीएनए की सीक्वेंसिंग करके कैंसर कोशिकाओं के भीतर विशिष्ट म्यूटेसन्स को लक्ष्य किया जाता है।

उम्मीद की जा रही है कि इस संबंध में जल्द ही कैंसर वैक्सीन का विकास हो सकता है, जो त्वचा कैंसर (मेलेनोमा) के इलाज में तीसरे चरण के परीक्षण में सफल रही है। इस तरह एक पर्सनलाइज्ड कैंसर-रोधी इंजेक्शन जो रोगी के ट्यूमर के लिए, ट्यूमर के द्वारा ही तय होता है, इम्यून सिस्टम को बाकी बचे किसी भी ट्यूमर सेल को पहचानने और उस पर हमला करके नष्ट करने का निर्देश देता है। कैंसर उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता के साथ, यह थेरेपी एक उम्मीद का रास्ता तैयार करती है। अभी मेलानोमा कैंसर की वापसी रोकने वाली वैक्सीन से उम्मीद की किरण जगी है जिसने ट्यूमर माइक्रो एनवायरनमेंट-लक्षित वैक्सीन कैंसर थेरेपी ने विभिन्न शोध अध्ययनों में आशाजनक परिणाम दिखाए हैं। इससे विभिन्न कैंसरों के निदान में सकारात्मक उम्मीद तय है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

मेलबाक्स

### विकास को लेकर बने सहमति

'आगे बढ़ी अटकी परियोजना' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न को रेखांकित किया गया है कि विकास की परियोजनाएं केवल बजट से नहीं, बल्कि सहमति, समन्वय और सतत राजनीतिक इच्छाशक्ति से जमीन पर उतरती हैं। किशाऊ बांध परियोजना पर छह राज्यों की सहमति इस दृष्टि से महज एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि संघीय सहयोग की उस भावना का संकेत है, जिसमें क्षेत्रीय हित व्यापक राष्ट्रीय हित के साथ कदमताल करते हैं। किसी बड़ी परियोजना का वर्षों तक अटके रहना केवल समय की क्षति नहीं, अपितु इससे लागत, अवसर और जनविश्वास, तीनों को आघात पहुंचता है। इसलिए परियोजनाओं के मूल्यांकन में केवल यह देखना पर्याप्त नहीं कि उनका प्रस्ताव कब बना था, बल्कि यह भी देखना चाहिए कि देरी की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कीमत कितनी रही। विकास का कैलेंडर जितना लंबा होता जाता है, उसकी लागत उतनी ही बढ़ती जाती है। किशाऊ परियोजना का एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भी है। जल संसाधन जैसे विषयों में राज्यों के हित स्वाभाविक रूप से अलग-अलग हो सकते हैं। ऐसे में सहमति का अर्थ मतभेदों का अंत नहीं, बल्कि मतभेदों को संवाद की मेज पर समाधान में बदलने की क्षमता है। यही सहकारी संघवाद की वास्तविक कसौटी है। राजनीतिक दलों के बीच मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन जनहित की परियोजनाओं को केवल राजनीतिक विरोध का विस्तार बना देना विकास की गति को अनावश्यक रूप से बाधित कर सकता है। साथ ही, किसी परियोजना को आगे बढ़ाना अंतिम उपलब्धि नहीं, बल्कि जवाबदेही के अगले चरण की शुरुआत है। किशाऊ बांध परियोजना से यह व्यापक संदेश निकलता है कि यदि राजनीतिक संवाद को टकराव के बजाय समाधान का माध्यम बनाया जाए, तो वर्षों से रुकी परियोजनाओं के लिए भी रास्ते खुल सकते हैं।

बिमलेश कुमार सिंह चौहान, लखनऊ

### यूपीआइ पर फैलाई जा रहीं भ्रांतियां

एनपीसीआइ यानी नेशनल पेमेंट कमीशन आफ इंडिया ने एक नया फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया है जिसके तहत दो हजार रुपये से अधिक के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत का मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगेगा। इसकी अधिकतम सीमा 300 रुपये तय की गई है। जाहिर है कि इस फ्रेमवर्क के आने के बाद लोगों के बीच इसे लेकर हलचल बढ़ने लगी। आखिरकार छोटे से बड़े तक एक बड़ा वर्ग आज यूपीआइ का इस्तेमाल कर रहा है। छोटे-छोटे व्यापार करने वाले अर्थात रेहड़ी पटरी वाले भी आज यूपीआइ से पेमेंट या ले रहे हैं या दे रहे हैं। लोगों के बीच कई भ्रम भी फैलाए जा रहे हैं। विपक्षी पार्टियां भी इसे लेकर सरकार पर वार कर रही हैं और लोगों के बीच भ्रम पैदा कर रहीं हैं। खैर विपक्षी पार्टियों का तो काम ही सरकार के कामों पर सवाल उठाना है। लेकिन यह सच है कि इससे आम आदमी पर कोई असर नहीं होगा। हालांकि सरकार ने इसका कारण भी बताया है जो कि बिलकुल वाजिब है। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है, ताकि यूपीआइ के सिस्टम को टिकाऊ बनाया जा सके। किसी भी व्यवस्था को चलाने की लागत होती है और यूपीआइ के मामले में हर साल यह औसतन 20 हजार करोड़ रुपये इस मद में खर्च भी बढ़ रहा है। अरबों डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित और तेज बनाए रखने के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपये का खर्च आता है। फिलहाल बैंक, सर्विस, प्रोवाइडर कंपनियां और सरकार मिलजुलकर इसका बोझ उठा रहे हैं। हालांकि सरकार के इस कदम से चिंता इस बात की है कि व्यापारियों से लिया जाने वाला एमडीआर कहीं व्यापारी ग्राहक से न वसूलने लगे। ऐसे में सरकार और एनपीसीआइ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी व्यापारी गलत तरीके से इस शुल्क का बोझ ग्राहकों पर न डाले। इसके लिए स्पष्ट गाइडलाइंस जारी कर जागरूकता फैलाना जरूरी है।

पैंथर तोमर, किशन गंज, दिल्ली

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, ई-मेल: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**3.36** लाख पद स्वीकृत हैं हिमाचल प्रदेश में, जबकि इनमें से लगभग 1.07 लाख पद रिक्त हैं, अगस्त में हाई कोर्ट में प्रस्तुत की गई एक संबंधित रिपोर्ट के अनुसार।





प्रो. एमएल मीणा
विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

आजकल

# विश्व के नए मानचित्र के भूराजनीतिक मायने

**पिछले लगभग 450 वर्षों से विश्व जिस मानचित्र को अपनाए हुए है, अब उसमें बदलाव होगा। इसे बदलने का अभियान अफ्रीका के एक छोटे देश टोगो ने आरंभ किया। वस्तुत: मानचित्र केवल भौगोलिक प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि शक्ति और संप्रभुता का माध्यम भी है। भूराजनीति का व्यावहारिक अनुप्रयोग यह कहता है कि किसी भी वैश्विक निर्णय में मौन, नेतृत्व और सतर्कता तीनों एक ही पल में, अलग-अलग देशों के हिस्से आते हैं। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में हाल ही में एक नक्शा-प्रस्ताव 'करेक्ट द मैप' पारित हुआ, जिसके व्यापक निहितार्थ हैं**



प्रतीकात्मक

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने विश्व का नया मानचित्र बनाए जाने की मंजूरी प्रदान की है। वस्तुतः मर्केटर मानचित्र (एक बेलनाकार मानचित्र प्रक्षेपण जिसे 1569 में फ्लेमिश मानचित्रकार गेरार्डस मर्केटर ने बनाया था) की तुलना में 'इक्वल अर्थ' प्रक्षेपण महाद्वीपों के वास्तविक क्षेत्रफल को अधिक सटीक रूप में प्रस्तुत करता है। 'करैक्ट द मैप' पहल इसी प्रकार के समान-क्षेत्रफल वाले मानचित्रों को बढ़ावा देने की दिशा में है। इसका अर्थ मर्केटर मानचित्र पर औपचारिक प्रतिबंध लगाना नहीं है, बल्कि मानचित्रण को संतुलित व भौगोलिक रूप से न्यायसंगत बनाना है।

सतही तौर पर देखें तो यह कहानी बहुत सीधी लगती है। इस प्रस्ताव पर 164 देशों ने पक्ष में वोट दिया और सिर्फ एक देश यानी अमेरिका ने विरोध किया है। इसमें छह देश एस्टोनिया, जार्जिया, लिथुआनिया, मोल्दोवा, सर्बिया और यूक्रेन वोटिंग से दूर रहे थे। यह प्रस्ताव करेक्ट द मैप नाम के अभियान से निकला था, जिसकी अगुवाई पश्चिम अफ्रीका के छोटे-से देश टोगो ने की थी। इस पूरी घटना की असली दिलचस्प कहानी एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव में छिपी है कि किसने क्यों वोट दिया, किसने क्यों नहीं दिया, और भारत ने इस बीच क्या रास्ता चुना है?

पहले हम उन छह देशों को देखते हैं जिन्होंने वोटिंग से परहेज किया है। ये कोई एक महाद्वीप या एक आर्थिक-गुट के देश नहीं हैं। फिर भी इनमें एक साझा बात नजर आती है, जो यहां पहला मुख्य भू-राजनीतिक तर्क है। इनमें से हर देश की अपनी जमीन का कोई न कोई हिस्सा या तो किसी और देश की पकड़ में है, या वहां अलगाववादी क्षेत्र मौजूद हैं, या सीमा-विवाद खुला हुआ है। जार्जिया का अबखाजिया और दक्षिण ओसेतिया, यूक्रेन का क्रीमिया और डोनबास, मोल्दोवा का ट्रांसनिस्ट्रिया, सर्बिया का कोसोवो, ये सभी विख्यात, दशकों पुराने भू-राजनीतिक विवाद हैं। एस्टोनिया और लिथुआनिया की भी रूस से लगती सीमा संवेदनशील रही है।

इसको समझना अब थोड़ा आसान है। जिस देश की अपनी जमीन पहले से विवादित हो, वह किसी भी ऐसे अंतरराष्ट्रीय दस्तावेज पर वोट देने से पहले सतर्क हो जाता है जो नक्शों को ज्यादा सटीक ढंग से दिखाने की बात करते हैं। भले ही प्रस्ताव सीधे तौर पर सिर्फ देशों के क्षेत्रफल-अनुपात की बात करता हो, राजनीतिक सीमाओं की नहीं, फिर भी डर यह रहता है कि आज जिस तर्क से क्षेत्रफल ठीक कराया जा रहा है, कल वही तर्क किसी और मंच पर विवादित सीमा-रेखा दिखाने के तरीके पर दबाव बनाने के लिए भी इस्तेमाल हो सकता है। यानी इन छह देशों की चुप्पी असल में विरोध की हो, यह भूराजनीतिक दृष्टि से तो जरूरी नहीं है। पहली नजर में यह एक सतर्क, आत्म-रक्षात्मक दूरी अधिक साबित होती है।

**अमेरिकी विरोध** : अब अमेरिका के अकेले विरोध को देखते हैं, क्योंकि यहां तीसरा तर्क छिपा है। अमेरिकी प्रतिनिधि ने इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र के काम और मकसद का मजाक बताया था। यह भाषा खासकर एक ऐसे प्रस्ताव के लिए जो यूरोपीय संघ के अपने स्पष्टीकरण के अनुसार गैर-बाध्यकारी है और किसी की संप्रभुता को छूता तक नहीं है, असामान्य रूप से कुछ अधिक तीखी है। अब सवाल यह उठता है कि जब किसी प्रस्ताव से किसी की सत्ता, बजट या क्षेत्र सीधे प्रभावित नहीं होता, तो इतना कड़ा विरोध क्यों किया जाता है। इसका जवाब यह हो सकता है कि प्रतीकों की लड़ाई में हार भी बड़ी शक्ति के लिए महंगी ही पड़ती है।

**भारत की प्रतिक्रिया** : भारत की स्थिति इस मामले में कुछ अलग है और यही उसे एक दिलचस्प भू-राजनीतिक संभावनाओं से युक्त खिलाड़ी बनाता है। भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जो उसकी उस पुरानी नीति के अनुरूप है जिसमें वह स्वयं को वैश्विक-दक्षिण की आवाज के तौर पर प्रस्तुत करता आया है। पर साथ ही भारत ने एक बेहद विशिष्ट, अपने ही अनुभव से निकली चिंता भी दर्ज कराई। भारत ने तर्क दिया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को किसी भी नए नक्शा-प्रारूप में भारत की आधिकारिक स्थिति के अनुरूप ही दिखाया जाना चाहिए। यह सावधानी किसी अटकल पर नहीं टिकी है। वर्ष 2013 में जब चीन ने अपना पहला वर्टिकल मैप जारी किया था, और फिर 2023 में अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपने आधिकारिक नक्शे में दिखाया, तो भारत ने प्रत्यक्ष अनुभव से देखा था कि कैसे मानचित्रकला जैसा तकनीकी मामला, बिना एक भी सैनिक भेजे, एक ठोस संप्रभुता-दावे में बदल सकता है।

यह अनुभव भारत को उन छह परहेज करने वाले देशों के तर्क के करीब भी ले आता है, भले ही भारत ने वोट दिया हो। जार्जिया, यूक्रेन या मोल्दोवा की तरह, भारत भी जानता है कि सटीक प्रतिनिधित्व के नाम पर आगे बढ़ने वाला कोई भी वैश्विक टेंपलेट, आगे चलकर विवादित सीमाओं को दिखाने के तरीके पर दबाव का औजार भी बन सकता है। अंतर केवल इतना है कि भारत के पास इतनी कूटनीतिक और आर्थिक क्षमता है कि वह परहेज करने के बजाय वोट भी दे और साथ ही अपनी शर्त भी सार्वजनिक रूप से दर्ज करा सके। परंतु यह विकल्प एस्टोनिया या मोल्दोवा जैसे छोटे देशों के पास उतनी आसानी से नहीं होता, जो सुरक्षित रास्ता चुनकर सीधे परहेज में चले जाते हैं।

इस तरह भारत एक तीसरी, बिल्कुल अलग श्रेणी में खड़ा दिखता है। वह न तो कमजोर देश हैं जो जोखिम से बचकर परहेज करें, और न ही अभी तक बड़ी महाशक्ति जो सिद्धांततः विरोध करे। भारत अब एक उभरती हुई शक्ति है, जो हां भी कहे और शर्त भी रखे, राजनीतिक भूगोल में ऐसे देशों को सशर्त आधारित अभिव्यक्ति वाले मध्यम देश कहा जाता है। यह भारत की उस व्यापक कूटनीतिक शैली से मेल खाता है जिसमें वह किसी भी बहुपक्षीय मंच से पूरी तरह अनुपस्थित नहीं रहना चाहता, पर हर मौके पर अपनी संप्रभुता-संबंधी सीमा-रेखा स्पष्ट रूप से खींच देता है।

अंततः यह पूरा प्रकरण अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीति के एक व्यावहारिक नियम को उजागर करता है। अर्थात किसी भी बहुपक्षीय मंच पर सबसे पहले वही बदलाव पास होता है जो हर पक्ष के लिए सबसे आसान व स्वीकार्य होता है। जिन देशों को यह बदलाव जोखिम भरा लगा, वे या तो अपनी अनसुलझी सीमाओं की वजह से किनारे हो गए या फिर अपनी वैश्विक प्रतिष्ठा की वजह से, जैसा अमेरिका ने किया है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि भारत जैसे उभरते देश यह दिखाते हैं कि हां कहना और शर्त रखना, दोनों एक साथ किया जा सकता है, बशर्ते आपके पास इतनी कूटनीतिक ताकत हो।

## मर्केटर मानचित्र और इक्वल एरिया मानचित्र

आदित्य कुमार

पृथ्वी का आकार लगभग गोलाकार है, जबकि मानचित्र सामान्यतः समतल सतह पर बनाए जाते हैं। इसलिए पृथ्वी की सतह को समतल कागज पर प्रदर्शित करते समय कुछ न कुछ विकृति उत्पन्न होती है। मानचित्र बनाने की अलग-अलग विधियों को मानचित्र प्रक्षेपण कहा जाता है। मर्केटर प्रक्षेपण और इक्वल एरिया प्रक्षेपण इसके दो महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। मर्केटर मानचित्र का विकास 16वीं शताब्दी में यूरोप के निवासी जेरार्डस मर्केटर ने किया था। इसे विकसित करने का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी की सतह पर दिशाओं और कोणों को उपयोगी रूप से प्रदर्शित करना था। इसलिए इसका उपयोग लंबे समय तक समुद्री नौवहन में किया गया। इस मानचित्र में यदि कोई व्यक्ति एक निश्चित दिशा में यात्रा करता है, तो दिशा को मानचित्र पर सीधी रेखा के रूप में प्रदर्शित करना संभव होता है।

हालांकि, मर्केटर मानचित्र की एक बड़ी सीमा क्षेत्रफल में विकृति है। जैसे-जैसे हम भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर बढ़ते हैं, वस्तुओं और देशों का आकार मानचित्र पर वास्तविकता की तुलना में बहुत बड़ा दिखाई देने लगता है। उदाहरण के लिए, यदि हम मानचित्र में ग्रीनलैंड को देखते हैं तो वह लगभग अफ्रीका के आकार में दिखाई दे सकता है, जबकि वास्तविकता में अफ्रीका का क्षेत्रफल ग्रीनलैंड से कई गुना अधिक है। ध्रुवों के निकट यह विकृति अत्यधिक बढ़ जाती है। इसके विपरीत, इक्वल एरिया मानचित्र का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी के विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रफल का सही अनुपात बनाए रखना है। इसमें किसी देश या महाद्वीप का क्षेत्रफल दूसरे क्षेत्र की तुलना में वास्तविक अनुपात के करीब रहता है। हालांकि, क्षेत्रफल को सुरक्षित रूप से दर्शाने के लिए मानचित्र में आकार, कोण या दूरी में कुछ विकृति आ सकती है। इक्वल एरिया मानचित्र का उपयोग उन विषयों में अधिक उपयोगी होता है, जहां क्षेत्रफल की तुलना महत्वपूर्ण होती है। उदाहरण के लिए, कृषि भूमि, वन क्षेत्र, जनसंख्या वितरण, खनिज संसाधन और विभिन्न देशों के क्षेत्रफल का तुलनात्मक अध्ययन करने में इसका उपयोग किया जा सकता है।

इस प्रकार दोनों मानचित्रों का उद्देश्य अलग-अलग है। मर्केटर प्रक्षेपण दिशाओं और कोणों को प्राथमिकता देता है, जबकि इक्वल एरिया प्रक्षेपण क्षेत्रफल को प्राथमिकता देता है। इसलिए यह कहना उचित नहीं होगा कि कोई एक प्रक्षेपण हर परिस्थिति में दूसरे से बेहतर है। मानचित्र का चुनाव इस बात पर निर्भर करता है कि उसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। संक्षेप में, यदि उद्देश्य नौवहन और दिशा-निर्धारण है तो मर्केटर प्रक्षेपण उपयोगी है, जबकि क्षेत्रफल की तुलना और भौगोलिक वितरण के अध्ययन के लिए इक्वल एरिया प्रक्षेपण अधिक उपयुक्त होता है।

(लेखक शिक्षक हैं)

खरी-खरी

## राजनीति में जांचने-परखने की कला

निर्मल गुप्त

एक क्रांतिकारी नेता जी ने बड़ी गंभीरता से कहा है कि अब वे किसी को किसी ओहदे पर आसीन करने से पहले खूब ठोक बजा कर देखेंगे। सुनने में आया है कि इसे सुन जनता भावुक हो गई। लगा जैसे बरसों बाद कोई नए किस्म का सुनार बाजार में आया है। ठोक बजा कर देखेगा, असली-नकली परखेगा।

पुराने कार्यकर्ता मुस्कुरा रहे हैं। वे जानते हैं कि ठोक बजाने की यह कला नई नहीं है। पहले भी ठोका जाता था। खूब ठोका जाता था। बस ठोकने की जगह बदल गई है। पहले विचार ठोके जाते थे, अब जेब ठोकी जाती है। पहले दिल ठोका जाता था कि इसमें गरीबों के लिए कितनी जगह है, अब अकाउंट देखा जाता है कि इसमें कितना दम है।

वैसे इस लोकतंत्र में फ्री में कुछ नहीं मिलता। फ्री में न लंच मिलता है, न पद। लंच के लिए भी जनता को किसी का न समझ आने वाला भाषण सुनना पड़ता है, पद के लिए तो भाषण के साथ-साथ बहुत कुछ सुनाना पड़ता है।

नेता जी ने कहा- योग्यता देखेंगे, निष्ठा देखेंगे। मतलब साफ है कि योग्यता यानी कितना दे सकते हो, निष्ठा यानी कितनी देर तक चुप रह सकते हो। जो ज्यादा देगा और ज्यादा देर तक चुप रहेगा, वही सबसे योग्य होगा। सबसे बड़ी बात, आजकल एक नई मुसीबत आ गई है- डिजिटल सर्विलांस की समस्या। पहले सब हिसाब-किताब जुबानी होता था। किसने क्या दिया, किसने क्या लिया, कोई लिखता नहीं था। अब एक अलग किस्म की साइबर दुनिया आ गई है। उसे सबके बारे में सबकुछ पता है।

नेतागिरी का सारा धंधा ही लेन-देन पर टिका है। देना, लेना, और फिर कहना कि हमने दिया ही नहीं, हमने लिया ही नहीं। सारा खेल बयानबाजी का है। इस खेल में एकाधिक विलेन हैं। इंटरनेट मीडिया पर हर कोई कहता है- दिखाओ, सबूत दिखाओ। किसने क्या किया, डाटा बोलता है। निर्भीक क्रांतिकारी नेता को भी अब डर लगने लगा है। इसलिए वह कह रहा है - ठोक बजा कर देखेंगे। मतलब अब ठोकने की आवाज धीरे-धीरे करनी होगी।

## पोस्ट

ब्रिक्स के लिए शी चिनफिंग के संक्षिप्त दिल्ली दौरे का असल उद्देश्य इस माह के अंत में डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रस्तावित वार्ता से पहले स्पष्ट संकेत भेजना था।
जक्का जैकब@Zakka_Jacob

दारा सिंह की याचिका रद करके ओडिशा सरकार ने अच्छा संदेश दिया है। केवल 25 साल जेल में काटना पर्याप्त नहीं। उसका अपराध आज भी सिहरन पैदा करता है।
आरके विज@ipsvijrk



यूपीआइ कुछ वर्षों से देश की व्यवस्था में घुल-मिल गया है। शायद ही कोई छोटा या बड़ा दुकानदार मिला होगा, जो यूपीआइ से भुगतान न लेता हो। यूपीआइ एक क्रांतिकारी सिस्टम ही है, जिसका लाभ सबको हुआ। उस पर किसी प्रकार का शुल्क लोगों को हतोत्साहित ही करेगा। इसलिए सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए।
राहुल दुबे@Therahul_dubey

संभव है कि यूपीआइ पर लगाया गया शुल्क वापस हो जाए, लेकिन तब तक सरकार को एक बड़ा राजनीतिक नुकसान हो सकता है। आखिर ऐसे फैसले लिए ही क्यों जाएं, जिनके बाद में पलटने की नौबत आ सकती हो।
अभिषेक@AbhishBanerj

## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या यूपीआइ भुगतान पर शुल्क से नकदी पर निर्भरता बढ़ेगी?**



सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या यूपीआइ से भुगतान पर शुल्क की सीमा दो हजार रुपये से अधिक की जानी चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

## जनपथ

यूपीआई कर चुका आदत बहुत खराब,
पैसा रखना जेब में लगता अब तो ख्वाब।
लगता अब तो ख्वाब गिनेगा कौन रुपैया,
एटीएम भी बंद हो रहे अब तो भैया।
खर्चा करना कैश बढ़ाएगा कठिनाई,
यदि महंगा उपयोग हुआ अब यूपीआई!
-ओम प्रकाश तिवारी



धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश डायरी

# नवीन मतदाताओं को साधने की चुनौती

भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन पहली बार मध्य प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। वह गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जनकल्याण से जुड़े अभियानों का शुभारंभ करेंगे। वैसे तो पहली नजर में यह दौरा पीएम मोदी के ढाई दशक के जन सेवा के कार्यकाल के उत्सव का मौका दिखाई पड़ता है, लेकिन इसके निहितार्थ में उन नए मतदाताओं को साधने की कवायद भी शामिल है, जो आने वाले तीन साल में चुनाव की नैया पार लगाने में भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेंगे। नव मतदाता यानी जेन-जी उम्मीद और सपनों में जितनी ऊर्जा रखते हैं, विचार और चित्त से उनकी अस्थिरता उतनी ही मुश्किलें खड़ी करती है। ऐसे में आने वाले तीन साल तक भाजपा उन्हें कैसे अपने साथ जोड़ कर रखती है, यही सबसे बड़ी चुनौती है।

जब हम अगले तीन वर्षों की चर्चा कर रहे हैं, तो सबसे पहले वर्ष 2027 में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव पर नजर डालते हैं। इस बार ये पूरी तरह प्रत्यक्ष प्रणाली से संपन्न होंगे। बीते नगरीय निकाय चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुए और असंतोष पनपने के मामले भी सामने आए। लंबे समय से प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से एंटी इनकंबेंसी का फैक्टर भी बना रहता है। ऐसे में यह स्थानीय चुनाव विधानसभा के चुनाव से भी कठिन बन सकते हैं। भाजपा को नव मतदाताओं को साथ लेकर चलने के अलावा संगठन के लिए भी स्थानीय स्तर पर बहुत मेहनत करनी है। पड़ोसी राज्य राजस्थान में हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम देखें, तो भाजपा अपने लिए भले ही बेहतर मान सकती है, लेकिन बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत पार्टी के लिए चिंताजनक हो सकती है। इसका असर मध्य प्रदेश में नहीं पड़ेगा, यह स्वयं भाजपा नेता भी विश्वास के साथ नहीं कह सकते।


नितिन नवीन (दाएं) से हाल ही में मुलाकात के दौरान डा. मोहन यादव। फाइल

दूसरी चुनौती देखें, तो इसके अगले साल यानी 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर जेन-जी के चर्चित प्रदर्शन के बाद अब मध्य प्रदेश में भी विद्यार्थियों से लेकर कर्मचारी तक आंदोलन कर रहे हैं। दो दलों के बीच चलती सियासत में एक बार फिर तीसरी शक्ति के दखल की कोशिशें शुरू हो गई हैं। बालाघाट में बच्चों की मौत के मामले को लेकर जेन-जी के आंदोलन का नेतृत्व कर चुके काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके मध्य प्रदेश में दस्तक दे चुके हैं, हालांकि उनका शुरुआती अनुभव अच्छा नहीं माना जा सकता, लेकिन उन्होंने यहां भाजपा और कांग्रेस के लिए चिंता बढ़ा दी है। एंटी इनकंबेंसी और विपक्ष की सुस्त चाल में दीपके को कितनी जगह मिलती है, यह जेन-जी की चित्त की स्थिरता और उम्मीद की सीमाओं पर ज्यादा निर्भर करेगा।

वर्ष 2016 में जब बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह मध्य प्रदेश आए थे, तो उनके संवाद ने संगठन को दिशा दी थी, जबकि संकेतों ने बेहद खासा असर दिखाया था। मध्य प्रदेश की राजनीति में भाजपा को पीढ़ी परिवर्तन सहित कई मोर्चों पर बड़े बदलाव देखने को मिले थे। तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने जो कहा-सुना उससे ज्यादा असर उन बातों का दिखाई दिया, जिसके उन्होंने सिर्फ संकेत भर दिए थे। यही नितिन नवीन के मध्य प्रदेश दौरे को लेकर तीसरी चुनौती है, यानी मध्य प्रदेश सरकार का कामकाज, संगठन की जमीनी तैयारी और कार्यकर्ताओं की सक्रियता का अनुमान। मौका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित कल्याणकारी योजनाओं के शुभारंभ का है, ऐसे में नितिन सीधे सरकार के मुखिया, मंत्री, सांसद या विधायकों से सवाल-जवाब, संवाद आदि भले न करें, लेकिन फीडबैक नहीं लेंगे, यह नहीं कहा जा सकता। वह सरकार की नब्ज टटोलने के साथ ही दिल्ली में फीडबैक जरूर देंगे। इसे लेकर संगठन और सरकार में बेचैनी महसूस हो रही है।

इधर, कांग्रेस की तैयारी को भी भाजपा सरकार की गलतियों का बोनस मिलता रहा है। राहुल गांधी छात्रों से संवाद के लिए इंदौर आ रहे हैं। उनका लक्ष्य जेन-जी से देशभर में जुड़ाव को मजबूत करना है, जिसमें मध्य प्रदेश में उन्हें सरकार की कमजोरियां उजागर करने का भरपूर मौका मिल सकता है। कांग्रेस राहुल के दौरे को अगले तीन साल की चुनावी तैयारी की शुरुआत के तौर पर ले रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लिए कांग्रेस से निपटना उन मोर्चों पर भी कठिन हो रहा है, जो सरकार की नाकामी दर्शाते हैं। मसलन, बालाघाट में बैगा बच्चों की मौत, छिंदवाड़ा का सीरप कांड या बीते दिनों सागर में जहरीली शराब से हुई मौतें। इन मामलों को कांग्रेस जोरदार तरीके से उठाएगी। अब भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है कि ऐसे मामलों के होते हुए जेन-जी को साथ लेकर आगे वह कैसे बढ़ेगी?

हिमाचल प्रदेश डायरी



दविंद्र सिंह गुलेरिया
davinder@drm.jagran.com

# तनाव में बेरोजगार, दबाव में सरकार

**सरकारी नौकरी की चाहत आजकल अधिकांश लोगों की है, लेकिन सभी को यह दे पाना संभव नहीं है। फिर भी, सरकारें यदि रिक्त पदों को भर दें तो इससे बेरोजगारों को काफी हद तक राहत मिल सकती है**

पहले नीति आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा। रिपोर्ट के अनुसार देश के 8.7 करोड़ युवा न तो पढ़ाई कर रहे हैं और न ही उनके पास नौकरी है। इन्हें नाट इन एजुकेशन, एंप्लायमेंट एंड ट्रेनिंग (एनईईटी) श्रेणी में रखा गया है। केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही ऐसे काम कर रहे हैं जो उनकी योग्यता के अनुरूप हैं। अधिकतर युवा कुछ वर्ष धक्के खाने के बाद परिवार की आर्थिक जरूरतों के कारण अपनी योग्यता से कम स्तर की नौकरी कर लेते हैं। कुछ युवा लंबे समय तक बेरोजगार रहते हैं और एनईईटी श्रेणी में चले जाते हैं। यह रिपोर्ट सरकारों के उस दावे को गलत साबित करती है, जिसमें कहा जाता है कि रोजगार कार्यालयों में दर्ज लाखों नाम केवल सरकारी नौकरी पाने के लिए होते हैं और इनमें अधिकतर युवा रोजगार पर लगे होते हैं। केंद्र सरकार के सिविल एंप्लायज के वेतन और भत्तों से जुड़ी विभागीय रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालयों और विभागों में 39,23,212 पदों में से 8,23,556 रिक्त हैं।

अब बात हिमाचल प्रदेश में रिक्त पदों की। हिमाचल सरकार ने अगस्त में हाई कोर्ट में पेश की रिपोर्ट में कहा है कि राज्य में 3,36,542 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 1,07,466 रिक्त हैं। इसके कुछ दिन बाद विधानसभा के मानसून सत्र में भी रिक्त पदों को लेकर रिपोर्ट पेश की गई। इसके अनुसार प्रदेश में 3,49,449 पद स्वीकृत हैं और 1,07,914 रिक्त हैं। हाई कोर्ट में पेश रिपोर्ट और विधानसभा में दी गई जानकारी में रिक्त पदों में 448 का अंतर है। कुल पदों का आंकड़ा भी मेल नहीं खाता। हाई कोर्ट में रिपोर्ट पहले पेश की है। यह नहीं कह सकते कि दस दिन में 448 कर्मचारी रिटायर हो गए। ये रिपोर्टें अगस्त के दूसरे और चौथे सप्ताह में पेश की गई हैं।

हिमाचल में बेरोजगारी की स्थिति देखें। वर्ष 2021 में पुलिस कांस्टेबल भर्ती में 1,334 पदों के लिए 1,87,311 आवेदन आए थे। वर्ष 2025 में 1,088 पदों के लिए लगभग 1.27 लाख युवाओं ने आवेदन किए। अभी चल रही पुलिस भर्ती प्रक्रिया में 1,088 पदों के लिए 98,719 आवेदन आ चुके हैं। जून में होमगार्ड भर्ती में 700 पदों के लिए लगभग 55 हजार अभ्यर्थी दावेदार थे। जून में ही हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक व परिचालक हड़ताल पर जाने के लिए अड़े थे। सरकार ने 1500 रुपये प्रतिदिन के मानदेय पर चालकों की अस्थायी भर्ती के आवेदन मांगे। एक दिन में 656 पदों के लिए नौ हजार चालक पहुंचे। प्रदेश में 80 हजार से एक लाख तक प्रशिक्षित बेरोजगार शिक्षक नौकरी के इंतजार में हैं। बेरोजगारों के आंकड़े पूरे देश में बढ़ रहे हैं। साल 2015 में रिक्त पदों की तुलना में अब आंकड़ा लगभग दोगुना हो गया है। बेरोजगारी के कारण शादियां समय पर नहीं हो पा रही हैं। जो मां-बाप बेटे व बेटी का ब्याह देखने के इंतजार में इस संसार से चले गए या जिन बेटों-बेटियों की 40-45 की उम्र तक भी शादी नहीं हो पाई। उनके परिवार दुआएं थोड़े ही न देंगे। बेरोजगारों के साथ उनके परिवार भी तनाव में हैं।

बेरोजगारी क्यों है। सरकारें नौकरी देना चाहती हैं। लेकिन सरकारों पर वेतन व पेंशन का इतना भार है कि नियमित भर्तियां कम कर पा रही हैं। पहले अनुबंध भर्ती नीति आई। फिर आउटसोर्स। स्थिति खराब हुई वेतन आयोगों की रिपोर्टों से। पिछले कुछ आयोगों की रिपोर्टों के बाद सरकारों पर इतनी देनदारी बढ़ गई है कि वे दबाव में हैं। कर्ज लेकर भी पूरा भुगतान नहीं कर पा रही हैं। वेतन आयोगों को चाहिए तो यह था कि वेतन-भत्ते बढ़ाने की सिफारिश करते समय यह भी ध्यान में रखते कि जो राज्य सरकारें इसकी अदायगी नहीं कर पाएंगी, उनके पास देनदारी का क्या विकल्प रहेगा।

हर किसी को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं। पर जो पद रिक्त हैं, उनको भर देंगे तो भी बेरोजगारों को बड़ी राहत मिलेगी। उम्मीद बनी रहेगी। जो भी भर्तियां हों, निश्चित शेड्यूल में हों। इनमें वर्षों समय न लगे। बेरोजगारी जैसे बड़े मुद्दे पर गंभीरता दिखाने की जरूरत है। हिमाचल में तीन सितंबर को संपन्न हुए विधानसभा सत्र में बेरोजगारी पर एक से अधिक दिन चर्चा हुई, लेकिन चर्चा आरोप-प्रत्यारोप पर जा पहुंची।


हिमाचल प्रदेश विधानसभा, शिमला। फाइल

मानसून सत्र में पेश की वित्त वर्ष 2024-25 की कैग रिपोर्ट से डराने वाली तस्वीर सामने आई है। रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियों का 86 प्रतिशत हिस्सा केवल वेतन, पेंशन और सब्सिडी पर खर्च हो रहा है। वेतन-पेंशन पर ही 70 प्रतिशत खर्च हो रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास और पूंजीगत निवेश के लिए केवल 14 प्रतिशत धनराशि ही बची। हिमाचल में तो अभी छठे वेतन आयोग से आगे नहीं बढ़ पाए। केंद्र सरकार ने आठवां वेतन आयोग गठित कर दिया है। जब आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होंगी, तब क्या स्थिति होगी। जरा, कल्पना कीजिए।

## आरबीआइ ने नीलामी से जुटाए 2.90 लाख करोड़ रुपये

मुंबई : आरबीआइ ने दो परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो नीलामियों के जरिये बुधवार को 2.90 लाख करोड़ रुपये की नकदी जुटाई। केंद्रीय बैंक को पहली नीलामी में 2.50 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 3,17,088 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं। हालांकि 5.24 प्रतिशत की 'कटआफ' दर और भारित औसत दर पर केवल 2,50,025 करोड़ रुपये स्वीकार किया गया। दूसरी नीलामी में केंद्रीय बैंक को कम प्रतिक्रिया मिली। (प्रेट्र)



नए भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की बढ़ी कीमतों और ग्लोबल बांड यील्ड में वृद्धि के बीच भारतीय इकोनमी के कमजोर होने के बजाय मजबूत बने रहने की संभावना ज्यादा है।
– वी. अनंत नागेश्वरन, मुख्य आर्थिक सलाहकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,336.45 | ▲ 332.63 | |
| निफ्टी | 23,217.60 | ▲ 99 | |
| सोना | प्रति दस ग्राम | ₹ 1,55,600 | ▲ ₹ 1,200 |
| चांदी | प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,42,000 | ▲ ₹ 7,400 |
| डालर | | ₹ 95.91 | ▲ ₹ 0.03 |
| क्रूड | प्रति बैरल | $ 107.8 | |

### एक नजर में

#### आरओडीटीईपी योजना आगे बढ़ाने के पक्ष में सरकार

नई दिल्ली : वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यातित उत्पादों पर शुल्क एवं करों की वापसी (आरओडीटीईपी) योजना को पांच साल बढ़ाने की मांग की है। यह योजना 30 सितंबर को समाप्त होने वाली है। मंत्रालय इस मुद्दे पर व्यय विभाग से चर्चा कर रहा है। वर्ष 2021 में शुरू इस योजना में निर्यातकों को मैन्युफैक्चरिंग और वितरण की प्रक्रिया में लगने वाले ऐसे कर और उपकर की वापसी का प्रविधान है, जिनकी केंद्र, राज्य या स्थानीय स्तर पर किसी अन्य तरह से प्रतिपूर्ति नहीं की जाती है। (प्रेट्र)

#### एअर इंडिया का घाटा 22,238.23 करोड़ हुआ

नई दिल्ली : कई मुश्किलों के बीच मार्च, 2026 को खत्म हुए वित्त वर्ष में एअर इंडिया का एकीकृत घाटा बढ़कर 22,238.23 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी समय में 10,858.83 करोड़ रुपये था। इस दौरान शुद्ध आय घटकर 71,869.94 करोड़ रुपये रह गई, जो 2024-25 में 78,635.61 करोड़ रुपये थी। एकीकृत आंकड़ों में एअर इंडिया एक्सप्रेस के वित्तीय परिणाम भी शामिल हैं। पिछले वित्त वर्ष में कुल खर्च बढ़कर 93,733.31 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 89,317.12 करोड़ रुपये था। (प्रेट्र)

#### चांदी 7,400 तो सोना 1,200 रुपये महंगा हुआ

नई दिल्ली : तीन लगातार सत्रों में गिरावट के बाद बुधवार को सोना 1,200 रुपये बढ़कर 1,55,600 रुपये प्रति ग्राम पर पहुंच गया। चांदी भी लगातार दो सत्रों में स्थिर रहने के बाद वापस उछली और 7,400 रुपये बढ़कर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने की कीमतों में तेजी आई, क्योंकि तीन सत्रों की गिरावट के बाद ट्रेडर्स ने मोलभाव वाली खरीदारी की। गांधी ने कहा कि क्रूड की कीमतों में गिरावट से बुलियन के प्रति धारणा बेहतर हुई है। (प्रेट्र)

## तीन लाख तक के ई-कामर्स निर्यात के लिए पंजीकरण और सर्टिफिकेट अब जरूरी नहीं

### केंद्र ने नियमों में किया संशोधन, छोटी कंपनियां अब आसानी से कर सकेंगी निर्यात

जगरण ब्यूरो, नई दिल्ली : तीन लाख रुपये तक के ई-कामर्स निर्यात पर अब कंपनियों को सरकार के पास न तो कोई रजिस्ट्रेशन करना होगा और न ही कोई सर्टिफिकेट लेना होगा। अभी निर्यात करने के लिए कंपनी को विदेश व्यापार महानिदेशालय में पंजीयन कराना होता और सर्टिफिकेट भी लेना होता है।

विदेश व्यापार महानिदेशक लव अग्रवाल ने बताया कि सरकार के इस फैसले से छोटी कंपनियां खासकर स्टार्टअप आसानी से निर्यात कर सकेंगी। अभी छोटी कंपनियां इसलिए भी निर्यात नहीं कर पाती है क्योंकि उन्हें इस काम से पहले पंजीयन कराने और सर्टिफिकेट लेना होता है। इस काम में छूट के फैसले से देश में 43 प्रतिशत एमएसएमई को इसका लाभ मिलेगा। घरेलू स्तर पर ई-कामर्स का कारोबार तेजी से फैल रहा है और अब सरकार ई-कामर्स के अंतरराष्ट्रीय बाजार में घरेलू कंपनियों को लाना चाहती है। अभी ई-कामर्स निर्यात में भारत की हिस्सेदारी पांच अरब डालर की है जबकि ई-कामर्स निर्यात का अंतरराष्ट्रीय कारोबार एक लाख करोड़ डालर का है जो अगले चार साल में दो लाख करोड़ डालर होगा। सरकार के फैसले से गारमेंट, लेदर आइटम, प्रोसेस्ड फूड, जेम्स और ज्वेलरी जैसे आइटम का ई-कामर्स निर्यात तेजी से बढ़ सकता है। तीन लाख तक के निर्यात को पंजीयन व सर्टिफिकेट लेने की छूट से कोई भी व्यक्ति डाकघर या कूरियर से अपने उत्पाद को विदेश में बेच सकते हैं। डाकघर पहले से डाक निर्यात सेवा केंद्र चला रहा है। एमएसएमई को ई-कामर्स निर्यात से जोड़ने के लिए दिल्ली, मुंबई व बंगलुरू जैसी जगहों पर ई-कामर्स एक्सपोर्ट हब का निर्माण किया जा रहा है। जहां एक ही जगह पर ई-कामर्स निर्यात से जुड़ी तमाम सुविधाएं होंगी।

**43** प्रतिशत एमएसएमई को मिलेगा इन नियमों में परिवर्तन का लाभ




#### एक्सपोर्ट हब से स्टार्टअप ई-कामर्स कर सकते हैं निर्यात

लव अग्रवाल ने बताया कि ई-कामर्स निर्यात को बढ़ाने के लिए 500 से अधिक जिलों में सुविधा विकसित की जा रही है। जिलास्तर पर बनने वाले एक्सपोर्ट हब के माध्यम से कोई भी स्टार्टअप ई-कामर्स निर्यात कर सकता है। इस संबंध में जिला प्रशासन से मदद ली जा सकती है। अग्रवाल ने बताया कि निर्यात के प्रोत्साहन के लिए सरकार लगातार नियमों को आसान बना रही है और आगे भी उद्यमियों के फीडबैक के आधार पर सरकार सभी प्रकार की सहूलियत देने के लिए तैयार है।

## न्यूजीलैंड की संसद ने भारत के साथ ट्रेड डील को दी मंजूरी

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को न्यूजीलैंड की संसद ने मंजूरी प्रदान कर दी है। 27 अप्रैल को दोनों देशों ने एफटीए पर हस्ताक्षर किए थे और इससे भारत के टेक्सटाइल, लेदर फुटवियर, और जेम्स व ज्वेलरी को वहां शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा, 'लोगों ने मुझसे कहा था कि भारत के साथ एफटीए मुमकिन नहीं है। खैर, आज उस समझौते पर संसद ने मंजूरी प्रदान कर दी। इसका मतलब है कि किवी लोगों के लिए ज्यादा नौकरियां और ज्यादा आय।' समझौते के अगले महीने से लागू होने की उम्मीद है। भारत में इस तरह के एफटीए के लिए कैबिनेट की मंजूरी पर्याप्त है। किसी भी देश के साथ ट्रेड डील में यह दूसरी बार है जब उसने विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। न्यूजीलैंड ने 15 सालों में 20 अरब डालर निवेश का आश्वासन दिया है।

## इलेक्ट्रिक दोपहिया चार्जिंग में आगे
## चौपहिया वाहनों की ऊर्जा खपत ज्यादा




**78.1%** है चार्जिंग गतिविधियों में दोपहिया की हिस्सेदारी

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन चार्जिंग गतिविधियों में सबसे आगे हैं, जबकि चार पहिया वाहन कुल खपत होने वाली ऊर्जा का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल करते हैं। एक रिपोर्ट से पता चलता है कि चार्जिंग बुनियादी ढांचे को वाहनों की संख्या और उनकी ऊर्जा जरूरत दोनों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए।

**67.3%** कुल ऊर्जा का इस्तेमाल चार पहिया वाहनों ने किया

**16%** रही चार्जिंग में चार पहिया की हिस्सेदारी

ईवी चार्जिंग नेटवर्क संचालक 'बोल्ट.अर्थ' की 'स्टेट आफ चार्ज' रिपोर्ट के अनुसार, छह प्रमुख महानगरों में चालू वित्त वर्ष में अब तक हुई चार्जिंग गतिविधियों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 78.1 प्रतिशत रही है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 71.6 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, चार पहिया वाहनों की चार्जिंग गतिविधियों में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत रही, लेकिन उन्होंने कुल खपत होने वाली ऊर्जा का 67.3 प्रतिशत इस्तेमाल किया। वित्त वर्ष 2024-25 में यह हिस्सेदारी 58.1 प्रतिशत थी।

#### चार्जिंग गतिविधियों में बेंगलुरु सबसे बड़ा बाजार



रिपोर्ट में बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और कोच्चि में पिछले दो वित्त वर्षों और चालू वित्त वर्ष में अब तक के आंकड़ों को शामिल किया गया है। बेंगलुरु 1,90,954 चार्जिंग गतिविधियों और 5,26,990 किलोवाट-घंटे ऊर्जा खपत के साथ सबसे बड़ा बाजार है, जबकि हैदराबाद और कोच्चि में महानगरों के बीच वृद्धि सबसे तेज है।

#### दिल्ली में चार्जिंग ढांचे का कम इस्तेमाल

रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में चार्जिंग बुनियादी ढांचे का अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल हो रहा है। वहीं, विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश), राजामहेंद्रवरम (आंध्रप्रदेश) और तिरुवनंतपुरम (केरल) जैसे उभरते मझोले और छोटे (दूसरी और तीसरी श्रेणी) शहरों में मांग तेजी से बढ़ रही है। ये सभी मार्केट मिलकर ईवी चार्जिंग फुटप्रिंट की ओर इशारा करते हैं जो देश के सबसे बड़े शहरी सेंटर से आगे तेजी से बढ़ रहा है।



भारत के इलेक्ट्रिक वाहनों की कहानी अक्सर बिक्री आंकड़ों से बताई जाती है, लेकिन चार्जिंग आंकड़े दिखाते हैं कि गाड़ियों का असल में इस्तेमाल कैसे होता है। इस रिपोर्ट से यह साफ पता चलता है कि दोपहिया और चार पहिया वाहनों की मांग किस तरह की है। दोपहिया को बड़े, बार-बार आने वाले, आसानी से पहुंचने लायक चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत है, जबकि चार पहिया वाहनों को हर बार काफी ज्यादा ऊर्जा क्षमता की जरूरत होती है।
**नितिन टीएस**, मार्केटिंग हेड, बोल्ट.अर्थ

(इनपुट : प्रेट्र)

## एनएसई ने एंकर निवेशकों से जुटाए 6,746 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, प्रेट्र : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को एंकर निवेशकों से 6,746.18 करोड़ रुपये जुटाए। एंकर निवेशकों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी), गोल्डमैन सैक्श और फिडेलिटी समेत कई बड़े संस्थागत निवेशक शामिल हैं। एनएसई में 10.72 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सबसे बड़ी शेयरधारक एलआइसी ने तीन इकाइयों एलआइसी, एलआइसी म्यूचुअल फंड और एलआइसी पेंशन फंड के जरिये 500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया।

कंपनी का बहुप्रतीक्षित आइपीओ खुदरा निवेशकों के लिए गुरुवार को खुलेगा। यह निर्गम पूरी तरह मौजूदा शेयरधारकों की ओर से बिक्री पेशकश पर आधारित है। इसमें मौजूदा शेयरधारक 12.64 करोड़ तक इक्विटी शेयर बेचेंगे। एनएसई के 24 सितंबर को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। एनएसई ने 150 एंकर निवेशकों को 1,785 रुपये प्रति शेयर की दर से 3.77 करोड़ से अधिक शेयर आवंटित किए। यह उसके आइपीओ मूल्य दायरे की ऊपरी सीमा है। इससे एंकर निवेश का कुल आकार 6,746.2 करोड़ रुपये रहा। एफपीआइ की एंकर बुक में 43 प्रतिशत हिस्सेदारी रही और उन्होंने 2,883 करोड़ का निवेश किया।




एलआइसी ने अपनी तीन इकाईयों के जरिये 500 करोड़ रुपये का निवेश किया, खुदरा निवेशकों के लिए आज खुलेगा आइपीओ

## सोने का हालमार्किंग शुल्क बढ़ाकर 75 रुपये किया बीआइएस ने

मुंबई, प्रेट्र : भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) ने त्योहारों से पहले सोने के आभूषण का हालमार्किंग शुल्क बढ़ाकर 75 रुपये कर दिया है। हालांकि, एक खेप के लिए न्यूनतम शुल्क 200 रुपये होगा। वहीं चांदी के लिए यह शुल्क 35 रुपये पर बरकरार रखा गया है और एक खेप के लिए न्यूनतम शुल्क 150 रुपये होगा। यह शुल्क तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अब तक सोने के आभूषण पर हालमार्क का निशान लगाने का शुल्क 45 रुपये था।

बीआइएस हालमार्किंग आभूषणों में इस्तेमाल की गई बहुमूल्य धातु की शुद्धता की पुष्टि करती है। बीआइएस के तहत प्रमाणित आभूषण पर तीन प्रमुख निशान- बीआइएस का लोगो, कैरेट और छह अंक का अल्फान्यूमेरिक कोड होते हैं। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि अनुपालन की लागत में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी बहुत ज्यादा है।

## क्षेत्रीय हितों से ऊपर उठकर हो टैक्स नीति पर बातचीत

बेंगलुरु, प्रेट्र : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि कर नीति पर चर्चा करते समय क्षेत्रीय हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसमें एक ऐसा सिस्टम बनाना शामिल है जो निष्पक्ष, अनुमानित और निवेश और नवाचार के लिए मददगार हो। सीतारमण यहां 'इंटरनेशनल टैक्स रिसर्च एंड एनालिसिस फाउंडेशन' द्वारा 'न्यू एज टैक्सेशन' विषय पर आयोजित आठवें अंतरराष्ट्रीय कर सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।

सीतारमण ने कहा कि सरकार ने टीडीएस और टीसीएस से संबंधित प्रविधानों को जानबूझकर तर्कसंगत बनाया, सीमा बढ़ाई तथा अनावश्यक आपराधिक प्रावधानों को कम किया है। वित्त मंत्री ने कर नीति से जुड़ी चर्चाओं में भारत की व्यापक आर्थिक एवं विकास संबंधी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखने की जरूरत पर जोर दिया। ये चर्चाएं केवल व्यक्तिगत क्षेत्रों या पेशेवर हितों से प्रेरित नहीं होनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कराधान के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने मारीशस, सिंगापुर और साइप्रस के साथ अपने कर समझौतों पर फिर से बातचीत की, ताकि स्रोत पर पूंजीगत लाभ पर कर लगाने का अपना अधिकार बहाल किया जा सके। सीतारमण ने कहा कि भारत को वृद्धि और विकास की राह में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन मुश्किल वैश्विक माहौल के बावजूद वह बेहतर स्थिति में है।



निर्मला सीतारमण

---

## राष्ट्रीय फलक

## गुजरात में सरकारी प्रतीकों और संस्था के नाम के दुरुपयोग पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, जागरण • अहमदाबाद : गुजरात में निजी संस्थाओं, ट्रस्ट व व्यावसायिक फर्मों द्वारा केंद्र सरकार की पूर्व लिखित मंजूरी के बिना अपने नाम में ब्यूरो, कमीशन, मंत्रालय, सेंटर, आल इंडिया, नेशनल जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। यदि कोई कंपनी या संस्था इन शब्दों का उपयोग करना चाहती है, तो उसे अपने नाम के साथ यह उल्लेख करना होगा कि वह निजी उपक्रम है और उसका सरकार से कोई संबंध नहीं है। व्यावसायिक लाभ के लिए सरकारी नाम, पदों व राष्ट्रीय प्रतीकों का दुरुपयोग करने वाली निजी संस्थाओं और गैर-सरकारी संगठनों के खिलाफ गुजरात सरकार ने अभियान शुरू किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी विभागों, कार्यालयों और सक्षम पंजीकरण अधिकारियों को 'प्रतीकों और नामों (अनुचित उपयोग निवारण) अधिनियम, 1950' के प्रविधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले फर्जी काल सेंटरों पर ईडी की रेड, पटियाला में 18 घंटे की जांच

रोहित कुमार • जागरण

- पटियाला में दो और पुणे में एक फर्जी काल सेंटर मिला, करीब 220 लोग कर रहे थे काम
- मोहाली में मास्टरमाइंड से जुड़े ठिकाने पर तलाशी, 66 मोबाइल और 13 लैपटाप जब्त
- विदेश में हुई 300 करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन की कड़ी खंगाल रही ईडी



पटियाला में फर्जी काल सेंटर पर रेड के बाद लौटते ईडी के अधिकारी। वीडियो ग्रैब

चंडीगढ़ : अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले फर्जी काल सेंटरों पर बुधवार को ईडी ने पंजाब के पटियाला, मोहाली और महाराष्ट्र के पुणे में बड़ी कार्रवाई की। पंजाब में मंगलवार रात मोहाली के सेक्टर-82 में किराये की कोठी पर रेड की गई। यहां पता चला कि इस कोठी की मालकिन का भाई पटियाला में दो काल सेंटर चला रहा है। इसके बाद पटियाला के दोनों काल सेंटर पर एक साथ रेड की गई। दोनों काल सेंटर मोहाली की कोठी से ही संचालित हो रहे थे। यहां करीब 18 घंटे तक जांच चली। पटियाला में दो और पुणे में एक काल सेंटर संचालित मिले, जहां करीब 220 लोग काम कर रहे थे। ईडी की टीम ने तलाशी में 66 मोबाइल और 13 लैपटाप समेत अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं। इसके साथ ही नकदी और विभिन्न रिकार्ड भी कब्जे में लिए गए।

ईडी को 300 करोड़ रुपये की ट्रांजेक्शन विदेश में करने का इनपुट मिला है। पटियाला में दोनों काल सेंटर पाश इलाके अर्बन एस्टेट में एक शोरूम और भूतनाथ मंदिर के नजदीक एक बिल्डिंग में डीएम वेब साल्यूशंस नामक कार्यालय में चल रहे थे। मंगलवार रात नौ बजे शुरू हुई ईडी की जांच बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे तक जारी रही। मोहाली में जिस कोठी में ईडी की कार्रवाई हुई, उसमें एक परिवार पिछले करीब तीन साल से किराये पर रह रहा है। पड़ोसियों का कहना है कि परिवार के सदस्यों के कामकाज और कारोबार के बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है।

**ऐसे चल रहा था ठगी का नेटवर्क:** ईडी के अनुसार, सिंडिकेट अमेरिकी नागरिकों का डाटा, डाटा सप्लायरों और काल-ब्लास्ट वेंडरों से हासिल करता था। इसके बाद लोगों को बड़े पैमाने पर स्पैम ईमेल भेजे जाते थे, जिनमें ऐसी समस्याओं का जिक्र किया जाता था, जो वास्तव में मौजूद नहीं होती थीं। समस्या के समाधान के नाम पर ईमेल में एक टोल-फ्री नंबर दिया जाता था।

## 'भारत उभरती प्रौद्योगिकियों के अग्रणी देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखे'

- पीएम मोदी ने कहा, उद्योग और सरकार मिलकर बढ़ाएं कदम



नरेन्द्र मोदी। फाइल

प्रधानमंत्री ने प्रमुख सीईओ के साथ सेमीकंडक्टर पर बैठक की

नई दिल्ली, प्रेट्र : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत को उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में शुरुआती अग्रणी देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग के लिए पूर्वानुमान योग्य और त्वरित प्रतिक्रिया देने वाला नीतिगत वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मोदी ने नई दिल्ली में प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सेमीकंडक्टर राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता करते हुए सरकार और उद्योग के बीच करीबी सहयोग को भारत के तकनीकी भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने भारत में उपलब्ध प्रतिभा, प्रौद्योगिकी को तेजी से अपनाने की क्षमता और बुनियादी ढांचे को मजबूत आधार बताया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), क्वांटम कंप्यूटिंग और अन्य उभरती तकनीकों में कौशल विकास तथा नवाचार के लिए उद्योग की अधिक भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और अब पारिस्थितिकी तंत्र बुनियादी प्रयासों से आगे बढ़कर बड़े पैमाने और नए अवसरों के चरण में प्रवेश कर रहा है।

मोदी ने उद्योग जगत से नीतिगत और प्रशासनिक उपायों पर सुझाव देने का आग्रह किया तथा कहा कि इन सुझावों पर आगे की नीतियां बनाते समय उचित विचार किया जाएगा। बैठक में शामिल सीईओ ने भारत की सेमीकंडक्टर क्षमताओं को विकसित करने के सरकार के प्रयासों की सराहना की।

## यात्रा से पहले टिप देने का विकल्प बंद करें कैब एग्रीगेटर

नई दिल्ली, प्रेट्र : उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने यात्रा बुक करने से पहले ही टिप देने के विकल्प को भ्रामक और अनुचित बताते हुए कैब एग्रीगेटर कंपनियों को ऐसी व्यवस्था बंद करने को कहा है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले ही केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अनुचित व्यापार गतिविधियों के लिए कैब एवं बाइक टैक्सी सेवा प्लेटफार्म रैपिडो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। इनमें यात्रा शुरू होने से पहले चालक को टिप देने का विकल्प भी शामिल था।

खरे ने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को कैब एग्रीगेटरों के खिलाफ बड़ी संख्या में शिकायतें मिली हैं। मुख्य शिकायत यह थी कि यात्रा शुरू होने से पहले ही उन्हें टिप देने का विकल्प दिया जा रहा था। उपभोक्ताओं पर यह दबाव भी बनाया जा रहा था कि अगर वे टिप नहीं देंगे तो उन्हें यात्रा नहीं मिलेगी।

## ईवी अपनाने में दिल्ली फिर शीर्ष पर, महाराष्ट्र-कर्नाटक शीर्ष तीन में

- बड़े राज्यों में महाराष्ट्र और कर्नाटक का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा

नई दिल्ली, प्रेट्र : दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को अपनाने के मामले में सभी राज्यों के बीच शीर्ष स्थान पर है। नीति आयोग की 'इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स 2025' रिपोर्ट में दिल्ली को 84 अंक मिले। इसमें महाराष्ट्र 78 अंक के साथ दूसरे, कर्नाटक 73 अंक के साथ तीसरे, चंडीगढ़ 71 अंक के साथ चौथे और गोवा 65 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

बड़े राज्यों में महाराष्ट्र और कर्नाटक का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जबकि पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों की श्रेणी में मणिपुर शीर्ष पर रहा। केंद्रशासित प्रदेशों और शहरी राज्यों में दिल्ली, चंडीगढ़ और गोवा ने अपने समकक्षों से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया। यह सूचकांक परिवहन के विद्युतीकरण, चार्जिंग बुनियादी ढांचे की तैयारी तथा ईवी अनुसंधान एवं नवाचार क्षेत्रों के आधार पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इलेक्ट्रिक परिवहन की प्रगति का आकलन करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, परिवहन सुविधाओं के विद्युतीकरण में दिल्ली, चंडीगढ़ और महाराष्ट्र शीर्ष प्रदर्शन वाली श्रेणी में रहे, जबकि 36 में से 14 राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश 'आकांक्षी' श्रेणी में हैं। चार्जिंग बुनियादी ढांचे की तैयारी में कर्नाटक 97 अंक के साथ देश में सबसे आगे रहा। वर्ष 2024 की तुलना में दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और चंडीगढ़ शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में बने रहे, जबकि मध्य प्रदेश की रैंकिंग 23वें स्थान से काफी सुधरकर सातवें स्थान पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में से 29 अब इलेक्ट्रिक वाहन नीतियां अधिसूचित कर चुके हैं। पिछले एक साल में सूचकांक का सर्वोच्च स्कोर 77 से बढ़कर 84 और मध्य स्कोर 36 से बढ़कर 40 हुआ है।

## इससे पूर्व 2014 में वेतन सीमा में हुआ था संशोधन

प्रथम पृष्ठ से आगे

इससे पहले 2014 में इसमें संशोधन हुआ था और ईपीएफओ वेतन की सीमा बढ़ाकर 15 हजार रुपये महीना की गई थी। सरकार ने इस वास्तविकता को स्वीकारा है कि बीते एक दशक में वेतन में लगातार वृद्धि, बढ़ती आय व संगठित क्षेत्र के रोजगार विस्तार को ध्यान में रखते हुए वेतन सीमा बढ़ाना जरूरी है। अश्विनी वैष्णव के अनुसार, सरकार इस मद में वर्तमान में सालाना बजट में 10250 करोड़ का योगदान करती है जो ताजा फैसले के बाद बढ़कर 11339 करोड़ रुपये प्रति वर्ष हो जाएगा।

श्रम मंत्रालय के अनुसार, करीब 7.68 लाख अंशदान करने वाले संस्थानों में कार्यरत 7.98 करोड़ कर्मी ईपीएफओ के सदस्य हैं। वेतन सीमा बढ़ाए जाने के बाद इसमें अनुमानित 51 लाख कर्मचारियों के और जुड़ने को देखते हुए ईपीएफ सदस्यों का आंकड़ा निकट भविष्य में करीब 8.50 करोड़ हो जाएगा। ईपीएफ की ईपीएस योजना के तहत वर्तमान में 82 लाख रिटायर कर्मचारियों को पेंशन की सुरक्षा है। हालांकि न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी के मुद्दे पर सरकार ने अभी तस्वीर साफ नहीं की है। सरकार ने ईपीएफओ की वेतन सीमा बढ़ाए जाने को तार्किक बताते हुए कहा कि यह बढ़ोतरी सुनिश्चित करती है कि सामाजिक सुरक्षा का ढांचा भी प्रगति के साथ कदम से कदम मिलाकर चले और संगठित क्षेत्र रोजगार में ज्यादा से ज़्यादा श्रमिकों को कानूनी सामाजिक सुरक्षा मिले और यह मंज़ूरी एक समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार सामाजिक सुरक्षा ढांचा बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

**फैसले का कर्मचारियों पर यह होगा असर** : इस फैसले का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा नौकरीपेशा लोगों को ईपीएफ और पेंशन योजना के दायरे में लाना है। मौजूदा नियमों के अनुसार, अब तक 15 हजार रुपये तक बेसिक सैलरी वाले कर्मियों के लिए ही पीएफ खाते में योगदान करना अनिवार्य था। इससे अधिक बेसिक सैलरी वालों के लिए यह नियम स्वैच्छिक होता है। अब 25 हजार रुपये तक मासिक बेसिक सैलरी पाने वाले लाखों अतिरिक्त कर्मयों के लिए पीएफ कटना अनिवार्य होगा और उन्हें भविष्य निधि, मुफ्त जीवन बीमा व पेंशन का लाभ मिल सकेगा।

#### सरकार ने फैसले का यह कारण बताया

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनसुख मांडविया ने कहा कि कई राज्यों में न्यूनतम मजदूरी भी 15 हजार रुपये मासिक के स्तर को पार कर चुकी है। इस समय निजी क्षेत्र में कर्मचारियों का औसत वेतन 23 हजार रुपये प्रति माह है। ऐसे में ईपीएफओ वेतन सीमा को बढ़ाकर 25 हजार रुपये किया जाना उचित है। केंद्र सरकार के इस कदम के बाद अब 15001 रुपये से 25000 रुपये प्रति महीने कमाने वाले निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की एक बड़ी संख्या जो ईपीएफ के दायरे में नहीं थी, वह अब कानूनी सामाजिक सुरक्षा फ्रेमवर्क के दायरे में आ जाएगी।

## कंपनी ने बीएसई और एनएसई को दी प्रतिबंध लगने की जानकारी

प्रथम पृष्ठ से आग

पीएनसी द्वारा 14 सितंबर 2026 को सेबी रेगुलेशन के तहत बीएसई और एनएसई को सूचना दी गई कि एनएचएआइ ने 11 सितंबर 2026 को उसकी सहयोगी कंपनी अवध एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिबंध को पीएनसी इन्फ्राटेक तक विस्तारित करते हुए तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ज्ञात हो, इस कार्रवाई से पीएनसी के शेयरों में 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

**अभी और पड़ सकती है वित्तीय मार** : शुरुआत में कंपनी को कारण बताओ नोटिस और इंजीनियरों पर कार्रवाई के साथ ही एनएचएआइ ने पूरे एक्सप्रेस-वे पर टोल वसूली पर रोक लगाने का भी निर्णय लिया। इसके कारण अनुमानित प्रतिदिन करीब 42 लाख रुपये के हिसाब से टोल शुल्क की भरपाई कंपनी द्वारा एनएचएआइ को की जाएगी। जांच के लिए प्राधिकरण ने आइआइटी खड़गपुर की टीम को जिम्मा सौंपा था। विशेषज्ञों ने जांच रिपोर्ट तैयार कर एनएचएआइ को सौंप दी है। प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी तक सड़क धंसने, एलिवेटेड रोड के स्लैब से सीमेंट गिरने जैसी खामियां सामने आ चुकी हैं। इसी आधार पर तीन साल के प्रतिबंध की कार्रवाई की गई है। कहा, अभी जांच रिपोर्ट के निष्कर्ष सामने आने के बाद तकनीकी विशेषज्ञ बताएंगे कि एक्सप्रेसवे की री-सरफेसिंग की जरूरत पड़ेगी या मरम्मत से ही काम चल जाएगा।

पीएनसी की सहयोगी कंपनी अवध एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर अमित कुमार ने लिखित बयान में कहा कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आठ से 10 स्थानों पर पांच मीटर से 15 मीटर तक बीच-बीच में रोड पर दिक्कत आई थी। इसे निर्माणदायी संस्था अवध एक्सप्रेसवे द्वारा ठीक करा दिया है। बचे हुए कार्य को बरसात बंद होने के बाद ठीक कर दिया जाएगा।

कल्पमेधा

*किसी व्यक्ति के भीतर व्यावहारिक ज्ञान का होना उसके शिक्षित होने से हजार गुना बेहतर है।*
*- राबर्ट जी इंगेर्सोल*

# समानता का सिरा

किसी भी समाज में लैंगिक समानता विकास का महत्त्वपूर्ण आधार होती है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, राजनीतिक भागीदारी और आर्थिक अवसरों में पुरुषों के समान अवसर मिलना केवल सामाजिक न्याय का विषय नहीं, बल्कि यह देश की आर्थिक प्रगति से भी जुड़ा है। इसके बावजूद भारत लैंगिक समानता के मामले में अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। विश्व आर्थिक मंच की ओर से बुधवार को जारी वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक-2026 में भारत 131वें स्थान पर बरकरार रहा। कुल 145 देशों की सूची में भारत से नीचे केवल 14 देश हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के मुकाबले भारत की स्थिति में अभी सुधार की कितनी गुंजाइश है। अहम सवाल यह है जब भारत की गिनती दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में हो रही है, तो लैंगिक समानता की कतार में वह पीछे क्यों खड़ा है? विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि समाज में संसाधनों और सुविधाओं के बंटवारे में संतुलन तथा व्यवस्था में समान भागीदारी सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

सूचकांक की रिपोर्ट में कहा गया है कि लैंगिक समानता की दिशा में भारत की प्रगति 64.5 फीसद रही, लेकिन यह वैश्विक औसत से कम है। हालांकि, पिछले साल की तुलना में अंकों में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन देश की वैश्विक रैंकिंग पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। कुल मिलाकर वर्ष 2006 के बाद से भारत में लैंगिक समानता में 4.3 फीसद अंकों की बढ़ोतरी हुई है। भारत की स्थिति को समझने के लिए यह देखना भी जरूरी है कि समस्या केवल महिलाओं की शिक्षा तक सीमित नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में देश ने प्रगति की है, लेकिन शिक्षा और रोजगार के बीच अभी भी बड़ा अंतर है। आर्थिक भागीदारी एवं अवसर उप सूचकांक में भारत को समानता के मामले में 41.2 फीसद अंक मिले हैं। पिछले सूचकांक की तुलना में इसमें 0.5 फीसद का सुधार हुआ है, लेकिन वर्ष 2013 में मिले सबसे अच्छे परिणाम से यह 3.5 फीसद अंक कम है।

देश में सबसे बड़ी चुनौती महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की है। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं घरेलू जिम्मेदारियों के कारण रोजगार से बाहर रह जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो महिलाओं का काम अक्सर कृषि और पारिवारिक गतिविधियों तक सीमित रहता है, जिसका पूरा आर्थिक मूल्य भी उन्हें नहीं मिल पाता। एक और समस्या आय का अंतर है। समान स्तर के काम के बावजूद महिलाओं की औसत आय पुरुषों की तुलना में कम रहने की समस्या अब भी बनी हुई है। इसका अर्थ है कि शिक्षा हासिल करने के बावजूद महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और संसाधनों तक समान पहुंच अभी नहीं मिली है। रिपोर्ट में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि भारत में पिछले दो दशकों में श्रमिक कार्यबल में भागीदारी की समानता में मामूली सुधार हुआ है और वर्ष 2026 में यह 44.1 फीसद रहा। महिलाओं के लिए नेतृत्व के अवसरों का अभाव भी एक बड़ी समस्या है। जो महिलाएं शिक्षा और पेशेवर क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं, शीर्ष पदों पर उनकी तैनाती बहुत कम हो पाती है। इसलिए जरूरी है कि उन सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को दूर किया जाए, जिनके कारण यह अंतर बना हुआ है।

# राहत की उम्मीद

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और मनमाने फैसले पर संघीय अदालत ने फिलहाल रोक लगा दी है। यह अदालती आदेश नियमों के लागू होने से ठीक एक दिन पहले आया है। ट्रंप प्रशासन विदेशी छात्रों, शोधार्थियों और पत्रकारों के अमेरिका में रहने की अवधि सीमित करना चाहता था। मगर अदालत ने सरकार के तर्कों को बेहद कमजोर बताकर खारिज कर दिया। यह फैसला भारतीय संदर्भ में भी खास है, क्योंकि इससे साढ़े तीन लाख से अधिक उन भारतीय विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, जो अमेरिका में अध्ययन कर रहे हैं। सवाल यह है कि एक तरफ अमेरिका दुनिया की प्रतिभाओं को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करना चाहता है और दूसरी ओर छात्र वीजा को लेकर कड़े प्रावधान लागू करने में जुटा है! इन प्रयासों में इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता कि अमेरिका में जो विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनके भविष्य का क्या होगा।

इससे पहले अमेरिका ने भारत समेत कई देशों पर भारी-भरकम शुल्क लगाया था, जिस पर बाद में वहां की सर्वोच्च अदालत ने रोक लगा दी थी। बीते जुलाई में ट्रंप प्रशासन ने जिस नियम को अंतिम रूप दिया था, उसमें छात्र और 'एक्सचेंज विजिटर वीजा' के लिए चार साल की समय-सीमा तय की गई थी। 'एक्सचेंज विजिटर वीजा' अमेरिका का एक प्रकार का गैर-आप्रवासी वीजा है, जो ऐसे लोगों को दिया जाता है, जो शैक्षणिक, सांस्कृतिक या पेशेवर कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका जाते हैं। सवाल यह नहीं कि वीजा व्यवस्था में दुरुपयोग रोकने के उपाय होने चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हर समस्या का समाधान दरवाजे संकरे करना ही है। जिस देश ने दुनिया भर की प्रतिभा को विश्वविद्यालयों और प्रयोगशालाओं से जोड़ा, वही यदि प्रशासनिक अनिश्चितता पैदा करेगा, तो उसका नुकसान केवल विदेशी छात्रों को ही नहीं, बल्कि अमेरिकी शिक्षा, शोध और अर्थव्यवस्था को भी होगा। अदालत ने भी चेताया है कि नए नियमों से व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरी है, लेकिन वह सार्वभौमिक बहाना नहीं हो सकती, जिसके सहारे सरकार हर कठोर कदम को उचित ठहरा दे।

# यूपीआइ शुल्क का असर और आशंकाएं



**दो हजार रुपए से अधिक के भुगतान पर शुल्क को लेकर कई आशंकाएं हैं। यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि इस डिजिटल व्यवस्था की लागत का बोझ वास्तव में अब किस पर पड़ेगा?**

**पीएस वोहरा**

अब तक आम धारणा यही रही कि यूपीआइ से भुगतान करना लगभग पूरी तरह निशुल्क है और यह व्यवस्था बनी रहेगी। मगर सरकार की नई व्यवस्था के बाद यह तस्वीर अब बदलने जा रही है। पंद्रह अक्तूबर 2026 से सभी व्यापारिक भुगतान पूरी तरह शुल्क मुक्त नहीं रहेंगे। हालांकि दो व्यक्तियों के बीच होने वाले भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा और दो हजार रुपए तक के व्यापारिक भुगतान भी शुल्क मुक्त रहेंगे, लेकिन दो हजार रुपए से अधिक के कुछ व्यापारिक भुगतानों पर शुल्क लागू होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह शुल्क ग्राहक से अलग से नहीं लिया जाएगा और इसे कर भी नहीं माना जाएगा। फिर भी इस फैसले ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि जिस यूपीआइ को देश में डिजिटल भुगतान की सबसे बड़ी सार्वजनिक आधारभूत व्यवस्था के रूप में खड़ा किया गया, उसकी लागत का बोझ अब किस तरह और किस पर पड़ेगा?

यूपीआइ उस बदलाव की कहानी है, जिसने भारत में भुगतान के तौर-तरीके को ही बदल दिया। अप्रैल 2016 में यूपीआइ की शुरुआत 21 बैंकों के साथ हुई थी। अगस्त 2016 में करीब नब्बे हजार रुपए के लेन-देन हुए। शुरुआत छोटी थी, लेकिन इसके बाद घटनाक्रम ने असाधारण गति पकड़ी। आठ नवंबर 2016 को पांच सौ और एक हजार रुपए के पुराने नोटों को चलन से बाहर करने की घोषणा हुई। इसके बाद नकदी की उपलब्धता अचानक सीमित हो गई और डिजिटल भुगतान के लिए एक विशाल नया बाजार तैयार हुआ। पेटीएम जैसे डिजिटल भुगतान मंचों ने इस दौर में तेज वृद्धि दर्ज की। उसने उस समय अपने लेन-देन और उपयोगकर्ताओं में कई गुना बढ़ोतरी के दावे किए। यह वही दौर था, जब डिजिटल भुगतान केवल सुविधा का विकल्प नहीं रहा, बल्कि रोजमर्रा के आर्थिक व्यवहार का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बनने लगा।

यूपीआइ ने इसके बाद लगातार नई ऊंचाइयां छुईं। अक्तूबर 2019 में एक अरब से अधिक लेन-देन का आंकड़ा पार हुआ। फरवरी 2020 में लेन-देन करीब 1.32 अरब तक पहुंच गए। फिर कोरोना महामारी और देशव्यापी बंद ने लोगों के भुगतान व्यवहार को एक और बड़ा मोड़ दिया। अप्रैल 2020 में भी यूपीआइ पर करीब एक अरब लेन-देन हुए। इसके बाद अक्तूबर 2020 में यह आंकड़ा दो अरब से ऊपर चला गया और दिसंबर 2020 में करीब 2.23 अरब लेन-देन दर्ज किए गए। वित्त वर्ष 2025 से 2026 में देश के कुल डिजिटल भुगतान लेन-देन में यूपीआइ की हिस्सेदारी करीब 84 फीसद तक पहुंच गई। जुलाई 2026 में ही यूपीआइ पर करीब 23.66 अरब लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य लगभग 29.88 लाख करोड़ रुपए रहा।

यूपीआइ उपभोक्ता के लिए अभी लगभग मुफ्त है, लेकिन इसे चलाना मुफ्त नहीं है। इसके पीछे सर्वर, तकनीकी ढांचा, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकने की व्यवस्था, बैंकिंग नेटवर्क, ग्राहक सहायता और लगातार बढ़ते लेन-देन को संभालने की क्षमता पर भारी खर्च होता है। संसदीय वित्त संबंधी समिति के सामने रखे गए आंकड़ों के अनुसार, यूपीआइ के संचालन की अनुमानित वार्षिक लागत करीब 20,700 करोड़ रुपए है, जबकि वित्त वर्ष




2026-27 के लिए सरकार ने करीब दो हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यूपीआइ का ढांचा भारत ने बनाया, लेकिन उसका सबसे बड़ा बाजार निजी कंपनियों के हाथ चला गया। फोन-पे और गूगल-पे मिल कर करीब अस्सी फीसद यूपीआइ लेन-देन संभालते हैं। फोन-पे में अमेरिकी कंपनी

> **यूपीआइ का ढांचा भारत ने बनाया, लेकिन उसका सबसे बड़ा बाजार निजी कंपनियों के हाथ चला गया। फोन-पे और गूगल-पे मिल कर करीब अस्सी फीसद यूपीआइ लेन-देन संभालते हैं। फोन-पे में अमेरिकी कंपनी वालमार्ट की बड़ी हिस्सेदारी है और गूगल-पे अमेरिकी कंपनी अल्फाबेट का हिस्सा है। दूसरी ओर, नोटबंदी के बाद तेजी से बढ़ा पेटीएम कुछ ही वर्षों में बड़े निजी डिजिटल भुगतान कारोबार में बदला और 2021 में अपना आइपीओ लाकर सूचीबद्ध कंपनी बन गया। सवाल है कि जब डिजिटल भुगतान का आधार भारत ने बनाया, तो उसका बड़ा कारोबारी लाभ निजी और विदेशी पूंजी वाली कंपनियों के हिस्से में क्यों गया? सरकार ने 'भीम' ऐप बनाया, लेकिन वह भी पीछे रह गया।**

वालमार्ट की बड़ी हिस्सेदारी है और गूगल-पे अमेरिकी कंपनी अल्फाबेट का हिस्सा है। दूसरी ओर, नोटबंदी के बाद तेजी से बढ़ा पेटीएम कुछ ही वर्षों में बड़े निजी डिजिटल भुगतान कारोबार में बदला और 2021 में अपना आइपीओ लाकर वह सूचीबद्ध कंपनी बन गया। सवाल है कि जब डिजिटल भुगतान का आधार भारत ने बनाया, तो उसका बड़ा कारोबारी लाभ निजी और विदेशी पूंजी वाली कंपनियों के हिस्से में क्यों गया? सरकार ने 'भीम' ऐप बनाया, सार्वजनिक बैंकों के पास करोड़ों ग्राहक थे और एसबीआइ ने 'योनो' जैसा मंच खड़ा किया, फिर भी वह पीछे रह गया। एसबीआइ के अध्यक्ष सीएस शेट्टी ने खुद स्वीकार किया कि बैंक डिजिटल भुगतान की दौड़ में पीछे छूट गया है। जब ढांचा अपना था, ग्राहक अपने थे और बैंक अपने थे, तो अपने मंच पीछे और निजी मंच आगे कैसे हो गए?

नई व्यवस्था में दो हजार रुपए तक के भुगतान और छोटे व्यापारियों के लिए शुल्क मुक्त व्यवस्था जारी रहेगी। सरकार के अनुसार, करीब 96 फीसद व्यापारिक लेन-देन इससे प्रभावित नहीं होंगे, लेकिन दो हजार रुपए से अधिक के कुछ निर्धारित व्यापारिक भुगतानों पर 0.4 फीसद शुल्क लगेगा, जिसमें 75,000 रुपए या उससे अधिक के भुगतान पर अधिकतम तीन सौ रुपए की सीमा होगी। कुछ निर्धारित क्षेत्रों में प्रति लेन-देन पांच रुपए तथा पूंजी बाजार से जुड़े भुगतान में 0.02 फीसद और अधिकतम तीन सौ रुपए तक का शुल्क प्रस्तावित है। व्यापारी यह शुल्क सीधे ग्राहक से अलग से नहीं वसूल सकते, लेकिन आर्थिक व्यवहार इतना सीधा नहीं होता। व्यापारी इस लागत को किसी दूसरी लागत में समायोजित कर सकता है या भविष्य में कीमतों को बदलने पर विचार कर सकता है।

हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि इससे महंगाई बढ़ेगी, लेकिन यह सवाल जरूर है कि लगातार बढ़ती डिजिटल भुगतान लागत का अंतिम आर्थिक भार आखिर किसके हिस्से में जाएगा। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या शुल्क लगने के बाद व्यापारी डिजिटल भुगतान को पहले जैसी सहजता से अपनाएंगे? यदि किसी भुगतान माध्यम को व्यापारी एक नियमित लागत के रूप में देखने लगे, तो क्या वे दूसरे भुगतान माध्यमों को प्राथमिकता देने की कोशिश नहीं करेगे? यही वह बिंदु है, जहां वर्ष 2016 की पूरी कहानी फिर सामने खड़ी हो जाती है। यूपीआइ ने ग्राहकों और व्यापारियों की अलग-अलग परेशानियों का एक ही समाधान दिया था। ग्राहक नकदी रखने की मजबूरी से बाहर आया और व्यापारी नकदी संभालने की मजबूरी से। ग्राहक के लिए खाते में मौजूद पैसा ही उसकी जेब बन गया और व्यापारी के लिए खाते में आने वाला भुगतान ही उसकी बिक्री की सुरक्षित प्राप्ति। एक रुपए से लेकर हजारों रुपए तक का लेन-देन कुछ ही क्षणों में पूरा होने लगा।

बैंकिंग शाखा, नकदी और खुले पैसों से जुड़ी अनेक रोजमर्रा की जटिलताएं पीछे छूट गईं, लेकिन अब पहली बार इस सहज व्यवस्था की लागत सामने आ रही है। डर यह नहीं कि ग्राहक से सीधे शुल्क लिया जाएगा। डर यह है कि व्यापारी के व्यवहार में बदलाव कहीं ग्राहक के व्यवहार को न बदल दे। बड़े कारोबारों के लिए यूपीआइ का महत्त्व छोटे व्यापारियों जैसा कभी नहीं रहा। उनका भुगतान तंत्र पहले से ही औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था पर आधारित है। वेतन और मजदूरी का भुगतान बैंक खातों के माध्यम से, आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान बैंक हस्तांतरण या चेक से और बड़े कारोबारी लेन-देन भी बैंकिंग प्रणाली के निर्धारित माध्यमों से होते हैं। उनके लिए भुगतान की व्यवस्था किसी एक त्वरित भुगतान माध्यम पर निर्भर नहीं है।

# असहमति का सम्मान

**रामानुज पाठक**

मनुष्य ने सभ्यता इसलिए नहीं बनाई कि सब एक जैसा सोचें। सभ्यता का अर्थ है कि अलग-अलग सोच वाले लोग एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाए बिना साथ रह सकें। मगर सभ्यता की इस लंबी यात्रा के बावजूद मनुष्य एक विकृत प्रवृत्ति से मुक्त नहीं हो पाया है। वह है- अपनी बात को विचार और दूसरे की बात को समस्या समझना। अपनी असहमति उसे स्वतंत्र चिंतन लगती है और दूसरे की असहमति अवज्ञा। ईर्ष्या और द्वेष की जड़ें इसी मानसिकता में छिपी हैं। यानी हम जो कहें- वह तुम सुनो, तुम जो कहो- उसे सुनना हमारी जिम्मेदारी नहीं।

विडंबना यह है कि अधिकांश लोग सार्वजनिक जीवन में लोकतंत्र चाहते हैं, लेकिन अपने निजी संसार में मनमर्जी से काम करना चाहते हैं। राष्ट्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहिए, लेकिन परिवार में नहीं। समाज में समानता चाहिए, पर अपने संबंधों में नहीं। हम चाहते हैं कि बच्चे हमारी बात सुनें, लेकिन उनकी बात सुनने का धैर्य नहीं रखते। दूरियां किसी एक बड़े विवाद से नहीं बनतीं। वे छोटे-छोटे अनसुने वाक्यों से बनती हैं। किसी ने कुछ कहा और हमने पूरा सुने बिना उत्तर दे दिया। किसी ने असहमति जताई और हमने उसके चरित्र का फैसला सुना दिया।

## दुनिया मेरे आगे

> **किसी भी सभ्यता का आधार एकरूपता नहीं, असहमति के साथ सह-अस्तित्व है। हम अक्सर अपनी बात को विचार और दूसरे की असहमति को अवज्ञा मानते हैं। सुनने की अक्षमता रिश्तों में दूरी, ईर्ष्या और द्वेष को जन्म देती है। संवाद का अर्थ केवल बोलना ही नहीं, समझना भी है।**

असली समस्या यह है कि हम सुनते हुए भी अपने भीतर बोलते रहते हैं। सामने वाला वाक्य पूरा नहीं करता और हमारे भीतर उत्तर तैयार हो जाता है। हम उसके शब्द नहीं सुन रहे होते, अपनी अगली प्रतिक्रिया लिख रहे होते हैं। मनुष्य को अपनी बात सही सिद्ध करने में कई बार अधिक आनंद आता है। वह बहस जीतकर लौटता है और मान लेता है कि संबंध भी जीत लिया। जबकि कई बार बहस में मिली विजय, संबंध में मिली पराजय होती है। आपने तर्क जीत लिया, लेकिन सामने वाले का मन खो दिया। यहीं से ईर्ष्या का दूसरा चेहरा सामने आता है। जब हम दूसरे की योग्यता स्वीकार नहीं कर पाते, तो उसकी उपलब्धि हमें अपनी कमी का आईना लगती है। वह आगे बढ़ता है और हमें लगता है कि हमारा स्थान पीछे हो गया।

ईर्ष्या का सुविधाजनक रास्ता है उपलब्धि की व्याख्या बदल देना। मेहनत को भाग्य कह दीजिए, प्रतिभा को संयोग, उपलब्धि को सिफारिश और सफलता को कृपा कह दो। इससे आत्मसम्मान सुरक्षित रहता है। मगर असल बात यह है कि यदि सामने वाला सचमुच योग्य है, तो हमें अपने भीतर झांकना पड़ेगा। द्वेष इसी मानसिक सुविधा का अगला चरण है। ईर्ष्या पूछती है, इसके पास क्यों है? द्वेष कहता है, इसके पास नहीं होना चाहिए। फिर व्यक्ति दूसरे को गिराने में वही संतोष खोजने लगता है, जो उसे स्वयं ऊपर उठने में मिलना चाहिए था। विडंबना यह भी है कि दूर की सफलता हमें प्रेरित करती है और पास की सफलता परेशान। किसी अनजान व्यक्ति की उपलब्धि पर हम कहते हैं, देश का नाम रोशन कर रहा है। वही उपलब्धि पड़ोसी हासिल कर ले, तो भीतर का आलोचक जाग जाता है, इतनी भी बड़ी बात नहीं है। परिवार में यही मनोविज्ञान रिश्तों को भीतर से खोखला करता है। प्रेम के नाम पर अधिकार, संरक्षण के नाम पर नियंत्रण और अनुशासन के नाम पर भय पैदा किया जाता है। सामने वाले को इतना अपना मान लेते हैं कि उसकी स्वतंत्रता भूल जाते हैं। संबंधों का यह सबसे विचित्र विरोधाभास है कि जिसे हम अपना कहते हैं, उसी को सबसे कम स्वतंत्रता देना चाहते हैं।

समाज में यही मानसिकता समूहवाद बन जाती है। हर समूह चाहता है कि उसकी आवाज सुनी जाए, लेकिन दूसरे की आवाज को शोर कहने में देर नहीं लगती। हर विचारधारा प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता चाहती है, मगर अपने भीतर प्रश्न उठाने वाले को संदेह की निगाह से देखती है। राष्ट्र का निर्माण केवल सीमाओं, संस्थाओं और कानूनों से नहीं होता, वह साझा मनोविज्ञान से भी बनता है। लोकतंत्र की असली परीक्षा तब नहीं होती, जब सब आप से सहमत हों। उसकी परीक्षा तब होती है, जब कोई असहमत होकर अपनी बात कह सके। सहमति में साथ चलना सुविधा है, असहमति में साथ रहना सभ्यता। हमें एक नया सामाजिक व्याकरण सीखना होगा, मैं सही हो सकता हूं, लेकिन केवल मैं ही सही हूं, यह जरूरी नहीं। किसी की बात सुन लेना उससे सहमत होना नहीं है। असहमति का सम्मान करना अपनी मान्यता छोड़ना नहीं है।

जिसे अपने विचार पर विश्वास होता है, वह प्रश्न से नहीं डरता। प्रश्न विचार का शत्रु नहीं, उसकी अग्निपरीक्षा है। इसलिए परिवार में बच्चा प्रश्न पूछे, तो उसे चुप कराने के बजाय सुनिए। समाज में कोई असहमत हो, तो पहले यह समझिए कि वह किस अनुभव से बोल रहा है। किसी की सफलता दिखाई दे, तो उसमें अपनी पराजय मत खोजिए। सबसे कठिन प्रश्न यही है, क्या मैं सचमुच संवाद कर रहा हूं या केवल अपनी बात की स्वीकृति मांग रहा हूं? क्योंकि संवाद का उद्देश्य सामने वाले को हराना नहीं, समझना है।

संबंध का उद्देश्य दूसरे को अपने जैसा बनाना नहीं, उसके अलग होने की जगह बनाना है। समाज का उद्देश्य समान विचार पैदा करना नहीं, भिन्न विचारों के बीच सह-अस्तित्व की संस्कृति बनाना है। ईर्ष्या और द्वेष की जड़ में अक्सर दूसरे की उपलब्धि नहीं, हमारी अपनी असुरक्षा होती है। दूरी की जड़ में अक्सर दूसरे का व्यवहार नहीं, हमारी सुनने की अक्षमता होती है। मनुष्य की सबसे बड़ी विजय दूसरे को चुप करा देना नहीं, बल्कि उसे स्वतंत्रता से बोलने देना और फिर भी अपने भीतर शांति बनाए रखना है। दूरी वहां से शुरू होती है, जहां हम कहते हैं कि मेरी बात सुनो। निकटता वहां से शुरू होती है, जहां हम पूछते हैं कि तुम क्या कहना चाहते हो?

## अभिव्यक्ति की शक्ति




कभी आंदोलनों की आवाज चौक-चौराहों से उठती थी, गलियों में गूंजती थी और सुर्खियों में आकर अपना विस्तार पाती थी। आज वही आवाज स्मार्टफोन की स्क्रीन से निकल कर कुछ ही क्षणों में लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। कभी किसी आंदोलन की सफलता के लिए जनसभाएं, पोस्टर-परचे और लंबी पदयात्राएं आवश्यक मानी जाती थीं। अब एक तस्वीर, एक वीडियो, एक 'हैशटैग' और कुछ प्रभावशाली शब्द जनमत की दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं। वहीं धरना स्थल और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया एक-दूसरे की शक्ति बन जाती हैं। भारतीय समाज में चौपाल सदियों से संवाद, विचार-विमर्श और सामूहिक निर्णय का केंद्र रही है। आज सोशल मीडिया उसी चौपाल का आधुनिक, विस्तृत और बहुस्तरीय रूप बनकर उभरा है। यहां गांव का युवा, महानगर का विद्यार्थी, प्रवासी नागरिक, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता और सामान्य नागरिक, सभी अपनी बात रख सकते हैं। सोशल मीडिया ने इस मामले में विकेंद्रीकरण किया है। अब एक साधारण नागरिक भी अपने अनुभव को सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बना सकता है।

*- प्रबल मिश्रा, दिल्ली*

## तकनीक की होड़

भारत में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2026 के समापन के बाद कृत्रिम मेधा (एआइ) क्षेत्र में वैश्विक शक्ति संतुलन का नया अध्याय शुरू हो गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सदस्य देशों के लिए चीन के नेतृत्व वाला 'ओपन-सोर्स एआइ इकोसिस्टम' प्रस्तावित किया, तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तुरंत जवाब दिया कि हम एआइ में चीन से आगे हैं। एआइ आधारित प्रौद्योगिकी को लेकर यह गोलबंदी बताती है कि आने वाले समय में तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई और तेज होने वाली है। चिप और डेटा पर नियंत्रण अब सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। अमेरिका निर्यात कूटनीति के जरिए अपनी बढ़त बनाए रखना चाहता है, जबकि चीन अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहा है। इस वैश्विक घमासान का असर न सिर्फ तकनीकी कंपनियों पर, बल्कि विकासशील देशों की डिजिटल संप्रभुता पर भी पड़ सकता है।

*- युगल किशोर राही, छपरा*

## जवाबदेही का संकट

'व्यवस्था पर सवाल' (संपादकीय, दस सितंबर) पढ़ा। दिल्ली के सत्य निकेतन में एक छात्रावास की इमारत ढहने से सात लोगों की मृत्यु केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि नागरिक सुरक्षा व्यवस्था पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। आज देश के छोटे-बड़े शहरों में जर्जर इमारतों, बिना अनुमति के संचालित पीजी आवासों और अवैध निर्माणों का संजाल निरंतर फैल रहा है। हर बड़े हादसे के बाद जांच के आदेश, कर्मचारियों का निलंबन और आर्थिक मुआवजे की घोषणा कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देने का यह ढर्रा अब बदलना चाहिए। नियम-कानून कागजों पर बहुत सख्त हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका पालन न होना प्रशासनिक शिथिलता और स्थानीय निकायों की लापरवाही की ओर संकेत करता है। इसका स्थायी समाधान हादसे के बाद जागने या नई नीतियां बनाने से नहीं, बल्कि कानूनी प्रावधानों को सख्ती से लागू करने से होगा।

*- मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी*

## स्वदेशी को बढ़ावा

देश में त्योहारों का दौर शुरू हो चुका है। इस दौरान हमें स्वदेशी वस्तुएं खरीदनी चाहिए, ताकि घरेलू और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सके। स्वदेशी हमारे देश के स्वाधीनता संग्राम का मूलमंत्र रहा है। महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन और स्वदेशी आंदोलन चला कर देश को आजाद कराने में मुख्य भूमिका निभाई थी। आज के परिदृश्य में चीन से मुकाबला करने में देश के नागरिक भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए उन्हें चीनी सामान पर निर्भरता कम करनी होगी। इनमें मुख्यतः खिलौने, इलेक्ट्रानिक सामान और चीनी मोबाइल ऐप इत्यादि शामिल हैं। स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से लघु और कुटीर उद्योगों को बल मिलेगा। हथकरघा उद्योग काफी लोगों के रोजगार का जरिया है। इसके उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा बेचने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

*- राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## चिंतन

# एमडीआर का बोझ तो ग्राहक पर ही पड़ेगा

यूपीआई लेनदेन पर अतिरिक्त लागत का सवाल केवल व्यापारियों की चिंता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर बाजार, कीमतों और अंततः आम ग्राहक की जेब पर ही पड़ने वाला है। यही वजह है कि मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर को लेकर उठी आशंकाओं को गंभीरता से समझने की जरूरत है। नियम चाहे कुछ भी कहें कि एमडीआर सीधे ग्राहक से नहीं वसूला जाएगा, लेकिन बाजार की हकीकत इससे अलग होती है। कारोबारी की लागत बढ़ती है तो वह उसे लंबे समय तक अपनी जेब से नहीं भरता। उसका असर किसी न किसी रूप में वस्तु की कीमत, छूट, मार्जिन या सेवा शुल्क में दिखाई देता है। व्यापारी या तो अपना मार्जिन घटाता है या ग्राहक को मिलने वाली छूट कम करता है। अंततः अतिरिक्त बोझ ग्राहक को भुगतना होता है। त्योहारी मौसम में इसका असर और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। इस समय बाजार में खरीदारी बढ़ती है और दो हजार रुपये से अधिक के भुगतान वाले लेनदेन भी सामान्य होते हैं। यदि ऐसे भुगतान व्यापारियों के लिए महंगे होते हैं तो वे लागत कम करने के लिए दूसरे विकल्प तलाशेंगे। दिल्ली के विभिन्न बाजार संगठनों से सामने आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि कुछ व्यापारी नकद भुगतान को बढ़ावा देने पर विचार कर रहे हैं। यह स्थिति डिजिटल इंडिया की उस दिशा के विपरीत होगी, जिसमें कम नकद और अधिक डिजिटल भुगतान की संस्कृति विकसित करने पर लगातार जोर दिया गया है। वहीं, सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि यह फैसला वापस नहीं लिया जाएगा। त्योहारी सीजन में यदि बड़ी संख्या में ग्राहक डिजिटल भुगतान के बजाय नकद का इस्तेमाल करने लगे तो बैंकों और एटीएम पर दबाव बढ़ेगा। पर्याप्त नकदी उपलब्ध नहीं हुई तो ग्राहकों को परेशानी होगी। बाजार में भुगतान का प्रवाह भी प्रभावित हो सकता है। सबसे बड़ी चिंता यह होगी कि कहीं ऐसी स्थिति डिजिटल भुगतान की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े न कर दे। जिस यूपीआई को सुविधा और भरोसे का पर्याय बनाया गया है, उसके इस्तेमाल में लागत का सवाल लोगों को फिर से नकद की ओर धकेल सकता है। व्यापारियों की परेशानी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कम मार्जिन पर काम करने वाले छोटे और मध्यम दुकानदारों के लिए हर लेनदेन पर लगने वाली छोटी लागत भी महीने और साल के हिसाब से बड़ा खर्च बन सकती है। व्यापारी पहले से कार्ड भुगतान और अन्य लेनदेन शुल्क की शिकायत करते रहे हैं। ऐसे में नई लागत को लेकर उनकी चिंता स्वाभाविक है। सरकार और भुगतान व्यवस्था से जुड़े संस्थानों के सामने चुनौती यही है कि डिजिटल भुगतान की रफ्तार भी बनी रहे और व्यापारियों पर अनावश्यक लागत का दबाव भी न पड़े। इसका समाधान ऐसा होना चाहिए, जिसमें ग्राहक, व्यापारी और डिजिटल भुगतान व्यवस्था तीनों के हितों का संतुलन हो। यदि भुगतान की लागत बढ़ती है और व्यापारी नकद की ओर लौटने लगते हैं तो इसका असर केवल दुकानदार तक सीमित नहीं रहेगा। कीमतों पर दबाव बढ़ेगा, ग्राहक की जेब प्रभावित होगी और डिजिटल अर्थव्यवस्था की गति भी धीमी पड़ सकती है। इसलिए एमडीआर को लेकर फैसला करते समय केवल शुल्क की वसूली नहीं, उसके पूरे बाजार प्रभाव को देखना होगा। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की नीति तभी सफल होगी, जब वह व्यापारी और ग्राहक दोनों के लिए सुविधाजनक और आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनी रहे।



पड़ोस
प्रो. डॉ. मनोज दयाल

# भारत-चीन साझेदारी का नया अध्याय

> एशिया की दो प्राचीन सभ्यताएं, दो सबसे बड़ी आबादी और दुनिया की दो सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं जब प्रतिद्वंद्विता की जगह सहयोग चुनती हैं, तो दुनिया को सुनना पड़ता है | आज वक्त की पुकार प्रतिद्वंदिता नहीं, कोलैबोरेशन है| पिछले एक दशक से भारत-चीन संबंधों को पश्चिमी मीडिया ने जानबूझकर 'प्रतिद्वंदिता' के फ्रेम में फिट किया। सीमा पर तनाव, व्यापार घाटा, और ग्लोबल साउथ में नेतृत्व की होड़ इन सबको इस तरह परोसा गया जैसे दोनों का टकराव तय है | यदि यह साझेदारी ईमानदारी से चली, व्यापार संतुलन सुधरा और सीमा पर शांति रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब भारत और चीन मिलकर दुनिया को बताएंगे कि युद्ध नहीं, बुद्ध ही भविष्य है |

जब वाशिंगटन टैरिफ की दीवारें खड़ी कर रहा हो, तब नई दिल्ली और बीजिंग के बीच पुल बनना केवल दो देशों की घटना नहीं, बल्कि विश्व व्यवस्था के बदलने का संकेत है। भारत और चीन के बीच हाल ही में बनी सार्थक सहमति इसी बदलाव का नाम है। यह सहमति महज एक कूटनीतिक दस्तावेज नहीं, बल्कि एशियाई शताब्दी का घोषणापत्र है।

एशिया की दो प्राचीन सभ्यताएं, दो सबसे बड़ी आबादी और दुनिया की दो सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं जब प्रतिद्वंद्विता की जगह सहयोग चुनती हैं, तो दुनिया को सुनना पड़ता है। आज वक्त की पुकार प्रतिद्वंदिता नहीं, कोलैबोरेशन है। पिछले एक दशक से भारत-चीन संबंधों को पश्चिमी मीडिया ने जानबूझकर 'प्रतिद्वंदिता' के फ्रेम में फिट किया। सीमा पर तनाव, व्यापार घाटा, और ग्लोबल साउथ में नेतृत्व की होड़ - इन सबको इस तरह परोसा गया जैसे दोनों का टकराव तय है। पर सच क्या है? टकराव से किसका भला हुआ? सैनिक तैनाती बढ़ी, खर्च बढ़ा, पर विकास की रफ्तार थमी। अब दोनों देशों को यह समझ आ गया है कि 21वीं सदी की चुनौतियां-जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन एनर्जी, रोजगार का संकट - ऐसी हैं जिनका सामना अकेले नहीं किया जा सकता। यदि भारत दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट हब है, तो चीन सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब। यदि भारत में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है, तो चीन में हार्डवेयर की ताकत है। कोलैबोरेशन होगा तो भारत की बनी दवाएं और सॉफ्टवेयर चीन के बाजार में जाएंगी, चीन की सोलर तकनीक भारत में सस्ती बिजली लाएगी। कोऑपरेशन होगा तो एशिया की सप्लाई चेन मजबूत होगी। परंतु प्रतिद्वंद्विता में दोनों थकेंगे और फायदा वाशिंगटन और यूरोप ले जाएंगे। सहयोग में दोनों जीतेंगे और एशिया जीतेगा। यही वक्त की पुकार है और इस नई सहमति ने उसी पुकार को सुना है। अब भारत अपनी धरती से चीन विरोधी साजिश नहीं होने देगा।

इस समझौते का सबसे परिपक्व और सबसे शक्तिशाली संदेश भारत की ओर से आया है - भारत अपनी जमीन से किसी भी तीसरे देश को चीन विरोधी गतिविधियां चलाने की अनुमति नहीं देगा। यह एक लाइन नहीं, भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का घोषणापत्र है। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों देशों के नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन में दोनों देशों के संबंध धीरे-धीरे निचले स्तर से ऊपर उठे हैं और 'रीस्टार्ट' (फिर से शुरुआत) से 'नई ऊंचाई' की ओर बढ़े हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग के क्षेत्र लगातार बढ़ रहे हैं, व्यापार की मात्रा रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान अधिक गतिशील हो रहा है। दुनिया जानती है कि कई पश्चिमी शक्तियां चाहती हैं कि भारत को चीन के खिलाफ एक फ्रंटलाइन स्टेट बना दिया जाए, एक मोहरे की तरह इस्तेमाल किया जाए। भारत ने स्पष्ट कर दिया - हम किसी के मोहरे नहीं हैं। हम किसी के कहने पर न दोस्ती करते हैं, न दुश्मनी। भारत ने चीन को भरोसा दिया है कि दलाई लामा से लेकर किसी भी संवेदनशील मुद्दे पर भारत की धरती का दुरुपयोग नहीं होगा। बदले में भारत को उम्मीद है कि चीन भी पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में भारत के



कोर इंटरेस्ट का ख्याल रखेगा। यह बराबरी की बात है, झुकाव की नहीं। यह भारत के विश्वगुरु बनने की दिशा में एक आत्मविश्वासी कदम है। भारत की ओर शांति शांति है, पर सतर्कता में रत्ती भर ढील नहीं है।

कुछ लोग इस समझौते को 1962 से पहले वाली भावुकता समझ रहे हैं। उन्हें समझना चाहिए - यह 2026 का भारत है। हां, यह सच है कि सीमा पर सैनिकों की संख्या कम हुई है, गश्त के नियम तय हुए हैं, बफर जोन पर सहमति बनी है और एलएसी पर तनाव घटा है। यह स्वागत योग्य है, क्योंकि इससे हर साल हजारों करोड़ रुपये का सैनिक खर्च बचेगा और जवानों को राहत मिलेगी। पर इसका अर्थ यह कतई नहीं कि भारत ने आंखें मूंद ली हैं। पिछले चार सालों में भारत ने सीमा पर जो किया है, वह 70 सालों में नहीं हुआ - ऑल वेदर रोड, सुरंगें, नए एयरफील्ड, सैटेलाइट निगरानी और सेना का आधुनिकीकरण। वह सब जारी रहेगा, और तेज होगा। हमारी नीति साफ है - बातचीत भी, तैयारी भी। विश्वास भी, सत्यापन भी। हम हाथ बढ़ा रहे हैं, पर हाथ में लाठी रखना नहीं भूल रहे। हम गले भी मिल रहे हैं, पर आंखें खोलकर। यह चाणक्य नीति है, और यही असली कूटनीति है। शांति की पहल हो, पर सुरक्षा से कोई समझौता नहीं। अब यह भारत, चीन, रूस विरोधी अमेरिकी तानाशाही में और भी अधिक प्रासंगिक है। इस समझौते की टाइमिंग को समझिए। यह तब आया है जब अमेरिका अपनी टैरिफ नीति से पूरी दुनिया को परेशान कर रहा है। अमेरिका ने भारत के स्टील, एल्युमिनियम और फार्मा उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा दिया है। चीन पर तो 100 प्रतिशत से अधिक ड्यूटी थोप दी गई है। रूस पर प्रतिबंध हैं। अमेरिका डॉलर और अपनी तकनीक को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को अपनी शर्तों पर व्यापार करने को मजबूर करना चाहता है।

ऐसे में भारत और चीन के पास दो ही रास्ते हैं - या तो अलग-अलग रहकर अमेरिका की मनमानी सहते रहें, या एक साथ आकर अपना खुद का रास्ता बनाएं और समझदार देश दूसरा रास्ता चुनते हैं। यदि भारत और चीन आपस में व्यापार बढ़ाते हैं, अपनी मुद्रा में कारोबार करते हैं, ब्रिक्स और एससीओ को मजबूत करते हैं, तो अमेरिका की टैरिफ की दीवार अपने आप बेमानी हो जाएगी। जब वाशिंगटन बाजार बंद करेगा, तो नई दिल्ली और बीजिंग एक-दूसरे के लिए बाजार खोल देंगे। इसलिए यह समझौता केवल द्विपक्षीय नहीं, बल्कि वैश्विक दक्षिण की एकजुटता का प्रतीक है। यह अमेरिका को सीधा संदेश है - एशिया अब तुम्हारी टैरिफ धमकियों से नहीं डरेगा। एशिया अपना भविष्य खुद लिखेगा। अब यह प्रश्न बार-बार उठ रहा है कि क्या फिर से 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का युग लौटेगा? 1954 में नारा लगा था - हिंदी-चीनी भाई-भाई। वह नारा भावुकता में लगा था और इसलिए 1962 में टूट गया। क्या वह युग फिर लौटेगा? जवाब है - हां, पर नए रूप में।

अब वह भोला भाई-भाई नहीं होगा। अब वह प्रैक्टिकल भाई-भाई होगा। अब आंखें बंद करके गले नहीं मिलेंगे, आंखें खोलकर हाथ मिलाएंगे। अब नारे नहीं, समझौते होंगे। अब भावुकता नहीं, बराबरी होगी। नया नारा होगा - 'हिंदी-चीनी, सहयोगी-सहकारी ।' यदि यह साझेदारी ईमानदारी से चली, व्यापार संतुलन सुधरा और सीमा पर शांति रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब भारत और चीन मिलकर दुनिया को बताएंगे कि युद्ध नहीं, बुद्ध ही भविष्य है। और तब यह सार्थक सहमति इतिहास में एक मील के पत्थर के तौर पर याद की जाएगी।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं. ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## जयंती पर विशेष

रमेश सर्राफ



# सृष्टि के पहले इंजीनियर माने जाते हैं भगवान विश्वकर्मा

विश्वकर्मा पूजा भारत में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्योहार है। इस दिन देशभर में स्थित कारखानों, कार्यशालाओं और विभिन्न कार्यस्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है ताकि श्रम और कौशल का सम्मान किया जा सके और आने वाले वर्ष के लिए आशीर्वाद प्राप्त हो सके। हर साल विश्वकर्मा पूजा कन्या संक्रांति के दिन मनाई जाती है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था। इसलिए इसे विश्वकर्मा जयंती भी कहते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है दुनिया का निर्माण करने वाला। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में इन्हें सृष्टि के दिव्य शिल्पकार, देवताओं के वास्तु विशेषज्ञ और पहले इंजीनियर के रूप में पूजा जाता है। विश्वकर्मा रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नवाचार के प्रतीक हैं। उनके सम्मान में भाद्रपद मास की सूर्यकन्या संक्रांति पर विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन मजदूर, कारीगर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और उद्योगपति अपने औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं। विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेष्ठ ज्ञाता माने जाते हैं, जिन्होंने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होंने ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है, जिसमें उन्हें ब्रह्मांड के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिवलिंग की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तुतंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तुविद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाएं भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तु देव थे, जिन्हें शिल्पशास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तु देव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तुशिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देवशिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चना किए बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यों में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्ग लोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुर राजरावण की स्वर्णनगरी लंका, भगवान श्रीकृष्णकी समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विश्वकर्मा जयंती का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की थी। इसमें अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को संपूर्ण सहायता प्रदान की जाती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत्व भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है। दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहां से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और सांस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बांटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुंचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बांटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुंच पाएंगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## सटाका




## आज की पाती

### मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका

मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों के बीच अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आधारित चैटबॉट लोगों के लिए तेजी से संपर्क का पहला माध्यम बनते जा रहे हैं। अकेलापन, चिंता, तनाव, अवसाद, रिश्तों की उलझन या भावनात्मक संकट के क्षणों में कई लोग पहले किसी चिकित्सक के पास जाने के बजाय एआई से बातचीत करना पसंद कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहां मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच अभी भी असमान है, एआई तकनीक एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। हालांकि, यह समझना आवश्यक है कि एआई मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने का माध्यम हो सकता है, उनका विकल्प नहीं। मानसिक स्वास्थ्य में एआई की भूमिका बढ़ने वाली है। - *विकास यशकीर्ति, भिवानी*

## करंट अफेयर

# एआई में चीन और अमेरिका के बीच तकनीकी अंतर हुआ कम




कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तेजी से विकास के संभावित जोखिमों पर दुनिया में बहस तेज होने के बीच अमेरिका और चीन अधिक शक्तिशाली एआई मॉडल विकसित करने की दौड़ में आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका कई वर्षों तक एआई मॉडल की क्षमता, शोध और अन्य क्षेत्रों में चीन सहित अन्य देशों से आगे रहा है। हालांकि, चीन अब तेजी से इस अंतर को कम कर रहा है। अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रतिबंधों के कारण चीन को अत्याधुनिक चिप और उन्हें बनाने वाली मशीनों सहित कुछ उन्नत प्रौद्योगिकियों तक पहुंच नहीं है। स्टैनफोर्ड इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन-सेंटर्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एक जानकार सहित विशेषज्ञों और हालिया रिपोर्टों के अनुसार, चीन एआई के क्षेत्र में अमेरिका के लिए मजबूत प्रतिद्वंद्वी बनकर उभरा है और इस साल उसने अमेरिकी बढ़त को काफी हद तक कम कर दिया है। जॉन्स हॉपकिन्स स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज के सैम सैक्स ने कहा, 'अमेरिकी और चीनी मॉडलों के बीच अंतर कम और अस्थिर है।' एआई को लेकर यह बहस ऐसे समय हो रही है जब चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के इस महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के लिए वाशिंगटन आने की उम्मीद है।

## ऑफ बीट

# ग्रीनलैंड -अंटार्कटिका से 12,000 अरब टन से ज्यादा बर्फ पिघली



एक प्रमुख वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार, 1979 से ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के हिमनदों से लगभग 12500 अरब टन बर्फ पिघल चुकी है। यह इतनी ज्यादा बर्फ है कि इससे पूरे अमेरिकी महाद्वीप में बर्फ की पांच फुट की परत बिछाई जा सकती है। बुधवार को 'साइंटिफिक डेटा' पत्रिका में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, धरती के गर्म होने से ग्रह की दो बड़ी बर्फ की चादरों (आइस शीट्स) के पिघलने की रफ्तार बढ़ रही है। पिघलने वाली बर्फ का छह में से पांचवां हिस्सा गर्म हवा की वजह से नहीं, बल्कि गर्म पानी की वजह से पिघल रहा है जो नीचे और किनारों से बर्फ की चादरों को काट रहा है, और हिमनद समुद्र में बह रहे हैं। अध्ययन करने वालों का कहना है कि भविष्य में समुद्र का जलस्तर बढ़ने के लिहाज से यह बुरी खबर है। अध्ययन के सह-लेखक और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, इरविन के हिम वैज्ञानिक एरिक रिग्नोट ने कहा, "बर्फ की चादरें तेजी से पिघल रही हैं। हम ध्रुवीय क्षेत्रों की बर्फ खो रहे हैं, समुद्र का जलस्तर दुनियाभर में बढ़ रहा है और इससे तटीय क्षेत्रों की असुरक्षा और बढ़ेगी। पिघलने की प्रक्रिया से जुड़े आंकड़े हैरान कर देने वाले हैं।

## ट्रेंड

### फाल्के पुरस्कार



जाने-माने अभिनेता अनंत नाग को प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई। उन्होंने अपने हर किरदार में बेजोड़ अभिनय और जान डाल दी है। एक महान कलाकार के लिए यह सचमुच बहुत ही योग्य सम्मान है। - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### वेतन सीमा



केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा आज कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत अनिवार्य कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 प्रति माह करने की ऐतिहासिक मंजूरी अत्यंत सराहनीय है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तर प्रदेश

### डिजिटल पेमेंट टैक्स



मोदी सरकार की लूट अब यूपीआई तक पहुंच गई है। यूपीआई पर कोई फीस नहीं" वाली बात को बदलकर "2,000 तक के ट्रांजेक्शन पर कोई फीस नहीं" कर दिया गया है। बीजेपी सरकार जनता पर "डिजिटल पेमेंट टैक्स" लगाने की योजना बना रही है।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### सच



झारखंड के छात्र हमारे राज्य का वर्तमान और भविष्य दोनों है। उनके भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ अस्वीकार्य है। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय और इसके अंतर्गत आने वाले कॉलेजो के छात्र परीक्षा प्रणाली जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। -अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# हूतियों ने बढ़ाया तनाव

पश्चिम एशिया में तनाव का गहराना बहुत चिंताजनक है। पहले ईरान ने होर्मुज में जहाजों की आवाजाही को प्रभावित किया और अब हूती विद्रोहियों ने लाल सागर वाले समुद्री मार्ग को बाधित कर चिंता बढ़ा दी है। वैश्विक स्तर पर कच्चे पेट्रोलियम के दाम फिर 105 डॉलर प्रति बैरल के पार चले गए हैं। हूती लड़ाके बीते दो दशक से यमन, यूएई एवं सऊदी अरब के लिए खतरा रहे हैं, लेकिन अब उन्होंने लाल सागर में अपनी पैठ बनाकर सबको परेशान कर दिया है। सऊदी अरब के मुताबिक, हूती ने पवित्र शहर मक्का को ड्रोन से निशाना बनाया है, भला हो कि वक्त रहते ड्रोन को मार गिराया गया। वैसे, खुद हूतियों ने ऐसे हमले से इनकार करते हुए कहा है कि उनके निशाने पर सऊदी विमान व सैन्य ठिकाने हैं। खैर, वहां जो भी समूह या मुल्क तनाव बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं, उनकी दोटूक मजम्मत होनी चाहिए।

ध्यान रहे, यमन के करीब 20 प्रतिशत इलाके पर हूतियों का कब्जा है। इनके संगठन का नाम अंसार अल्लाह अर्थात अल्लाह के मददगार है और यह शिया बहुल संगठन यमन में अपना अलग हिस्सा मांग रहा है। अमेरिका इस संगठन को आतंकी मानता है, लेकिन भारत सहित ज्यादातर मुस्लिम मुल्क भी उसे आतंकी नहीं मानते हैं। बहरहाल, कोई देश नहीं चाहेगा कि लाल सागर जैसा समुद्री मार्ग बंद हो, पर सवाल है कि हूतियों को काबू में कैसे किया जाए? यमन सरकार अपने स्तर पर हूतियों से कब्जा खाली कराने में लगी है, पर ईरान समर्थित हूती बेलगाम हो गए हैं। हूतियों को तत्काल काबू में करने की क्षमता सऊदी अरब में नहीं है। बहुतों को अचंभा होगा, लेकिन चर्चा है कि सऊदी अरब की मदद इजरायल खुफिया सूचनाओं के जरिये कर रहा है। सऊदी अरब ने मजबूर होकर अमेरिका से मदद मांगी थी और अमेरिका ने इजरायल को मदद के लिए आगे किया हो, तो कोई अचरज नहीं। सऊदी अरब के लिए वाकई मुश्किल घड़ी है, जब मक्का में अलर्ट जारी करना पड़ा है। गौर कीजिए, अभी हाल ही में सऊदी अरब ने तुर्किये और पाकिस्तान के साथ रक्षा या मक्का समझौता किया था, इसे मुस्लिम नाटो की शुरुआत माना जा रहा था। हकीकत यह है कि तुर्किये मदद के लिए आगे नहीं आया है और पाकिस्तान भी मुंह चुरा रहा है। वैसे, सऊदी अरब के बचाव के लिए सीधे अमेरिका भी नहीं उतरा है। मक्का समझौते के तहत सऊदी अरब में पाकिस्तानी सेना मौजूद है, लेकिन पाकिस्तान ने मदद के लिए अपनी फौज भेजने के बजाय मजम्मत के कुछ अल्फाज भेजे हैं। यह समझने की बात है कि हिंसा की राह पर कोई प्रत्यक्ष चले या परोक्ष, मुसीबत कभी न कभी मुश्किल में जरूर डालती है।

**पश्चिम एशिया में मुल्कों के लिए यह समझने की बात है कि हिंसा की राह पर कोई प्रत्यक्ष चले या परोक्ष, मुसीबत कभी न कभी मुश्किल में जरूर डालती है।**

पश्चिम एशिया में फिर यह बात जाहिर हुई है कि वहां मुल्कों को अपने झगड़े खुद सुलझाने पड़ेंगे। मुस्लिम दुनिया में फौजी पैमाने पर सबसे मजबूत पाकिस्तान एक दुखद मिसाल है कि ताकत का इस्तेमाल जब गलत ढंग से होता है, तब कई मुसीबतें पीछे पड़ जाती हैं। सनद रहे, मंगलवार को अरब सागर में पाकिस्तानी युद्धपोत कैसे भारतीय युद्धपोत से जान-बूझकर टकराया है। पाकिस्तान की यह कोशिश पुरानी है कि वह खुद को भारत के साथ तनाव में व्यस्त दिखाए, ताकि मुस्लिम दुनिया के किसी झगड़े में उसे कूदना न पड़े। जो मुल्क दहशतगर्दी से लड़ने का दिखावा करते हैं, जो मजहबी उन्माद फैलाते हैं, उनसे सावधान रहना चाहिए। वक्त आ गया है, सऊदी अरब के नेतृत्व में तुर्किये पूरे पश्चिम एशिया में अमन-चैन के लिए ईमानदार पहल करे।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले

17 सितंबर, 1951

### नेहरूजी की अपील

गुटबन्दी और दलबन्दी की भावना किसी भी संगठन को कमजोर ही बना सकती है। कांग्रेस का देश में एक विशाल संगठन है। उसने देश की आजादी के एक बड़े ध्येय को लेकर काम किया। यह ध्येय देश के करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं और अभिलाषाओं को व्यक्त करता था और इसलिए कांग्रेस को करोड़ों ही लोगों का प्रेम और आदर, सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ। करोड़ों लोगों का सहयोग और समर्थन पाकर कांग्रेस देश में एक जबर्दस्त ताकत बन गयी- ऐसी ताकत कि जिसे दुनिया का शक्तिशाली साम्राज्य भी नहीं दबा सका। कांग्रेस देश की स्वतंत्रता हासिल करने में कामयाब हुई। कांग्रेस के सामने एक बड़ा काम था, वह पूरा हुआ। किन्तु कांग्रेस ने कुछ और उद्देश्य भी अपने सामने रखे थे। राष्ट्र की पुनर्रचना का विशाल काम अभी बाकी पड़ा है। लोगों की गरीबी और अज्ञान को दूर करना है। उनके लिए आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता सुलभ करनी है। राजनीतिक स्वतंत्रता ने तो इस बड़े ध्येय की पूर्ति के मार्ग की मुख्य बाधा को दूर किया है।

कांग्रेस से लोगों को यह आशा थी कि वह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस बड़े ध्येय को हासिल करने के लिए काम करेगी। किन्तु उन्होंने कांग्रेसजनों में वह पुराना जोश शिथिल होते देखा। बड़े उद्देश्य के लिए निस्पृह भाव से काम करने के बजाय सत्ता और सुविधायें प्राप्त करने की दृष्टि से संगठन के भीतर दलबन्दियां और गुटबन्दियां उठ खड़ी हुईं। इसका स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस संस्था की प्रतिष्ठा को धक्का लगा। उसके प्रति लोगों में जो अगाध प्रेम और श्रद्धा थी, उसमें न्यूनता आई। उसकी शक्ति घटने लगी। आपसी झगड़े के कारण अनेक कांग्रेसजनों ने कांग्रेस से संबंध विच्छेद कर लिया। कांग्रेस के ह्रास का यह सिलसिला काफी दूर तक चलता गया। यहां तक कि उसके कर्णधारों के लिए यह चिन्ता का विषय बन गया। कांग्रेस के संचालन में हाल में जो परिवर्तन हुए, उनके मूल में यही भावना है कि किस तरह कांग्रेस के क्षय को रोका जाये और उसमें वही पुराना जोश, उत्साह और आदर्शवाद पुनः लौटाया जाये। यह गुरुतर दायित्व नेहरूजी ने अपने कन्धों पर स्वीकार किया है। आज देश में इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए उनसे अधिक समर्थ व्यक्ति दूसरा नहीं मिल सकता।

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीली क्रांति

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर उनकी एक दूरदर्शी पहल पर बात होनी चाहिए। पूर्व की हरित व श्वेत क्रांति की तरह उनकी नीली क्रांति देश के लिए अहम साबित होगी।**



यहां स्कैन करें

सी पी राधाकृष्णन | उप-राष्ट्रपति, भारत

पिछले 25 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है, खासकर उन लोगों की जिंदगी को, जो कमजोर और वंचित वर्गों से आते हैं। विकास के प्रति प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण अनुकरणीय रहा है। देश के पिछड़े जिलों को 'आकांक्षी जिले', सीमावर्ती गांवों को 'जीवंत पहला गांव' और पूर्वोत्तर को 'अष्टलक्ष्मी' कहना उनकी परिवर्तनकारी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस दृष्टिकोण ने भौगोलिक रूप से कमजोर इलाकों को सशक्त क्षेत्रों में बदल दिया, जिससे विकसित भारत की यात्रा में वहां के लोगों की सक्रिय भागीदारी हो रही है।

नरेंद्र मोदी की अनेक योजनाएं समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तीकरण के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता दर्शाती हैं। उनके कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की खाई से बाहर निकाला गया है, जो न केवल भारत की विकास यात्रा में, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। निश्चित रूप से एक दिन ऐसा आएगा, जब पूरी दुनिया गरीबी और भुखमरी से मुक्त होगी।

समावेशी विकास सुनिश्चित करने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा कदम 'नीली अर्थव्यवस्था' पर ध्यान केंद्रित करना रहा है। 1960 के दशक में हरित क्रांति के साथ हम भुखमरी की समस्या से निपटने में सफल रहे। भारत आज चावल, गेहूं, दाल और मोटे अनाज के शीर्ष वैश्विक उत्पादकों में शामिल है, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा में हमारी भूमिका को मजबूत करता है। हरित क्रांति के बाद आई 'श्वेत क्रांति' ने भारत में दूध की भारी कमी और आयातित डेयरी उत्पादों पर निर्भरता को खत्म कर दिया। अब हम दुनिया के सबसे बड़े दूध उत्पादक देश हैं और इस उपलब्धि के कारण विशेषकर बच्चों में प्रोटीन की कमी में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

अब 'नीली क्रांति' सफलता की एक नई कहानी बनने जा रही है। प्रकृति ने हमारे देश को 11,000



किलोमीटर से भी अधिक लंबी तटरेखा का वरदान दिया है। हमारी समुद्री परंपरा समृद्ध है। हमारे पास लगभग 24 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र है। भारत के पास भारी मात्रा में समुद्री संपदा है। फिर भी, दशकों तक इस क्षमता के बहुत बड़े हिस्से का कोई उपयोग नहीं हुआ। मछली पकड़ने की हमारी ज्यादातर गतिविधियां तट के पास ही होती थीं, लेकिन साल 2019 में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के गठन के साथ पहली बार मोदीजी के नेतृत्व में मत्स्य पालन क्षेत्र को अपना मंत्रालय मिला। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि हमारे राष्ट्रीय ध्वज में बना नीला चक्र नीली अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को दर्शाता है।

पिछले दशक में भारत का मछली पालन और जलीय कृषि क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था के तेजी से विकसित होते क्षेत्र के तौर पर उभरे हैं। भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है, जो वैश्विक मत्स्य उत्पादन में लगभग आठ प्रतिशत का योगदान देता है। यह क्षेत्र करीब तीन करोड़ मछुआरों व मछली पालकों की आजीविका को समर्थन देता है और हमारे देश में खाद्य सुरक्षा और पोषण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। 2024-25 में भारत का मछली उत्पादन 195 लाख टन से ज्यादा रहा, जो इस क्षेत्र की असाधारण ताकत को दिखाता है।

पिछले महीने उप-राष्ट्रपति के तौर पर अपनी पहली आधिकारिक यात्रा में जब मैंने लक्षद्वीप के द्वीपों का दौरा किया, तब मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत लक्षद्वीप के लिए कई मछली पालन विकास परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। साल 2025-26 के केंद्रीय बजट ने हमारे विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के गहरे पानी की छिपी हुई क्षमता की पहचान की और ईईजेड व गहरे समुद्र से मछली पकड़ने के सतत उपयोग आधारित तरीकों के लिए एक सक्षम रूपरेखा की घोषणा की। यह प्रगतिशील रूपरेखा हमारे मछुआरों को इन नए इलाकों में भरोसे के साथ जाने में सक्षम बनाती है।

कोई देश तरक्की तब करता है, जब उसके लोग नई संभावनाओं की तलाश करने की हिम्मत दिखाते हैं। भारत का समुद्री खाद्य (सीफूड) आज 120 से भी अधिक देशों तक पहुंच रहा है। पिछले वित्त वर्ष में ही हमारे निर्यात ने 73,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रभावशाली आंकड़ा छू लिया, जो 2013-2014 के मुकाबले लगभग 140 प्रतिशत अधिक है। दुनिया ने भारतीय समुद्री खाद्य की गुणवत्ता में भरोसा दिखाया है। हालांकि, हमारी बड़ी उपलब्धियां अभी आने वाली हैं। गहरे समुद्र से जुड़ी पहल इस निर्यात वृद्धि को कई गुना बढ़ाने में बड़ा योगदान दे सकती है।

समुद्र ने हजारों वर्षों से मानवता का पोषण किया है। इसका संरक्षण करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। सतत उपयोग आधारित तरीकों से मछली पकड़ना नैतिक जिम्मेदारी है। संबंधित मंत्रालय के नए दिशा-निर्देश इस मामले में सकारात्मक कदम हैं। यह कदम संरक्षण उपायों का अनुपालन करने और गैर-कानूनी, बिना रिपोर्ट वाली और बिना विनियमन के मछली पकड़ने के खिलाफ मजबूती से खड़े होने पर जोर देता है। गहरे समुद्र में मछली पकड़ने से केवल मछली उत्पादन में नहीं, बल्कि प्रसंस्करण, प्रशीतन शृंखला (कोल्ड चेन), परिवहन, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और निर्यात सेवाओं में भी रोजगार पैदा किया जा सकता है। यह तटीय भारत की आर्थिक जिंदगी को मजबूत कर सकता है।

जैसे-जैसे हम प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम नीली अर्थव्यवस्था को समृद्ध, समावेशी और स्थायी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। खुशी की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में मत्स्य मंत्रालय विकास, स्थायित्व और समृद्धि के एक नए युग की ओर नीली क्रांति के जरिये महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।

विकसित भारत 2047 एक समावेशी भारत होगा, जिसमें समाज का हर क्षेत्र और हर वर्ग हमारी आर्थिक विकास यात्रा में भाग लेगा। मैं युवाओं से आग्रह करूंगा कि वे मछली पकड़ने को सिर्फ विरासत में मिला काम न समझें, बल्कि विज्ञान, तकनीक, नवाचार और वैश्विक अवसरों से संचालित एक आधुनिक पेशे के रूप में देखें। संबंधित संस्थानों से आग्रह है कि वे हमारे मछली पकड़ने वाले समुदाय को ज्ञान, तकनीक और वित्त पोषण से समर्थन देते रहें। हम पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ें; और साथ मिलकर एक मजबूत तटीय भारतमाता बनाएं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# जिन्ना के दिए घाव को आज भी नहीं भूला बांग्लादेश



यहां स्कैन करें

विवेक शुक्ला | वरिष्ठ पत्रकार

बांग्लादेश के युवा इन दिनों मोहम्मद अली जिन्ना के नाम पर उबल रहे हैं। बीते दिनों ढाका विश्वविद्यालय के छात्र संघ के संग्रहालय में जिन्ना की तस्वीरें लगने के बाद परिसर में तीखा विरोध शुरू हो गया। तस्वीरें फाड़ी गईं, उन पर थूका गया और पैरों तले रौंदा गया। यह गुस्सा केवल एक फ्रेम या संग्रहालय की सजावट के प्रति नहीं था, बल्कि इसकी जड़ें 1948 के घटनाक्रमों में छिपी हैं।

दरअसल, संग्रहालय के नवीनीकरण के बाद वहां जिन्ना की तीन तस्वीरें लगाई गई थीं। इनमें 21 मार्च, 1948 को तत्कालीन रेस कोर्स मैदान में, जो आज सोहरावर्दी उद्यान है, दिए गए भाषण की तस्वीर भी थी। उसी भाषण में जिन्ना ने कहा था कि पाकिस्तान की राजभाषा केवल उर्दू होगी। बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की एकल तस्वीरें वहां प्रमुख रूप से नहीं रखी गईं। यह खबर फैलते ही आलोचना शुरू हुई, जो बाद में तस्वीरों के तिरस्कार में बदल गई। कहा गया कि जिस व्यक्ति ने मातृभाषा के विरुद्ध फैसला दिया और 1948 में कर्जन हॉल परिसर में छात्रों के दमन से जुड़ा रहा, उसका स्थान संग्रहालय में नहीं हो सकता। असल में, पाकिस्तान बने कुछ महीने ही हुए थे, जब मार्च 1948 में जिन्ना पूर्वी बंगाल आए थे। 21 मार्च को एक सार्वजनिक सभा में और 24 मार्च को ढाका विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उन्होंने साफ कहा कि प्रांत अपने कामकाज के लिए बांग्ला चुन सकता है, लेकिन पूरे देश को जोड़ने वाली भाषा एक होनी चाहिए और वह उर्दू है। उन्होंने उर्दू को इस्लामी संस्कृति व मुस्लिम परंपरा से जोड़ा और विरोध करने वालों को पाकिस्तान का दुश्मन व देश की एकता तोड़ने वाला बताया। छात्रों ने तुरंत इसका विरोध किया, पर जिन्ना अपनी बात पर अड़े रहे।

**बांग्लादेश की मुख्यधारा को जिन्ना की उर्दू-केंद्रित नीति आज भी स्वीकार्य नहीं, इसलिए संग्रहालय में लगाए गए उनके फोटो का तिरस्कार हो रहा है।**

उर्दू पश्चिमी पाकिस्तान के कई हिस्सों में संपर्क भाषा थी, पर पूर्वी पाकिस्तान की बहुसंख्यक आबादी बांग्ला बोलती थी। 1947 में नए पाकिस्तान की आधी से अधिक आबादी बांग्लाभाषी थी। भाषा केवल बोलचाल नहीं थी। वह शिक्षा, नौकरी, साहित्य और सत्ता से जुड़ी थी। इसलिए केवल उर्दू को राजभाषा बनाना पूर्वी हिस्से को सांस्कृतिक और प्रशासनिक रूप से पीछे धकेलने जैसा लगता था। 1952 के भाषा आंदोलन में रफीक, सलाम, बरकत, जब्बार जैसे कई युवा मारे गए। उनकी शहादत के कारण 21 फरवरी बाद में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बना। 1956 के संविधान में बांग्ला को भी राजभाषा का दर्जा मिला, पर अविश्वास का घाव पहले ही गहरा चुका था। भाषायी असंतोष धीरे-धीरे सियासी अलगाव की वजह बना और 1971 के मुक्ति युद्ध तक पहुंचा। बांग्लादेश की स्मृतियों में इस युद्ध में 30 लाख लोगों की शहादत दर्ज है।

आज का विरोध उसी स्मृति से जुड़ा है। विरोध करने वाले कहते हैं, बांग्लादेश उस मिट्टी पर बना, जहां सलाम और बरकत ने भाषा के लिए खून दिया। ऐसे में, जिन्ना को संग्रहालय में सम्मानजनक जगह देना उन्हें इतिहास का अपमान लगता है। दूसरी ओर जामात-ए-इस्लामी के नेता कहते हैं, इतिहास को सही तरीके से देखना होगा। उनके अनुसार, जिन्ना के बिना पाकिस्तान नहीं बनता और उसी के पूर्वी हिस्से से बाद में बांग्लादेश निकला। कुछ ने तस्वीर फाड़ने को दलीय राजनीति बताया, पर परिसर में विरोध करने वालों की आवाज इस समय अधिक तेज है। तो क्या बांग्लादेश ने जिन्ना को माफ नहीं किया? इस सवाल का सरल उत्तर यह है कि बांग्लादेश की मुख्यधारा ने जिन्ना की उर्दू-केंद्रित नीति को आज भी स्वीकार नहीं किया। युवा पीढ़ी उन्हें प्रायः बांग्ला विरोधी शासक के रूप में देखती है। कुछ लोग उन्हें उप-महाद्वीप के मुस्लिम राजनीतिक इतिहास का हिस्सा भी मानते हैं, जिसे पूरी तरह मिटाया नहीं जा सकता। अंतर यह है कि स्मृति में जगह देना और नायक बनाना एक बात नहीं है।

इतिहास में माफी सामूहिक स्मृति का विषय होती है। कर्जन हॉल और सोहरावर्दी उद्यान अब भी 1948 के विरोध की याद दिलाते हैं। जब उसी विरासत वाले परिसर में 1948 वाले भाषण की तस्वीर बिना उस विरोध-कथा के लगाई जाती है, तो तस्वीर व्यक्ति की नहीं रहती। वह एक अस्वीकृत नीति का प्रतीक बन जाती है। जिन्ना की तस्वीर को लेकर उठा विवाद यही बताता है कि बांग्लादेश अभी उस भाषा-नीति को भूला नहीं है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# झुकने का मर्म जानो

यह सच है, जब कोई जाग्रत व्यक्ति जीता है परमात्मा को, तब परम का अवतरण होता है। उसकी छाया में प्रभु की आभा होती है, उसके शब्दों में शून्य का संगीत होता है। उसकी आंखों में उसके हृदय की तरंगें होती हैं। उसके स्पर्श में, जो नहीं दिखाई पड़ता और जिसे नहीं छुआ जाता, वह दिखाई पड़ता है और वह छुआ जाता है। तुम आनंदमग्न हो जाते हो। तुम उसके साथ किसी भी बगावत में जाने को राजी हो जाते हो। तुम उसके साथ किसी भी क्रांति-पथ पर जाने को राजी हो जाते हो। तुम उसके साथ नरक में रहना पसंद करोगे बजाय अकेले स्वर्ग में रहने के।

बुद्ध के साथ नरक मिले, तब भी सौभाग्य होगा। उसके प्रभाव में, उसकी प्रभा में तुम सब कुछ दांव पर लगा देते हो। तुम जुआरी हो जाते हो, कोई हिसाब-किताब नहीं करते। जाग्रत का संस्पर्श ऐसा होता है कि तुम्हारे दर्पण की सारी धूल झड़ जाती है और तुम्हारे दर्पण में वही दिखाई पड़ने लगता है, जो है। तब तुम संस्कार तोड़ देते हो, समाज तोड़ देते हो, संस्कृति तोड़ देते हो, सभ्यता तोड़ देते हो।

सोचो थोड़ा, महावीर के साथ जो नम्र होकर खड़े हो गए थे, उन्होंने क्या नहीं दांव पर लगा दिया होगा? क्या बचाया था? परिवार दांव पर लगा दिया, सभ्यता दांव पर लगा दी, संस्कृति दांव पर लगा दी, सब कुछ दांव पर लगा दिया। जो बुद्ध के साथ जाने को राजी हुए थे, उन्होंने वेद दांव पर लगा दिए, उपनिषद दांव पर लगा दिए, सब कुछ दांव पर लगा दिया। जब *गीता* जिसने कही थी, वह खुद ही सामने मौजूद हो, तो फिर *गीता* की कौन फिक्र करता है? जिन होंठों से वेद जन्मे थे, वे होंठ फिर जीवित हों और तुमसे बोलते हों, फिर वेद को तुम हटा न दोगे, तो भला और क्या करोगे?

बुद्ध के जाने के बाद, उस पक्षी के उड़ जाने के बाद, तुम्हारे हाथ में शब्द मात्र की संपदा रह जाती है। फिर तुम उन्हीं शब्दों में वेद खोजते हो, उपनिषद खोजते हो। फिर वेद निर्मित होता है, फिर उपनिषद निर्मित होता है। विद्रोह समाप्त हो गया। अब तुम कुछ दांव पर नहीं लगाते, अब तुम सिर्फ पूजा करते हो। अब धर्म औपचारिकता है। अब तुम मंदिर चले जाते हो, सिर झुका आते हो, पत्थर की मूर्ति के आगे। तुम नहीं झुकते, सिर्फ सिर झुकता है- कोरा, खाली- तुम्हारा हृदय नहीं झुकता, तुम सिर्फ औपचारिक सम्मान...।

**अब धर्म औपचारिकता है। अब तुम मंदिर चले जाते हो, सिर झुका आते हो, पत्थर की मूर्ति के आगे। तुम नहीं झुकते, सिर्फ सिर झुकता है- कोरा, खाली- तुम्हारा हृदय नहीं झुकता।**

एक गूंज है, जो अतीत से सुनाई पड़ती है। उस गूंज के कारण तुम अब भी सम्मान देते जाते हो। मगर तुम्हारे सम्मान में तुम नहीं होते। आज तुम कुछ भी दांव पर नहीं लगाते। उल्टा आज तुम बुद्ध या महावीर या कृष्ण या क्राइस्ट के साथ खड़े होकर कुछ कमाने की सोचते हो, प्रतिष्ठा मिलती है। सम्मान मिलता है।

**ओशो**

**किरेन रिजिजू** | केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री



**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत साझेदारी, संवाद, समानता और सांविधानिक मूल्यों के सिद्धांतों पर मजबूती से खड़ा है। हम इन आदर्शों को बनाए रखें और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाएं।**

## अनुलोम-विलोम

### ब्रिक्स और भारत




# ब्रिक्स से भारत को मिले अनेक लाभ

सितंबर के पहले पखवाड़े में ब्रिक्स का 18वां शिखर सम्मेलन नई दिल्ली के भारत मंडपम में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। ब्रिक्स का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक सहयोग बढ़ाना है। इस शिखर सम्मेलन में 11 सदस्य देशों के साथ ही 10 साझेदार देशों के राष्ट्राध्यक्षों, प्रधानमंत्रियों या उच्च स्तरीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया। वर्ष 2025-26 के लिए भारत को ब्रिक्स का अध्यक्ष बनाया गया था, इसलिए नई दिल्ली ने इस वर्ष सम्मेलन की मेजबानी और अध्यक्षता की।

ब्रिक्स सम्मेलन से भारत को विशेष लाभ हुआ है। सामरिक दृष्टि से भारत का वैश्विक स्तर पर महत्व बढ़ा है। भारत आज न केवल ब्रिक्स, बल्कि जी-20, जी-7, क्वाड, एससीओ जैसे तमाम वैश्विक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है और तमाम देश आज नई दिल्ली की आवाज को गंभीरता से सुन रहे हैं। विभिन्न देशों के नागरिक आज सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपनाने के लिए लालायित हैं, क्योंकि भारत के व्यवहार से ये देश अत्यधिक प्रभावित हैं। साथ ही, ब्रिक्स से भारत को कई प्रकार के आर्थिक लाभ भी हो सकते हैं और यहां विदेशी निवेश बढ़ने की संभावना बढ़ गई है। नई दिल्ली सम्मेलन की सफलता संकेत है कि ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच आपसी समझदारी बढ़ी है, जिसके कारण इन देशों के बीच आर्थिक साझेदारी भी बढ़ेगी। आतंकवाद के खिलाफ मजबूत संदेश दिया गया है कि भारत किसी भी कीमत पर दहशतगर्दी को पनपने नहीं देगा। नई दिल्ली घोषणा-पत्र में रूस और चीन सहित समस्त ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। इसमें यह भी कहा गया है कि आतंकियों को पनाह देने वालों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, आतंकियों तक पहुंचने वाली फंडिंग को रोकने और उन्हें सुरक्षित ठिकाने देने वालों पर भी कठोर कार्रवाई जरूरी है।

यह सम्मेलन बताता है कि भारत आज 'ग्लोबल साउथ' की आवाज बन गया है। इस क्षेत्र के देश भारत पर भरोसा करने लगे हैं। अब भारतीय रुपये की भी वैश्विक स्तर पर साख बढ़ सकती है, क्योंकि ब्रिक्स के सदस्य देश आपस में स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं। यूपीआई और रूपे कार्ड की स्वीकार्यता कई देशों में बढ़ रही है। आपस में स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने से भारतीय रुपये को और मजबूती मिलेगी व महंगाई बढ़ने की गति कम होगी। कुल मिलाकर, नई दिल्ली की मेजबानी और अध्यक्षता में एक सफल सम्मेलन का गवाह भारत मंडपम बना।

**प्रहलाद सबनानी**, टिप्पणीकार

# नई दिल्ली के सामने कई चुनौतियां

नई दिल्ली में 18वां ब्रिक्स सम्मेलन सफलता और नए आयाम के साथ खत्म हुआ। इस सम्मेलन में किए गए वादे आने वाले समय में कितने खरे उतरते हैं, इससे इसकी सार्थकता साबित होगी। हालांकि, सम्मेलन में भारत, रूस और चीन के प्रमुखों ने न केवल हाथ मिलाए, बल्कि एक-दूसरे का सहयोग करने का वचन देते हुए दिल मिलने की बात भी कही। रूस से शायद ही कोई परेशानी हो, क्योंकि उसकी नीति और नीयत साफ है, लेकिन चीन पर आंखें मूंदकर कतई विश्वास नहीं किया जा सकता। इसकी बड़ी वजह उसकी विस्तारवादी नीतियां हैं। नेपाल और भूटान के सीमावर्ती इलाकों में विस्तार के बाद वह अरुणाचल में नए-नए हथकंडे अपनाने से बाज नहीं आ रहा। हमें गलवान घाटी में उसकी धोखाधड़ी को कदापि भूलना नहीं चाहिए, और इस चालाक पड़ोसी से हमें बहुत सतर्कता बरतनी चाहिए। भारत के सामने सिर्फ यही चुनौती नहीं है। अब हूतियों ने जिस तरह से सऊदी अरब पर हमला किया है, उससे ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान संयुक्त अरब अमीरात व ईरान के बीच बनी सहमति सवालों के घेरे में आ गई है और भारत के लिए चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं।

**हेमा हरि उपाध्याय**, टिप्पणीकार

**भारत** में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समापन के साथ ही वैश्विक राजनीति में एक ऐसी प्रतिस्पर्द्धा और स्पष्ट होकर सामने आई है, जिसका प्रभाव आने वाले दशकों की आर्थिक और सामरिक व्यवस्था पर पड़ सकता है। यह प्रतिस्पर्द्धा पारंपरिक हथियारों या सैन्य गठबंधनों तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अपना निर्णायक रूप ले रही है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ब्रिक्स देशों के लिए चीन के नेतृत्व में खुले स्रोत वाले एआई समुदाय और पारिस्थितिकी तंत्र की वकालत की, वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका एआई में चीन से आगे है, इस तकनीकी होड़ की तीव्रता को स्पष्ट करता है। हालांकि, नए शीतयुद्ध की यह आहट नहीं है, पर कई देश एक साथ अलग-अलग मंचों पर सक्रिय हैं और अपने-अपने राष्ट्रीय हितों की सोच रहे हैं। यह स्थिति भविष्य में तकनीकी बहुध्रुवीयता को जन्म दे सकती है। इस पूरी तस्वीर में भारत की स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक तरफ वह अमेरिका के नेतृत्व वाले तकनीकी ढांचे का हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर ब्रिक्स का प्रमुख सदस्य भी, और चीन के साथ भी उसके आर्थिक व बहुपक्षीय संबंध हैं। भारत के सामने इसलिए अपने हितों के आधार पर तकनीकी रणनीति बनाने की गंभीर चुनौती है।

**युगल किशोर राही**, टिप्पणीकार

# किस इंजीनियरिंग ब्रांच की ज्यादा मांग

**12वीं के बाद इंजीनियरिंग की ब्रांच चुनना अब सिर्फ पसंद का सवाल नहीं है। रोजगार के बदलते अवसरों के बीच ब्रांच के साथ कॉलेज, स्किल्स और भविष्य की संभावनाओं को देखना भी जरूरी है। सिर्फ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ही बेहतर विकल्प नहीं है, वहीं कोर इंजीनियरिंग की कई ब्रांच में नए अवसर बन रहे हैं। 2026 और आने वाले वर्षों में इंजीनियरिंग की कौन-सी शाखाएं करियर के लिहाज से बेहतर प्लेसमेंट दिला सकती हैं, बता रहे हैं करियर काउंसलर आशीष आदर्श**

एक सर्वेक्षण के अनुसार 12वीं में पीसीएम रखने वाले 62 फीसदी छात्रों की पहली पसंद इंजीनियरिंग है। ज्यादातर छात्र बीटेक के बाद अच्छी नौकरी और बेहतर करियर चाहते हैं, लेकिन सही ब्रांच का चुनाव न होने पर राह मुश्किल हो सकती है। कई छात्र रुचि और क्षमता जाने बिना ब्रांच चुन लेते हैं या उन्हें करियर विकल्पों की सही जानकारी नहीं मिलती। बदलती तकनीक और उद्योग की जरूरतों के बीच 2026 में कुछ इंजीनियरिंग ब्रांच रोजगार के लिहाज से बेहतर अवसर दे रही हैं।

**इंजीनियरिंग की आठ प्रमुख शाखाएं :** इंजीनियरिंग की प्रमुख शाखाओं में कंप्यूटर, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, केमिकल, एयरोस्पेस और बायोमेडिकल शामिल हैं।

**लगभग 250 संगठित शाखाएं :** तकनीक के विकास के साथ इंजीनियरिंग की प्रमुख शाखाओं से 250 से अधिक संगठित या उप-शाखाएं विकसित हुई हैं। इनमें डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, ऑटोमेशन, न्यूक्लियर, टेक्सटाइल और नैनोटेक्नोलॉजी जैसे विशेषज्ञता क्षेत्र आते हैं।

**हर साल 15 लाख इंजीनियर तैयार :** भारत में हर साल करीब 15 लाख इंजीनियरिंग स्नातक तैयार होते हैं। देश में लगभग 8,876 इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जिनमें करीब 6,611 निजी और 2,265 सरकारी संस्थान हैं।

## कौन सी ब्रांच की ज्यादा मांग

■ **कंप्यूटर साइंस :** कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग सबसे ज्यादा मांग वाली इंजीनियरिंग शाखा है। सॉफ्टवेयर और आईटी कंपनियों से लेकर बैंकिंग, हेल्थकेयर, ऑटोमोबाइल, टेलीकॉम और सरकारी सेवाओं तक लगभग हर क्षेत्र में कंप्यूटर आधारित तकनीक की जरूरत बढ़ रही है।

**कौन-से पद :** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, डेवलपर, क्लाउड इंजीनियर, डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, कंसल्टेंसी और आईटी मैनेजर जैसे पदों पर करियर बनाया जा सकता है। निजी क्षेत्र में शुरुआती वेतन करीब 5-6 लाख रुपये सालाना हो सकता है।

■ **इलेक्ट्रॉनिक्स :** इस ब्रांच में कोर इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र में भी करियर के रास्ते खुले हैं। सेमीकंडक्टर, चिप डिजाइन, वीएलएसआई, एम्बेडेड सिस्टम, टेलीकम्युनिकेशन, आईओटी और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में अवसर मिल सकते हैं।

**कौन से पद :** वीएलएसआई, चिप डिजाइन, एम्बेडेड सिस्टम, आईओटी और रोबोटिक्स इंजीनियर जैसे पदों पर करियर बनाया जा सकता है। शुरुआती वेतन करीब 3 लाख रुपये सालाना हो सकता है, जो अनुभव के साथ बढ़ता है।

■ **इलेक्ट्रिकल :** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को भले ही पारंपरिक ब्रांच माना जाता हो, लेकिन बदलती ऊर्जा और परिवहन जरूरतों के साथ इसका दायरा लगातार बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन, सौर ऊर्जा, मेट्रो रेल, स्मार्ट ग्रिड और रेलवे जैसे क्षेत्रों में इसके विशेषज्ञों की जरूरत बढ़ रही है और करियर के नए रास्ते खुल रहे हैं। निजी क्षेत्र, सरकारी विभागों और पीएसयू में भी अवसर हैं। शुरुआती वेतन करीब 3 लाख रुपये सालाना हो सकता है।

■ **एआई/एमएल :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, इंजीनियरिंग के तेजी से उभरते क्षेत्रों में शामिल हैं। हेल्थकेयर, साइबर सुरक्षा, बैंकिंग व बिजनेस जैसे क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। कई संस्थानों में अब बीटेक स्तर पर एआई व एमएल की पढ़ाई हो रही है।

**कौन-से पद :** गणित, सांख्यिकी, पायथन, डाटा स्ट्रक्चर और प्रोग्रामिंग में अच्छी पकड़ रखने वाले छात्र एआई इंजीनियर, जनरेटिव एआई इंजीनियर, मशीन लर्निंग इंजीनियर और एनएलपी इंजीनियर जैसे पदों पर करियर बना सकते हैं। शुरुआती वेतन करीब 4-5 लाख रुपये सालाना से हो सकता है।

■ **डाटा साइंस :** डाटा को समझकर उपयोगी जानकारी में बदलने वाले विशेषज्ञों की आईटी कंपनियों, बैंकिंग, ई-कॉमर्स आदि क्षेत्रों में मांग है। गणित और कोडिंग में मजबूत पकड़ रखने वाले छात्र के लिए बेहतर मौके हैं। वेतन करीब 3 लाख रुपये सालाना से शुरु हो सकता है।

### टॉप 6 इंजीनियरिंग ब्रांच

1. सीएसई + एआईएमएल
2. इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड कम्यूनिकेशन (ईसीई)
3. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
4. मैकेनिकल इंजीनियरिंग
5. केमिकल इंजीनियरिंग
6. सिविल इंजीनियरिंग

### कैंपस प्लेसमेंट का हाल

■ **आईटी सेवाओं की वापसी :** प्रमुख आईटी कंपनियां भर्ती में फिर से तेजी ला रही हैं। टीसीएस ने वित्तीय वर्ष 2027 के लिए लगभग 25,000 पदों की पेशकश की है, इंफोसिस ने 20,000 और कॉग्निजेंट ने 24,000-25,000 नए फ्रेशर्स को नियुक्ति देने का लक्ष्य बनाया है।

■ **भर्ती की गुणवत्ता में बदलाव :** बड़े पैमाने पर होने वाली नियुक्तियों में लगभग 18% की गिरावट आई है। कंपनियां अब ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और किसी विशेष उत्पाद आधारित नौकरियों पर ध्यान दे रही हैं।

■ **एआई बढ़ा रहा अंतर :** तकनीकी दक्षता के आधार पर फ्रेशर्स के वेतन पैकेज में बड़ा अंतर मिल रहा है। यह 3.5 लाख रुपये प्रति वर्ष से लेकर शीर्ष विशेषज्ञों तक एक करोड़ रुपये से अधिक मिल रहा है।

■ **ऑफ-कैंपस अवसर :** कैंपस में प्रतियोगिता के कारण छात्र पोर्टफोलियो - आधारित ऑफ-कैंपस एप्लीकेशन में रुचि ले रहे हैं। कंपनियों की राष्ट्रीय योग्यता परीक्षाएं, जैसे टीसीएस एनक्यूटी, की तैयारी भी समानांतर विकल्प के तौर पर कर रहे हैं।





■ **सिविल इंजीनियरिंग**
भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर किया जा रहा भारी खर्च सिविल इंजीनियरों की दीर्घकालिक मांग की गारंटी देता है। छह शाखाओं में इसका जेईई कटऑफ सबसे कम होता है, जिससे यह अक्सर अच्छे कॉलेजों में सबसे उपयुक्त ब्रांच बन जाती है। मेहनत और अनुभव से इस ब्रांच में बहुत कामयाब हुआ जा सकता है। यहां छात्रों को आगे पढ़ाई और विशेषज्ञता हासिल करने के बारे में सोचना चाहिए। आईआईटी और एनआईटी के अच्छे विद्यार्थियों को दस लाख रुपये से ज्यादा का पैकेज आसानी से मिल जाता है।



■ **मैकेनिकल इंजीनियरिंग**
चाहे भविष्य के ऑटोमोटिव्स हों, ऊर्जा प्रणालियों में सुधार हो, रोबोटिक स्वचालन का विकास हो, मैकेनिकल इंजीनियरिंग का दायरा लगभग हर उद्योग को छूता है। ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस, विनिर्माण और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में मौके बढ़ रहे हैं। सरकार द्वारा मेक इन इंडिया, स्वच्छ ऊर्जा और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर के चलते सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से लेकर एमएनसी तक मैकेनिकल इंजीनियरों की भारी मांग है। अच्छे संस्थान के छात्रों को 20 लाख रुपये तक का शुरुआती पैकेज मिल जाता है।



■ **आर्किटेक्चर**
तेज शहरीकरण के कारण बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है और वास्तुकारों की मांग भी बढ़ा रहा है। ये इंजीनियर आर्किटेक्चर टेक्नोलॉजी, कौशल और उपकरणों का उपयोग कर किसी स्थान या भवन की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं। यूजी या पीजी की पढ़ाई पूरी करने के बाद फर्मों, सरकारी संगठनों, परामर्श कंपनियों, नगर विकास कार्यालयों, निर्माण कंपनियों और विभिन्न राज्य आवास बोर्ड में संभावनाएं हैं। अच्छे इंजीनियरिंग संस्थान के योग्य छात्रों को 20 लाख रुपये सालाना से ज्यादा का पैकेज मिल जाता है।

## जॉब/करियर

■ कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिल्ली पुलिस एवं सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में सब-इंस्पेक्टर की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है।
**कुल पद :** 1871
**अंतिम तिथि :** 30 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें- **ssc.gov.in**

■ बैंक ऑफ बड़ौदा में वेल्थ एग्जीक्यूटिव समेत अन्य पद रिक्त हैं। आवेदन ऑनलाइन करना होगा।
**कुल पद :** 1100
**अंतिम तिथि :** 24 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें- **bankofbaroda.bank.in**

■ बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर समेत अन्य पद भरे जाएंगे। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
**कुल पद :** 205
**अंतिम तिथि :** 25 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें- **bankofindia.bank.in**

■ जनपद गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं कार्यकत्रियों के पद भरे जाएंगे। केवल महिला उम्मीदवार आवेदन की पात्र होंगी।
**कुल पद :** 267
**अंतिम तिथि :** 28 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। इस वेबसाइट **upanganwadibharti.in** पर जाएं।

■ दिल्ली उच्च न्यायालय में सीनियर पर्सनल असिस्टेंट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद रिक्त हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु हो गई है।
**कुल पद :** 150
**अंतिम तिथि :** 05 अक्तूबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें **delhihighcourt.nic.in**

■ संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कंबाइन्ड जियो-साइंटिस्ट इग्जामिनेशन-2027 के लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी किया गया है।
**कुल पद :** 127
**अंतिम तिथि :** 22 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन माध्यम से। यूपीएससी की वेबसाइट है - **upsc.gov.in**

■ कर्मचारी चयन आयोग जूनियर इंजीनियर भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा। आवेदन प्रक्रिया जारी है।
**कुल पद :** 1748
**अंतिम तिथि :** 22 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन करें। वेबसाइट है - **ssc.gov.in**



■ भारतीय स्टेट बैंक ने स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर के पद भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।
**कुल पद :** 207
**अंतिम तिथि :** 25 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन माध्यम से। बैंक की वेबसाइट है - **sbi.bank.in**

■ नेशनल इन्फॉर्मेटिक सेंटर में साइंटिफिक/टेक्निकल असिस्टेंट-ए के पद पर ऑनलाइन आवेदन का मौका है।
**कुल पद :** 376
**अंतिम तिथि :** 30 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट है- **nic.gov.in**
(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

# वन विभाग में नियुक्ति के लिए पद मुताबिक करें तैयारी

**एक्सपर्ट टिप्स**



डॉ. संजीब कुमार आचार्य
सीनियर करियर काउंसलर

■ **मैं वन विभाग में नौकरी करना चाहता हूं। कृपया मार्गदर्शन करें। - अमित कुमार**

जंगल, वन्यजीव, पर्यावरण और प्राकृतिक स्थानों में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए वन विभाग में करियर के अच्छे विकल्प हैं। अलग-अलग शैक्षणिक स्तर पर अवसर मिलते हैं, लेकिन सबसे पहले तय करें कि किस पद को लक्ष्य बनाना है। अधिकारी स्तर की नौकरियों के लिए एग्रीकल्चर, फॉरेस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स, जियोलॉजी, एनिमल हसबैंड्री और वेटरिनरी साइंस या कुछ इंजीनियरिंग विषयों में स्नातक डिग्री जरूरी है। भर्ती यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के जरिए होती है। परीक्षा में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए सामान्य अध्ययन, एप्टीट्यूड और चयनित विषयों की तैयारी पहले से शुरू करना बेहतर है।

राज्य वन विभाग भी राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षाओं के जरिए फॉरेस्ट रेंजर, फॉरेस्ट ऑफिसर, फॉरेस्टर और फॉरेस्ट गार्ड जैसे पदों पर भी भर्ती करते हैं। पद के अनुसार शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग होती है। फॉरेस्ट गार्ड और कुछ अन्य फील्ड से जुड़े पदों के लिए 10वीं या 12वीं पास होना पर्याप्त हो सकता है, जबकि उच्च पदों के लिए आमतौर पर स्नातक डिग्री जरूरी होती है। फील्ड जॉब के लिए शारीरिक फिटनेस और मेडिकल मानक भी जरूरी हैं। छात्रों को बायोलॉजी, इकोलॉजी, एन्वॉयरमेंटल साइंस, ज्योग्राफी और एन्वॉयरमेंट से जुड़े मौजूदा मुद्दों की जानकारी विकसित करनी चाहिए। छात्रों को भर्ती और पात्रता संबंधी जानकारी के लिए यूपीएससी, राज्य लोक सेवा आयोग और संबंधित वन विभाग की भर्ती सूचनाएं नियमित रूप से देखनी चाहिए।



■ **मैंने एआई और डाटा साइंस में बीटेक किया है। इंटर्नशिप के बाद एआई/एमएल इंजीनियर के तौर पर एक स्टार्टअप कंपनी में कार्यरत हूं। प्रतिष्ठित कंपनी में एआई से जुड़े बड़े अवसर पाना चाहता हूं। - अनुराग कुमार झा**

एआई/एमएल इंजीनियरिंग में करियर की अच्छी संभावनाएं हैं। हालांकि, 1 से 3 साल के अनुभव वाले पेशेवरों को बड़ी कंपनियों में अवसर पाने के लिए अपनी प्रोफाइल और विशेषज्ञता मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए एआई के हर क्षेत्र को सीखने के बजाय एक-दो क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करना बेहतर है। मशीन लर्निंग, जनरेटिव एआई, एलएलएम, एनएलपी और एमएलऑप्स जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ आरएजी और एआई एजेंट जैसी तकनीकों की जानकारी करियर में फायदा दे सकती है।

मौजूदा नौकरी का इस्तेमाल व्यावहारिक अनुभव बढ़ाने के लिए करें। ऐसे प्रोजेक्ट पर काम करें, जिनके नतीजे स्पष्ट रूप से दिखाए जा सकें। गिटहब पर पोर्टफोलियो बनाएं और हर प्रोजेक्ट में समस्या, तकनीक, अपनी भूमिका और नतीजे बताएं। मशीन लर्निंग इंजीनियर, डाटा साइंटिस्ट, जेनएआई और एमएलऑप्स जैसे पदों के लिए भी आवेदन करें। बड़ी आईटी, प्रोडक्ट कंपनियों, फिनटेक और टेक कंपनियों में अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

नेटवर्किंग भी जरूरी है। लिंक्डइन पर एआई प्रोफेशनल्स और रिक्रूटर्स से जुड़ें, हैकाथॉन व एआई कम्युनिटी में हिस्सा लें और जान-पहचान के जरिए नौकरी के अवसर तलाशें। साथ ही, कोडिंग, एसक्यूएल, मशीन लर्निंग, सिस्टम डिजाइन और एआई इंटरव्यू की तैयारी करें।

अपनी नौकरी जारी रखते हुए बड़ी कंपनियों में अवसर तलाशें। अगले 6-12 महीनों में तकनीकी कौशल, प्रोजेक्ट अनुभव और नेटवर्किंग मजबूत करें। इससे बेहतर कंपनी में जाने की संभावना बढ़ सकती है।
**(www.sanjibacharya.com)**

## हिन्दुस्तान क्विज-23

**हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...**

1. किस प्रसिद्ध हिन्दुस्तानी ने अफ्रीका में तीन फुटबॉल क्लब स्थापित किए थे?
2. किस हिन्दुस्तानी बैंक के प्रतीक चिह्न में भारत माता का चित्र बना हुआ है?
3. हिन्दुस्तानी नौसेना का प्रतीक किस भारतीय शासक की नौसेना पर आधारित है?
4. किस हिन्दुस्तानी क्रिकेटर ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार सौ छक्के लगाए हैं?
5. पहली बार किस हिन्दुस्तानी महिला को मिसेज वर्ल्ड का खिताब मिला?
6. रिजर्व बैंक के पहले हिन्दुस्तानी गवर्नर कौन थे?
7. हिन्दुस्तान के किस क्रिकेटर ने भारत की ओर से विदेशी धरती पर टेस्ट में पहला शतक लगाया था?
8. बटर चिकन व्यंजन की ईजाद का श्रेय किसे दिया जाता है?
9. हिन्दुस्तान के किस प्रसिद्ध ब्रांड का नाम लक्ष्मी देवी पर आधारित है?
10. ध्यानचंद के छोटे भाई, जो स्वयं हिन्दुस्तान के लिए हॉकी खेलते थे, उनका क्या नाम था?



उत्तर : 1. महात्मा गांधी 2. बैंक ऑफ इंडिया 3. शिवाजी 4. ऋषभ पंत 5. अदिति गोवित्रिकर 6. सी डी देशमुख 7. मुश्ताक अली 8. कुंदन लाल गुजराल, 9. लक्मे 10. रूप सिंह

## भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें **nayiraheincareer@gmail.com**

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। लेखन आदि कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। संतान और पिता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**सिंह :** मन परेशान हो सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। किसी संपत्ति से आय में वृद्धि हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक संगीत के कार्यक्रम हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला :** कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में परिवर्तन की संभावना बन रही है। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु :** मन परेशान रहेगा। धैर्य रखें। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**मकर :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखें। लेखन आदि कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ :** मन परेशान रहेगा। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। किसी दूसरे स्थान पर भी जाना हो सकता है।

**मीन :** शैक्षिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन हो सकता है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

17 सितंबर, गुरुवार, **शक संवत् :** 26, भाद्रपद (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग :** 01, आश्विन मास प्रविष्टे 2083 **इस्लाम :** 05, रबि-उल्सानी, 1448, **विक्रमी संवत् :** भाद्रपद शुक्ल षष्ठी तिथि प्रातः 10.49 मिनट तक पश्चात सप्तमी तिथि, अनुराधा नक्षत्र सायं 07.54 मिनट तक, विष्कुम्भ योग दोपहर 12.50 मिनट तक पश्चात प्रीति योग, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में (दिन रात)।

**सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। शरद ऋतु। दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्। सूर्य षष्ठी व्रत। आश्विन संक्रान्ति। सन्तान सप्तमी व्रत।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

कृपया यह बताएं कि गृह प्रवेश में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

- सबसे पहले अच्छा मुहूर्त निकलवाएं, जो शुभ हो। गृह प्रवेश के मुहूर्त का महीना भी शुभ होना चाहिए। रविवार एवं मंगलवार को गृह प्रवेश करना ठीक नहीं होता।
- चतुर्थी, नवमी एवं चतुर्दशी इन तिथियों को गृह प्रवेश नहीं करना चाहिए।
- दीपावली के बाद एवं होली से पहले गृह प्रवेश करना ठीक नहीं माना जाता।
- नए घर में सबसे पहले कन्या एवं महिला का प्रवेश करना शुभ होता है।
- गृह प्रवेश से पहले घर की अच्छी तरह से सफाई करें एवं गंगाजल, गौमूत्र आदि से पवित्रीकरण करें।

### वर्ग पहेली : 8454



**बाएं से दाएं**
3. इज्जत रखना; बात का आदर करना; कहा मानना; मान रखना (2,3)
6. बांटा हुआ; वितरण किया हुआ (4)
7. रसीला होना; रोचकता; स्वादिष्टता (5)
8. नगर का; नगर संबंधी; निवासी; रहने वाला (4)
10. जिसमें कमानी हो; नवचंद्राकार (5)
14. हिंडोले पर पेंग मारना; झूमते इतराते चलना (4)
15. तालाब; सरोवर (5)
16. आय पर लगने वाला कर (4)
17. विचार करना; तैयार होना; तय करना (2,3)

**ऊपर से नीचे**
1. बाजार में साख बनवाना; लोगों के बीच प्रसिद्धि दिलाना; हालत पक्ष में करना; चित्र बनाना; फोटो बनाना (2,3)
2. परिवार का; परिवार से संबंधित (5)
4. तहसील का प्रभारी अधिकारी; छोटे माल मुकदमों का फैसला करने वाला अधिकारी; लगान वसूली अधिकारी (6)
5. अनबन; झगड़ा; खट-खट (4)
9. अर्जित करना; कारोबार करना; धंधा करना; व्यापार करना; कमाना (3,3)
11. रमणीय होने का भाव; सुंदरता; रूप माधुर्य (5)
12. अस्वीकार करना; निषिद्ध करना; रुकवाना; वर्जित करना (2,3)
13. अल्पवयस्क; कम उम्र का; छोटी अवस्था का (4)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8453

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 स | र | 2 स | ■ | 3 प | ■ | 4 का | ■ |
| 5 द | ■ | ■ | 6 ब | चा | व | क | र | ना |
| 7 म | ल | 8 म | ल | ■ | न | ■ | से | ■ |
| ल | ■ | ह | ■ | 9 ल | ■ | 10 वि | वा | 11 ह |
| गा | ■ | 12 क | र | वं | च | क | ■ | त्या |
| 13 ना | 14 प | ना | ■ | ग | ■ | सि | ■ | क |
| ■ | थ | ■ | 15 म | ■ | 16 प | त | वा | र |
| 17 ब | रा | म | द | हो | ना | ■ | ■ | ना |
| ■ | व | ■ | द | ■ | 18 ह | व | न | ■ |

### सुडोकू : 8408

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | 1 | 7 | 4 | | 3 |
| | 4 | | 6 | | | | 8 | |
| 3 | | | | | 4 | | | |
| 1 | | 3 | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | | | 2 |
| | 9 | | | | | 5 | | 1 |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| | 7 | | | | 5 | | 9 | |
| 2 | | 9 | 7 | 8 | | | | 4 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8407

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 1 | 3 |

## प्रेरणा

खुशी कोई रेडीमेड चीज नहीं है। ये आपके अपने कामों से आती है। - दलाई लामा

## संपादकीय

# यूपीआई भुगतानों पर शुल्क कहीं महंगा सौदा न सिद्ध हो

महंगाई बढ़ने के कुछ स्थूल कारण होते हैं जैसे आपूर्ति संकट, कम उत्पादन और इनपुट्स की कीमतों में वृद्धि। लेकिन एक सूक्ष्म कारण भी होता है- मार्केट सेंटिमेंट। जहां स्थूल कारणों से आज महंगाई आठ माह में चरम पर है, वहीं यूपीआई भुगतानों पर शुल्क लेने का फैसला बाजार को मूल्य-वृद्धि के लिए मजबूर करेगा। भले ही इसका नाम एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) रखा गया हो, लेकिन इसका भुगतान अंततः उपभोक्ता को ही करना होगा। मात्र बैंकों को ताकीद करना कि वे सुनिश्चित करें विक्रेता यह शुल्क उपभोक्ता को ट्रांसफर न करें, पर्याप्त नहीं है। मार्केट सेंटिमेंट तो यही है कि एक नया शुल्क लगा है। विपक्ष के इन आरोपों को कि अमेरिका के दबाव में यह फैसला लिया गया है, अगर खारिज भी कर दें तो क्या इससे आम लोग फिर से कैश इकोनॉमी की ओर नहीं लौटेंगे? क्या व्यापारी कोई भी नया शुल्क अपनी जेब से भरेगा? आज जरूरत है खाद्यान्न महंगाई को कम करने की, क्योंकि किसान ने खेती का रकबा और उसमें निवेश भी कम कर दिया है। लेकिन इस निर्णय से अनाज तथा रोजमर्रा की वस्तुएं और महंगी हो सकती हैं। क्रूड और फर्टिलाइजर अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार महंगे हो रहे हैं। अगर किसानों ने खरीफ में खाद कम खरीदा है तो सरकार को खुश होने की जगह चिंता करनी चाहिए। यह सच है कि सरकार को खाद सब्सिडी की बचत हुई, लेकिन अगर उत्पादन घटेगा तो संकट बढ़ जाएगा। एथेनॉल ब्लेंडिंग पर जोर देना भी समस्या को जटिल ही करेगा।

## जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com



# मन नियंत्रित हो तो शरीर में भी स्वास्थ्य उतर आएगा

अब तो मेडिकल साइंस भी मानता है कि तन की बीमारी के पीछे मन का भी अदृश्य हाथ होता है। भले ही मेडिकल साइंस को मन पकड़ में नहीं आता, लेकिन उसके प्रभाव पकड़े जा सकते हैं, क्योंकि मन अंग नहीं, एक अवस्था है और उसे हमने ही निर्मित किया है। इस मामले में मन बहुत तेज-तर्रार है। तन उसके सामने कमजोर पड़ जाता है। मन अपनी इच्छाएं पूरी करने के लिए तन की बलि चढ़ा देता है। कभी-कभी तो हम समझते हैं कि हमें इस तन से ऐसा गलत काम नहीं करना चाहिए, फिर भी हम कर जाते हैं। बारीकी से सोचें तो पता लगेगा कि हमारे भीतर मन नाम का ऐसा तत्व है, जो हमसे ना चाहते हुए भी गलत काम करा जाता है। अध्यात्म कहता है कि यदि मन शून्य हो, नियंत्रित हो, तो शरीर में स्वास्थ्य उतर आएगा। इसलिए समय आ गया है कि मेंटल हेल्थ पर बहुत काम करें, फिजिकल हेल्थ उसी पर टिकी है। और मन को नियंत्रित करने के लिए 24 घंटे में से कुछ समय योग, उसमें भी खास तौर पर ध्यान को दिया जाए। तन स्वस्थ रखना हो तो मन पर राज करें और मन पर राज करना हो तो ध्यान किया जाए। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

# अधूरी छोड़ी कविता



बड़े दिनों बाद मैंने एक कविता लिखनी चाही
गांव की सांझ को लिखना चाहा
बौराए आम को, खेलती सीमा-बबीता के गीतों
डमरू काका की ढोलक को लिखना चाहा

पर इस सिरफिरी कलम ने बगावत कर दी
ये न्याय-व्यवस्था को खड़ा करना चाहती है कठघरे में

ये लिख रही है ईंट-भट्टों पर भागते नंगे बच्चों
और उनके भूखे बर्तनों को
ये पैसे की परिभाषा को छेड़ती है

मैंने स्याही को बताया-
मुनासिब नहीं ताकत के विरोध में जाना।
तुझे मेरी फिक्र नहीं?

थक्का जमाते हुए स्याही ने विरोध जताया-
कैसे आदमी हो?
जिम्मेदारी को पेशे की तरह देखते हो?
और मरती हुई चीखों पर लाकर
उसने कविता अधूरी छोड़ दी!
-टेकलाल निराला, गिरहूलपाली, छत्तीसगढ़
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### विद्यार्थियों की सुरक्षा पुख्ता हो

कोचिंग, पीजी इमारतों में हादसे की घटनाएं बताती हैं कि घर से बाहर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। पैसों के लालच में लोग ऐसे जर्जर मकानों को किराए पर दे देते हैं। इन विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर उचित कदम उठाए जाने चाहिए। -साजिद अली, इंदौर, मध्यप्रदेश

### नए नियमों से प्रभावित होंगे भारतीय

अमेरिका में प्रस्तावित नए नियम के अनुसार नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को नई नौकरी खोजने के लिए 60 दिन का समय नहीं मिलेगा। उन्हें तुरंत अमेरिका छोड़ना होगा। इससे वहां भारतीय सर्वाधिक प्रभावित होंगे। हमारे युवाओं को अब यूरोपीय देशों का रुख करना चाहिए। -जंगबहादुर सिंह, जमशेदपुर, झारखंड

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## मन की प्रयोगशाला

### अनिश्चितता में दिमाग निगेटिव सोचता है

इंटरनेशनल रिव्यू ऑफ सोशल साइकोलॉजी के एक ताजा शोध के अनुसार जब हम परेशान होते हैं तो दिमाग एक खास पैटर्न में सोचने लगता है। अनिश्चित परिस्थितियों में हमारा दिमाग सबसे नकारात्मक और खतरनाक नतीजों पर पहुंच जाता है और बिना किसी ठोस कारण के भी हम पर डर हावी हो जाता है। इस निगेटिविटी से बचने के लिए विचारों में स्पष्टता आने तक रुकना बेहतर होता है।

---

**सुर्खियों से आगे •** देश की राजनीति में इन दिनों एक तरह की नई इबारत लिखी जा रही है...

# पैने दांतों को खट्टे करने का मौसम

## देशकाल

नवनीत गुर्जर
navneet@dbcorp.in



मौसम, गीत और लोकगीत अब लगभग एक जैसे हो चले हैं।

मौसम जाने किस प्रदेश के, किस शहर की, किस गली में सूखा रहेगा, और किस गली को भिगोएगा, पता ही नहीं चलता।

जिन प्रदेशों ने कभी बारिश की लम्बी झड़ी देखी ही नहीं थी, जिनकी उम्मीदें बादलों के शहर की जालिम दीवारों से टकराकर लहूलुहान होती रहती थीं, वहां अब मेघ खूब बरस रहे हैं।

जहां सात-सात, आठ-आठ दिन की झड़ी लगा करती थी, वहां अब सूखा पड़ा है।

हालांकि ये सितम्बर का महीना है, काश फूलने लगा है और वर्षा भी बुढ़ा गई है- 'फूले काश सकल महि छाई, जनु वर्षाकृत प्रकट बुढ़ाई।'

दरअसल, गीत और लोकगीत भी इसी मौसम की तरह होते हैं। जाने कौन व्यक्ति किस देश या प्रदेश में जाकर गीतों या लोकगीतों का विषय बन जाए, कहा नहीं जा सकता।

किताबें बताती हैं- ग्रीस में सिकंदर और उसकी चंदन की कुर्सी के बारे में कई गीत लिखे गए। जाहिर है ये गीत वहां मेसीडोनिया से आए होंगे। लेकिन भारत में तो वह आक्रांता था, इसलिए यहां के लोकगीतों में उसके प्रति कड़वाहट ही देखने को मिलती है। होनी ही थी।

इसी का उल्टा वाकया इज्जत बेग के बारे में मिलता है। जब वह हमारे देश में आया और उसने एक सुंदर कुम्हारन से प्रेम किया तो हमने उसके बारे में कई तरह के गीत लिखे।

जब समरकंद वालों से पूछा गया कि क्या आपने भी ऐसा कुछ लिखा है, तो जवाब मिला- हमारे देश में तो वह बस एक अमीर सौदागर का बेटा था। ...और कुछ भी नहीं। प्रेमी तो वो आपके देश जाकर बना। सो गीत आपको ही लिखने थे। आखिर हम कैसे लिखते भला?

गीत, लोकगीत और मौसम से याद आया कि इस समय राजनीति में भी इन तीनों को मिलाकर एक तरह की नई इबारत लिखी जा रही है।

इबारत लिखने वाली है जेन-जी और जेन-अल्फा। यानी आज का युवा और किशोर।

उनमें जोश है। व्यवस्था, खासकर कुव्यवस्था के विरोध में उनके भीतर गुस्सा है। वे अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। जोश के साथ।

छोटे-छोटे बच्चे, बड़े-बड़े अफसरों, नेताओं से अपनी मांगें मनवा रहे हैं।

मांगें भी इनकी छोटी-छोटी हैं। टाटपट्टी की जगह बेंच। स्कूल भवन की मरम्मत। स्कूल तक के रास्ते पर सड़क का निर्माण आदि।

नेता, राजनेता और राजनीतिक दल अब उन्हें साधने, बहलाने, फुसलाने में जुटे हुए हैं। पर ये युवा हैं कि किसी भी तरह झुकने को तैयार नहीं हैं।

इसलिए कि वो दिन लद गए, जब पैरों की आहट की आदी गलियां भी शाम पड़े सो जाया करती थीं।



**अपनी आग को ये युवा जिस दिन वोटिंग मशीन में डाल देंगे**

**अपनी आग को ये युवा जिस दिन वोटिंग मशीन में डाल देंगे, उस दिन राजनीतिक दलों की हवा तंग होने लगेगी। यही डर अब हर राजनीतिक पार्टी को सता रहा है। हो सकता है राजनीतिक दल ऐसी कोई चाल चलें कि समय बीतने के साथ इन युवाओं का गुस्सा ठंडा पड़ जाए, क्योंकि राजनीति जो न कराए वो कम होता है।**

वो दिन लद गए, जब पहली पूरी पीढ़ियों की आंखें बूढ़े बरगद की तरह ठंडी हुआ करती थीं।

दरअसल, युवावस्था उम्र का एक ऐसा पड़ाव होता है, जिसमें अब तक का जाना-पहचाना सबकुछ शरीर के कपड़ों की तरह तंग हो जाता है।

होंठ जिंदगी की प्यास से खुश्क हो जाते हैं।

आकाश के तारे जिन्हें सप्तऋषियों के आकार में देखकर प्रणाम करना होता था, उन्हें पास जाकर छू लेने को जी करता है।

इर्द-गिर्द, दूर-पास की हवाओं में इतनी मनाहियां, इतने इनकार होते हैं और इतने विरोध, कि सांसों में आग सुलग उठती है।

अपनी इस आग को ये युवा जिस दिन वोटिंग मशीन में डाल देंगे, उस दिन राजनीतिक दलों की हवा तंग होने लगेगी।

यही डर अब हर राजनीतिक पार्टी को सता रहा है।

नेताओं, पार्टियों द्वारा सत्ता की लालसा में जिन पत्थरों पर घिसकर अपनी इच्छाओं के दांत पैने किए जा रहे थे, वही दांत अब खट्टे हो चले हैं।

हो सकता है राजनीतिक दल ऐसी कोई चाल चलें कि कालांतर में या समय बीतने के साथ इन युवाओं का गुस्सा ठंडा पड़ जाए, क्योंकि राजनीति जो न कराए वो कम होता है।

रिश्ते, नाते, भाई, बंधु इस राजनीति के लिए हमेशा परिचित भी होते हैं और अपरिचित भी।

जैसा मौका होता है, वैसा राग छेड़ दिया जाता है। वैसी रार ठान ली जाती है।

समय के बारे में वैसे कुछ नहीं कहा जा सकता।

क्योंकि मनुष्य के दो ही पांव होते हैं और मुकद्दर के हजारों!

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

---

**मुद्दा •** सिस्टम का चाक-चौबंद होना जरूरी

# हमें कानून के पालन के लिए कोई 'सिंघम' ही क्यों चाहिए?

## करप्शन

राजदीप सरदेसाई
वरिष्ठ पत्रकार
rajdeepsardesai52@gmail.com



मात्र 100 दिनों में महाराष्ट्र एफडीए (फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) के आयुक्त तुकाराम मुंढे ने उससे पहले के 18 महीनों की तुलना में खानपान के मामलों में मिलावट के ज्यादा मामले उजागर किए हैं। गणेश चतुर्थी से पहले भी मुंढे की छापेमारी जारी रही, जबकि यह महाराष्ट्र में सबसे व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से है। उन्हें अब 'सिंघम' कहा जाने लगा है- उस ब्लॉकबस्टर फिल्म के सुपरकॉप की तर्ज पर, जो राजनीतिक भ्रष्टाचार से लोहा लेता है।

मिलावटी भोजन के खिलाफ उनकी कार्रवाई पर हुई प्रतिक्रिया बहुत कुछ उजागर करती है। जिन कारोबारों को ढीले-ढाले रेगुलेशंस की आदत पड़ चुकी है, उन्हें अब लाइसेंस खोने का डर है। दूसरी ओर, आम नागरिकों में उम्मीद है और शायद राहत भी। यह कि आखिरकार कोई तो वह सवाल पूछता हुआ दिखाई दे रहा है, जो सरकार को बहुत पहले पूछना चाहिए था यह कि : आखिर आप हमें खिला क्या रहे हैं?

हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जब बाहर खाना रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। हम बिना सोचे ऑनलाइन खाना यह मानकर ऑर्डर कर देते हैं कि कहीं न कहीं कोई यह जांच जरूर कर रहा होगा कि हम जो खा-पी रहे हैं, वह सुरक्षित है या नहीं। लेकिन हर वह छापा- जिसमें गंदे और अस्वच्छ किचन, मिलावटी सामग्री या खाद्य सुरक्षा मानकों का खुलेआम उल्लंघन सामने आता है- इस धारणा को चकनाचूर कर देता है। समस्या यह नहीं है कि कानून मौजूद नहीं हैं। समस्या यह है कि उन्हें लागू नहीं किया जाता।

लेकिन यहीं से एक बड़ा सवाल सामने आता है : अपना काम करने वाले किसी अधिकारी को सुपरहीरो क्यों समझा जाना चाहिए? मुंढे के पास कोई सुपरपावर नहीं है। उन्हें बैकग्राउंड म्यूजिक या फिल्मी डायलॉग की भी जरूरत नहीं है। फिर भी 'सिंघम' का तमगा उनसे चिपक गया है, क्योंकि नागरिक यह देखने के आदी हो चुके हैं कि ताकतवर लोग व्यवस्था से बच निकलने के रास्ते हमेशा तलाश लेते हैं। मुंढे अपने पूरे कॅरिअर में ऐसे अधिकारी के रूप में जाने जाते रहे हैं, जो जमे-जमाए हितों को चुनौती देने से नहीं हिचकते और आसानी से समझौता करने को तैयार नहीं होते। 21 वर्षों में उनके 25 तबादले हो चुके हैं। लेकिन ऐन इसी बिंदु पर एक अधिकारी की कहानी भारतीय नौकरशाही की कहानी बन जाती है।

भारत में बुद्धिमान या ईमानदार सिविल सेवकों की कमी नहीं है। हर साल देश के कुछ सबसे प्रतिभाशाली युवा सिविल सेवाओं में आते हैं। कमी उस संस्थागत माहौल में है, जो उन्हें स्वतंत्र होकर काम करने की गुंजाइश नहीं देता। एक अधिकारी कठिन पोस्टिंग झेल सकता है। लेकिन ऐसी व्यवस्था में टिके रहना मुश्किल है, जहां हर महत्वपूर्ण फैसले से पहले कई तरह के हिसाब लगाने पड़ते हैं। कौन नाराज होगा? क्या कोई राजनेता इसकी शिकायत करेगा? क्या कोई ताकतवर कारोबारी फोन लगाएगा? क्या कोई धार्मिक समूह विरोध करेगा? क्या कोई प्रभावशाली लॉबी अपने संपर्कों का इस्तेमाल करेगी? और क्या काम पूरा होने से पहले ही तबादले का आदेश आ जाएगा?

इसी तरह धीरे-धीरे संस्थाओं की रीढ़ कमजोर पड़ती जाती है। इसलिए नहीं कि हर नौकरशाह भ्रष्ट है।

**मुंढे के पास कोई सुपरपावर नहीं है। उन्हें बैकग्राउंड म्यूजिक या फिल्मी डायलॉग की जरूरत नहीं है। फिर भी 'सिंघम' का तमगा उनसे चिपक गया है, क्योंकि नागरिक यह देखने के आदी हो चुके हैं कि ताकतवर लोग व्यवस्था से बच निकलने के रास्ते हमेशा तलाश लेते हैं।**

बल्कि इसलिए कि सिस्टम में गड़बड़ है। शायद मुंढे की कहानी का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह नहीं है कि उन्हें 'सिंघम' कहा जा रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि हम नागरिक मानो ऐसे किसी व्यक्ति के लिए बेताब हैं। खाद्य सुरक्षा इस बात पर निर्भर नहीं होनी चाहिए कि तुकाराम मुंढे एफडीए के प्रमुख हैं। किसी अधिकारी के छापे शुरू कर देने से रेस्तरां अचानक स्वच्छ नहीं हो जाने चाहिए। मिलावटखोरों को सिर्फ तब नहीं डरना चाहिए, जब कोई सख्त आयुक्त पद पर हो। मुंढे के चले जाने के बाद भी व्यवस्था को काम करना चाहिए।

**पुनश्च :** पिछले हफ्ते मैंने महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ मंत्री से पूछा : 'आप मुंढे के बारे में क्या सोचते हैं?' उनकी तरफ से तीखा जवाब आया, 'ओह, वह तो पागल आदमी है!' लेकिन शायद हमें ऐसे और सरकारी कर्मचारियों की जरूरत है, जिनमें थोड़ा-सा 'पागलपन' हो, जिनकी जिम्मेदारी नागरिकों के प्रति हो, न कि अपने राजनीतिक आकाओं के प्रति।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

---

**विश्लेषण •** इस बिंदु पर हम बांग्लादेश से भी पीछे

# भारत में महिलाएं इतनी कम तादाद में क्यों काम करती हैं?

## वर्कफोर्स

शिशिर गुप्ता
सेंटर फॉर सोशल इकोनॉमिक प्रोग्रेस में सीनियर फेलो



भारत में फीमेल लेबर-फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एफएलपीआर) 35% है, जो बांग्लादेश (42%) और फिलीपींस (50%) जैसे देशों से भी काफी कम है। हालांकि यह दर 2017-18 के 21% से अधिक है, लेकिन गौर से देखें तो पता चलता है कि इस वृद्धि में 70% से अधिक योगदान कृषि और निर्वाह-आधारित क्षेत्रों (सब्सिस्टेंस सेक्टर्स) का है, जिसमें बड़े पैमाने पर छिपी हुई बेरोजगारी भी शामिल है।

विकसित देशों की तुलना में हमारे एफएलपीआर के अंतर को पाटना महज लैंगिक समानता के लिए ही अहम नहीं है। इससे आर्थिक विकास में भी काफी फायदा मिल सकता है। इससे भारत अपनी जीडीपी में 700 अरब से 1.4 ट्रिलियन डॉलर तक की अतिरिक्त वृद्धि कर सकता है। लेकिन भारत में इतनी कम महिलाएं क्यों काम करती हैं? इसे लेकर हुए अध्ययनों में आपूर्ति पक्ष की बाधाओं पर फोकस किया गया है, खासकर सामाजिक नियम- जिनमें अनपेड केयर वर्क्स का असमान वितरण, आवागमन व शिक्षा पर लगी पाबंदियां, कमजोर कानूनी सुरक्षा तथा बाल विवाह जैसी प्रथाएं शामिल हैं।

मौजूद साक्ष्य इसकी पुष्टि भी करते हैं। यूएन वुमन की एक तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय महिलाएं दिन का 22% समय अनपेड केयर वर्क्स में बिताती हैं, जबकि पुरुषों के लिए यह आंकड़ा दिन का करीब 6.4% ही है। नतीजतन, नीतियों का बड़ा हिस्सा पहले से मौजूद नौकरियों में ही महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने पर केंद्रित रहा है। बीते कुछ दशकों में कई बाधाएं हटने के बावजूद गैर-कृषि लेबर फोर्स में महिलाओं की हिस्सेदारी में भी बदलाव नहीं हुआ है।

भारत में आमतौर पर महिलाओं की कम एफएलपीआर के लिए शिक्षा को भी कारण बताया जाता है। लेकिन अब हर स्तर पर महिलाओं के नामांकन की दर पुरुषों के बराबर या उससे अधिक हो चुकी है। 2005-06 के बाद से बाल विवाह भी लगभग आधे हो गए हैं। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी भी बढ़ी है। 1996 में महिलाओं का मतदान पुरुषों की तुलना में करीब 9% कम था, लेकिन 2024 तक यह पुरुषों से भी आगे निकल गया। ऐसे में अगर केवल सामाजिक नियम ही बाधा होते तो फिर प्रोडक्टिव एम्प्लॉयमेंट में महिलाओं की स्थिति में स्पष्ट बदलाव दिखना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बीते दो दशकों में गैर-कृषि रोजगारों में महिलाओं का अनुपात 5% ही बढ़ा है।

यह विरोधाभास बताता है कि महिलाओं की एफएलपीआर कम होने का एक कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में कुल श्रम मांग की कमी भी है। इसे समझने का एक तरीका है- लेबर इंटेंसिटी यानी उत्पादन के अनुपात में लगाए गए श्रमिकों की संख्या। कई समान अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की लेबर इंटेंसिटी काफी कम है। मसलन, बांग्लादेश, फिलीपींस और वियतनाम में जीडीपी के 10 लाख डॉलर उत्पादित करने के लिए करीब 40-50 श्रमिक काम करते हैं, जबकि भारत में 35 श्रमिक ही लगते हैं। अगर भारत में बांग्लादेश जितनी लेबर इंटेंसिटी होती तो महिला एफएलपीआर करीब 50% होती।

भारत में मजदूरी और बेरोजगारी के आंकड़ों में भी श्रम की कमजोर मांग की स्थिति नजर आती है। 15-25 वर्ष की आयु के युवा ग्रेजुएट्स में करीब 40% बेरोजगारी है। इससे पता चलता है कि श्रम की मांग इतनी नहीं है कि इन ग्रेजुएट्स को काम करने के लिए प्रेरित करने वाली पर्याप्त तनख्वाह मिल सके। बांग्लादेश की रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री का अनुभव बताता है कि श्रम की मांग एफएलपीआर को कैसे प्रभावित कर सकती है। 1983 में बांग्लादेश के कुल निर्यात में इस इंडस्ट्री की हिस्सेदारी 4% थी, लेकिन 2021 तक यह 81% हो गई। इस लेबर-इंटेंसिव निर्यात सेक्टर के तेजी से हुए विस्तार ने महिलाओं के लिए लाखों रोजगार अवसर पैदा किए।

**भारत में महिलाओं की एफएलपीआर दो माध्यमों से बढ़ सकती है- तेज जीडीपी ग्रोथ और रोजगारों में बढ़ोतरी। तेज ग्रोथ से पूंजी और श्रम की मांग बढ़ेगी। वहीं लेबर-इंटेंसिव ग्रोथ मॉडल सुनिश्चित करेगा कि बढ़ी हुई मांग का अधिकतर हिस्सा रोजगारों में बदले।**

भारत में श्रम की मांग इतनी कम क्यों है? इसका एक कारण श्रमिकों को रोजगार देने से जुड़ी लागत और जटिलताएं हैं। करीब 15% भारतीय कंपनियां श्रम नियमों को बाधा मानती हैं। नियमों के पालन संबंधी आवश्यकताएं और कर्मचारियों को नियुक्त करने और हटाने से जुड़ी पाबंदियां श्रमिकों को रोजगार देने की लागत को बढ़ाती हैं। ऐसे में कंपनियां श्रम की जगह पूंजी में निवेश के लिए प्रेरित होती हैं।(@प्रोजेक्ट सिंडिकेट। लेख की सहलेखिका आल्हा सभरवाल हैं)

---

**विशेष •** भारत की युवा पीढ़ी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले हैं उड़ान के लिए पंख...

# पाबंदियों की दीवार को गिराकर खुले दरवाजों वाला देश बने हैं हम

## अभिनंदन

पी.वी. सिंधु
दो बार की ओलिम्पिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी



क्या होता अगर दस साल पहले कोई भारतीय लड़की कहती कि उसे रॉकेट बनाना है। इसरो में शामिल होकर नहीं, बल्कि खुद का रॉकेट। ऐसे में शायद उसके आसपास के लोग खामोश रह जाते। फिर कोई सहानुभूति से समझाता कि यह उसके बस की बात नहीं। कि इतने बड़े सपने तो दूसरे देशों के लोगों के लिए होते हैं। लेकिन 18 जुलाई 2026 को एक निजी भारतीय कंपनी का बनाया रॉकेट अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच गया। इसे स्काईरूट ने बनाया था, जिसकी बुनियाद दो युवा इंजीनियरों ने रखी थी। दोनों ने अपने काम छोड़कर इस लगभग नामुमकिन सपने को सच करने की ठानी थी।

पिछले दस वर्षों में देश में प्रतिभाओं में कोई बदलाव नहीं आया है। भारत के पास काबिलियत हमेशा से थी। जो चीज बदली, वह था अवसर। हमारे इतिहास में ज्यादातर समय किसी बड़े सपने का जवाब होता था कि ऐसा करना मुमकिन नहीं। इसलिए नहीं कि काबिलियत में कमी थी। बल्कि इसलिए कि मंजिल तक पहुंचने का दरवाजा ही बंद था। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सबसे बड़ी कामयाबी यह रही कि अब वह दरवाजा खुल चुका है।

इस बदलाव की गहराई को समझना जरूरी है। दशकों तक भारत में हर बड़े सपने को रुकावटों का सामना करना पड़ता था। कोई भी अहम काम करने के लिए आपको लाइसेंस, मंजूरी, जान-पहचान या प्रभावशाली परिवार के नाम की जरूरत पड़ती थी। जब दरवाजे कम हों तो वे सबसे पहले उनके लिए खुलते हैं, जिनके पास पहले से चाबियां होती हैं। नौजवान, गरीब और वे लोग दरवाजे के बाहर ही इंतजार करते रह जाते थे, जिनके पास कोई बड़ी पहचान नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बंद दरवाजे को देखा और समझा कि असल में इसके क्या कारण थे। उन्होंने बदलाव को एक ही लाइन में बयान किया- सरकार का रवैया 'जब तक इजाजत न हो, तब तक पाबंदी' से बदलकर 'जब तक मना न हो, तब तक इजाजत' हो गया है। उनके काम के पीछे एक पक्का संकल्प रहा है- पाबंदियों की दीवार गिराना और खुले दरवाजों वाला देश बनाना। ऐसा देश जहां इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि आप किसकी संतान हैं, फर्क इससे पड़ता है कि आप क्या बनने की काबिलियत रखते हैं।

अंतरिक्ष पर 60 साल तक सरकार का एकाधिकार रहा। 2020 में उसे उन सबके लिए खोल दिया गया, जिनके पास रॉकेट छोड़ने की योग्यता थी। फिर हमारे खेतों के ऊपर का आसमान खुला। उस रूल-बुक को फाड़कर फेंक दिया गया, जिसके मुताबिक एक छोटे-से ड्रोन को उड़ाने के लिए दर्जनों कागजात और इजाजतों की जरूरत पड़ती थी। अब किसी छोटे शहर का कोई नौजवान अपना ड्रोन बना सकता है। 2014 में अंतरिक्ष से संबंधित एक स्टार्टअप था। आज लगभग 440 हैं।

लेकिन सिर्फ दरवाजे खोलना अधूरी बात होगी। एक खुले दरवाजे का कोई फायदा नहीं, अगर वहां तक पहुंचने का आपके पास कोई रास्ता ही न हो। यहीं पर इस सोच की न्यायसंगतता नजर आती है। 2016 में स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के समय देश में 350 स्टार्टअप थे। आज इनकी संख्या दो लाख से ज्यादा है इन्होंने बीस लाख से ज्यादा नौकरियां सृजित की हैं। ये अब हर कोने में पहुंच चुके हैं, जिनमें से एक लाख से भी अधिक की शुरुआत महिलाओं द्वारा की गई है।

करोड़ों ऐसे भारतीय जिनके पास कभी बैंक खाता नहीं था, उन्हें इस दायरे में लाया गया, जहां एक साधारण फोन ही बैंक बन गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उस व्यवस्था को बदला, जिसके तहत छात्र को किसी एक विषय में दाखिल करा दिया जाता था। अब छात्र ऐसे विषयों को पढ़ सकते हैं, जिन्हें पहले कभी साथ नहीं पढ़ाया जाता था, किसी डिग्री को बीच में छोड़कर वहीं से दोबारा शुरू कर सकते हैं और देश से बाहर जाए बिना ही विश्वस्तरीय पढ़ाई कर सकते हैं, क्योंकि दुनिया भर के विश्वविद्यालय यहां अपने कैम्पस खोल रहे हैं।

यह सब एक ही बात की ओर इशारा करता है- एक ऐसा देश जिसने आखिरकार अपने युवाओं पर भरोसा करने का फैसला किया है। नरेंद्र मोदी ने भारत के युवाओं को कभी भी ऐसी समस्या नहीं माना, जिसे बस मैनेज करना हो या जिसे उन्होंने सिर्फ वोट बैंक समझा हो। वे युवाओं से बराबरी के स्तर पर बात करते हैं। यही इस नेतृत्व का वास्तविक मापदंड है। यह कोई योजना या आंकड़ा नहीं, बल्कि एक युवा भारतीय की सोच और कल्पना के दायरे में आया बदलाव है। अब किसी युवा भारतीय के लिए केवल यही सवाल नहीं रह गया है कि उसे सपने देखने की अनुमति है या नहीं; अब सवाल यह है कि वह कितनी दूर जाने का इरादा रखता है।

**उलटफेर** • एशिया में अब पारंपरिक उद्योगों से ज्यादा दौलत एआई और टेक कंपनियों के पास जमा हो रही, बाइडांस की आय बढ़कर 11.5 लाख करोड़ के पार निकली

# एआई ने पलटा अमीरी का खेल, टिकटॉक के यिमिंग ने अदाणी से छीना एशिया का ताज

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

टिकटॉक की पैरेंट कंपनी बाइडांस के संस्थापक झांग यिमिंग बुधवार को पहली बार एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उनकी संपत्ति 105 अरब डॉलर से ऊपर निकल गई। उन्होंने भारत के गौतम अदाणी को मामूली अंतर से पीछे छोड़ा।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, चीन के यिमिंग की संपत्ति 105.5 अरब डॉलर (₹10.11 लाख करोड़) हो गई, जबकि अदाणी की 104.8 अरब डॉलर (₹10.04 लाख करोड़) रह गई। दोनों के बीच अंतर करीब ₹7,000 करोड़ का है। यिमिंग की संपत्ति मार्च 2019 में ब्लूमबर्ग की ट्रैकिंग शुरू होने के समय 13 अरब डॉलर (₹1.24 लाख करोड़) थी। 7 साल में यह 8 गुना बढ़ चुकी है।

### इस साल अदाणी से दोगुनी बढ़ी यिमिंग की संपत्ति

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, बुधवार को यिमिंग की संपत्ति स्थिर रही, जबकि अदाणी की संपत्ति 4.44 अरब डॉलर (₹42,577 करोड़) घट गई। इसके साथ ही यिमिंग अदाणी से आगे निकल गए। हालांकि 2026 में अब तक अदाणी की संपत्ति 20.4 अरब डॉलर (₹1.95 लाख करोड़) बढ़ी है। जून से इसमें गिरावट नहीं आती तो ये आंकड़ा बड़ा होता। लेकिन यिमिंग की संपत्ति में इससे दोगुना 40.3 अरब डॉलर (₹3.86 लाख करोड़) का उछाल आ चुका है। यह इस बात का संकेत है कि एशिया में अब पारंपरिक उद्योगों से ज्यादा दौलत एआई और टेक कंपनियों के पास जमा हो रही है।

### यिमिंग की दौलत क्यों बढ़ी VS अदाणी की क्यों घटी...4 कारण

**यिमिंग की दौलत क्यों बढ़ी**

1. जनवरी में अमेरिका के साथ टिकटॉक का जॉइंट वेंचर डील फाइनल होने से नियामकीय संकट टल गया।
2. एआई चैटबॉट डॉबाओ और वीडियो-टूल सीडांस की तेज ग्रोथ से आय बढ़ी।
3. ब्लैकरॉक, फिडेलिटी, टी. रोवे प्राइस जैसे निवेशकों ने बाइडांस का वैल्युएशन बढ़ाया, जिससे शेयर चढ़े।
4. कंपनी को एआई रिसर्च के लिए 2.84 लाख करोड़ रुपए का बैंक लोन मिला।



**अदाणी की क्यों घटी...4 कारण**

1. जून में अदाणी की संपत्ति करीब 120 अरब डॉलर (₹11.5 लाख करोड़) थी, तब से इसमें लगातार गिरावट आई।
2. एमएससीआई इंडेक्स में अदाणी के शेयरों के वेटेज बदले, मार्केट कैप घटा।
3. कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और बॉन्ड यील्ड बढ़ने से वैश्विक बाजारों में सेल-ऑफ।
4. इंफ्रास्ट्रक्चर-एनर्जी जैसे पारंपरिक सेक्टरों पर दबाव, जबकि टेक-एआई शेयर मजबूत बने रहे।

**इस साल जून तक बाइडांस की आय में 30% उछाल** • बाइडांस का बिजनेस तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। 2026 की पहली छमाही (जून तक) में कंपनी की आय करीब 30 फीसदी बढ़कर 120 अरब डॉलर (11.5 लाख करोड़ रुपए) हो गई। अंतरराष्ट्रीय विज्ञापन, लाइवस्ट्रीमिंग और टिकटॉक के ई-कॉमर्स कारोबार ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई। हालांकि एआई पर भारी खर्च के कारण जोरदार आय के बावजूद पहली छमाही में मुनाफा घटकर करीब 1.9 लाख करोड़ रुपए रह गया।

### एशिया के टॉप-5 अमीरों में 2-2 भारत- चीन के, एक जापान का

| अरबपति | कंपनी | देश | संपत्ति |
|---|---|---|---|
| 1 झांग यिमिंग | बाइडांस | चीन | 105.5 |
| 2. गौतम अदाणी | अदाणी ग्रुप | भारत | 104.8 |
| 3. मुकेश अंबानी | रिलायंस इंड. | भारत | 81.30 |
| 4. तादाशी यानाई | यूनीक्लो | जापान | 63.70 |
| 5. झोंग शानशान | नोंगफू स्प्रिंग | चीन | 59.10 |

नोटः आंकड़े अरब डॉलर में




### बाजार भविष्य की आय क्षमता को अहमियत दे रहा

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट कहती है कि यिमिंग का नंबर-1 बनना केवल टिकटॉक की सफलता की कहानी नहीं है। यह बताता है कि अरबपतियों की संपत्ति में एआई आधारित टेक कंपनियों के वैल्युएशन का असर तेजी से बढ़ रहा है। बाजार फिलहाल सिर्फ मौजूदा कमाई नहीं, बल्कि एआई से भविष्य में आय की क्षमता को भी अहमियत दे रहा है।

**भास्कर किस्सा**

### ट्रेन टिकट नहीं मिली, SMS अलर्ट का सिस्टम बना दिया

**झांग यिमिंग (43)**
**जन्मः** फुजियान (चीन)

2006 में नए साल के जश्न के मौके पर घर जाने के लिए यिमिंग को ट्रेन टिकट नहीं मिल रहा था। वेबसाइट पर लगातार नजर रखना संभव नहीं था। यिमिंग ने इंतजार करने के बजाय छोटा सा प्रोग्राम बना दिया, जो ऑनलाइन टिकट की उपलब्धता पर नजर रखता था। सीट खाली होते ही उनके मोबाइल पर एसएमएस आ जाता था। कुछ ही समय बाद संदेश आया और उन्होंने टिकट खरीद लिया। आगे चलकर उन्होंने इसे न्यूज प्लेटफॉर्म बना दिया।

---

**इन्वेस्टिंग** • बुलियन नहीं, मांग बढ़ने पर माइनिंग स्टॉक्स देंगे सोने से ज्यादा रिटर्न

# सोने से दोगुना रिटर्न माइनिंग ईटीएफ ने दिया, तीन साल में ही निवेश तिगुना

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

सोने की तेजी का फायदा सिर्फ धातु खरीदने वालों को नहीं मिला। रेशनल इक्विटी एसेट मैनेजमेंट की 'बियॉन्ड बुलियन' रिपोर्ट के मुताबिक 1 अगस्त 2023 को फिजिकल गोल्ड में लगाए गए 1 लाख की कीमत 31 अगस्त 2026 तक 2.29 लाख हो गई। भारतीय गोल्ड ईटीएफ में यही रकम लगभग 2.53 लाख रुपए और वैश्विक गोल्ड माइनिंग ईटीएफ में करीब 3.77 लाख होती।

रिपोर्ट के मुताबिक माइनिंग कंपनियों के शेयर अपने दशकभर के औसत से कम वैल्युएशन पर ट्रेड कर रहे हैं, जबकि ये डबल-डिजिट फ्री कैश फ्लो यील्ड (नकद रिटर्न) जनरेट कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सोने की कीमत बढ़ने पर खनन कंपनियों की कमाई उससे तेज बढ़ सकती है। वजह है बिक्री मूल्य और उत्पादन लागत के बीच का अंतर।

अगर सोने का भाव तेजी से चढ़े, लेकिन उसे निकालने की लागत धीमी गति से बढ़े, तो प्रति औंस मिलने वाला मार्जिन बढ़ जाता है। कंपनियों के शेयरों में इसी अतिरिक्त कमाई की संभावना का असर दिख सकता है। अगस्त 2023 से पहले करीब 12 वर्षों में डॉलर में सोना लगभग सपाट रहा, जबकि माइनिंग कंपनियों का सूचकांक करीब आधा हो गया था।

### केंद्रीय बैंक भी डॉलर के बजाय सोने में अपना रिजर्व मजबूत कर रहे

| निवेश माध्यम | 2023 से रिटर्न | 1 लाख बना |
|---|---|---|
| फिजिकल गोल्ड | 130% | 2,28,844 |
| गोल्ड ईटीएफ | 153% | 2,52,643 |
| गोल्ड माइनिंग इक्विटी | 278% | 3,77,480 |

#### भाव दोगुने से ज्यादा, लेकिन खदानों की सप्लाई सिर्फ 1% सालाना ही बढ़ी

2023 के बाद सोने के दाम दोगुने से ज्यादा हो गए, लेकिन खदानों से निकलने वाला सोना हर साल सिर्फ 1% ही बढ़ा है। नई खदान से सोना निकालने में लंबा समय लगता है, इसलिए मांग बढ़ने पर भी तुरंत ज्यादा सोना बाजार में नहीं लाया जा सकता। इस असंतुलन के जल्दी सुधरने के आसार नहीं हैं।

**84% रिजर्व मैनेजरों को उम्मीद... 5 साल में वैश्विक रिजर्व में सोने की हिस्सेदारी बढ़ेगी**
वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के 2026 सर्वे के अनुसार, 84% रिजर्व मैनेजरों को उम्मीद है कि अगले 5 सालों में वैश्विक रिजर्व में सोने की हिस्सेदारी बढ़ेगी (जो पिछले साल 76% थी)। वहीं, 74% का मानना है कि इस दौरान डॉलर की हिस्सेदारी घटेगी।

**सोने पर क्यों बढ़ रहा है भरोसा?**
केंद्रीय बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करने, अमेरिकी कर्ज और बढ़ते ब्याज के बोझ से बचने के लिए अपने रिजर्व में सोना बढ़ा रहे हैं।

#### सोलर, एआई डेटा सेंटर्स से चांदी की रिकॉर्ड मांगः लगातार छठे साल गहराया सप्लाई गैप

चांदी बाजार में सप्लाई और मांग का अंतर लगातार छठे साल भी बना हुआ है। साल 2026 में यह घाटा बढ़कर करीब 4.6 करोड़ औंस तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2025 में 4 करोड़ औंस था। इस बाजार में इस समय दो विपरीत चीजें असर डाल रही हैं:

**1. चांदी की मांग क्यों बढ़ रही है?**
**सोलर सेक्टरः** सोलर एनर्जी की क्षमता 2010 में जो सिर्फ 40 गीगावाट थी, वह 2025 में बढ़कर 2 टेरावाट को पार कर चुकी है।
**एआई डेटा सेंटरः** एआई से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक्स की वजह से 2027 तक चांदी की खपत में 10% इजाफा हो सकता है। यह सालाना लगभग 42 मिलियन औंस है, जो चिली की कुल सालाना माइनिंग के बराबर है।

**2. मांग घटाने की कोशिशें क्या हैं?**
सोलर पैनल बनाने वाली कंपनियों ने इस साल हर सेल में चांदी का इस्तेमाल 19% तक घटा दिया है। यानी, नई तकनीक से खपत कम करने की कोशिशें तेज हैं।
**नतीजाः** चांदी की बचत करने के बावजूद बाजार में सप्लाई का घाटा लगातार बढ़ रहा है। 2021 से लेकर अब तक जमीन के ऊपर मौजूद स्टॉक से 762 मिलियन औंस चांदी निकालकर इस गैप को भरा गया।

#### सोने के भाव ऊंचे बने रहे तो माइनिंग कंपनियों को भारी मुनाफा होगा

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगर सोने के भाव ऊंचे बने रहते हैं, तो गोल्ड माइनिंग कंपनियां भारी मुनाफा और कमाई करेंगी। न्यूमॉन्ट और किनरॉस जैसे बड़ी कंपनियां मजबूत और स्थिर होती हैं, और इनसे निवेशकों को 8% से 10% तक का शानदार कैश रिटर्न मिल सकता है। जबकि छोटी और मझोली कंपनियों में कमाई की रफ्तार और भी ज्यादा तेज होती है, और इनका कैश रिटर्न 15% से 35% तक रह सकता है।

---

**बाजार का रिस्क बढ़ा**

### अमेरिका में ब्याज दरें 0.25% बढ़ी, आगे और बढ़ेंगी

**वाशिंगटन** | अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने तीन साल बाद ब्याज दरें 0.25% बढ़ा दी हैं। इससे बेंचमार्क ब्याज दर बढ़कर 3.75% से 4% के बीच पहुंच गई। केंद्रीय बैंक की समिति ने महंगाई से निपटने के लिए यह फैसला सर्वसम्मति से लिया। साथ ही, इस साल दरों में एक और बढ़ोतरी का संकेत भी दिया।
**भारत जैसे बाजारों में दबाव बढ़ेगा, अमेरिका बाजार उछलेः** इस फैसले से विदेशी निवेशक अमेरिकी बाजार का रुख कर सकते हैं। भारत जैसे उभरते बाजारों पर दबाव बढ़ सकता है। इस बीच, अमेरिकी शेयर बाजार में नैस्डैक में 0.72% तेजी देखी गई।

## यूपीआई पर शुल्क से फिनटेक, एटीएम शेयरों में 7% तक उछाल

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बढ़त पर बंद हुआ। सेंसेक्स 333 अंक (0.45%) चढ़कर 74,336 पर और निफ्टी 99 अंकों (0.43%) की तेजी के साथ 23,218 पर बंद हुआ। फिनटेक और कैश मैनेजमेंट कंपनियों शेयरों में 7% तक उछाल आया। एफएमसीजी कंपनियों और बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही, जबकि आईटी शेयर 1.8% टूटे। एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ, आईटीसी और ट्रेंट टॉप गेनर रहे। इस बीच ब्रेंट क्रूड 108 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सरकार ने मंगलवार को 2,000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई मर्चेंट पेमेंट पर 15 अक्टूबर से 0.4% शुल्क लगाने का ऐलान किया था, जिसका असर फिनटेक और कैश-मैनेजमेंट (एटीएम) शेयरों पर दिखा।

#### एटीएम-कैश मैनेजमेंट शेयरों में तेजी

रेडिएंट कैश मैनेजमेंट के शेयर 5% बढ़त पर बंद हुए। सीएमएस इंफो सिस्टम्स में 4.3% और एसआईएस में 0.42% तेजी रही। विश्लेषकों का कहना है कि यूपीआई पर चार्ज लगने से एटीएम से कैश निकासी बढ़ेगी। इससे कैश लॉजिस्टिक्स बिजनेस बढ़ने की उम्मीद है।

#### बड़े ब्रोकरों की राय... फिनटेक शेयरों में आगे भी बढ़त जारी रह सकती है

**सिटीः** यूपीआई चार्ज से सालाना 17,000 करोड़ तक की कमाई हो सकती है। इसमें 60% बैंकों, 25% एप कंपनियों के हिस्से में आएंगे। **जेपी मॉर्गनः** यह जीरो-एमडीआर मॉडल में बड़ा बदलाव है। ये फिनटेक और कैश मैनेजमेंट कंपनियों के लिए बड़ा मौका साबित हो सकता है। **गोल्डमैन सैक्सः** पेटीएम की आय 40-70% तक बढ़ सकती है। **जेफरीजः** पेटीएम का टारगेट प्राइस ₹2,150 व पाइन लैब्स का ₹235 किया।

**फिनटेक शेयरों में उछालः** पेटीएम (वन97 कम्यु.) का शेयर इंट्राडे में 7.24% उछाल के साथ 52-हफ्ते की ऊंचाई 1,856.50 रुपए पर पहुंच गए। हालांकि आखिर में बढ़त 3.50% पर सिमट गई और शेयर 1,792 रुपए पर बंद हुए।

---

**बिजनेस ब्रीफ**

### 2025-26 में एअर इंडिया का घाटा बढ़कर ₹22,238 करोड़ तक पहुंचा

**नई दिल्ली** | वित्त वर्ष 2025-26 में टाटा समूह की एअर इंडिया का कुल घाटा बढ़कर 22,238 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले यह 10,859 करोड़ रुपए था। बीते वित्त वर्ष कंपनी की कुल आय घटकर 71,870 करोड़ रुपए रह गई, जबकि खर्च बढ़े। विदेशी मुद्रा नुकसान में भारी वृद्धि और एआई171 दुर्घटना सहित कई चुनौतियों ने प्रदर्शन को प्रभावित किया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के आंकड़े भी इसमें शामिल हैं।

### जमीन के सौदों में जयपुर, अहमदाबाद, इंदौर जैसे टियर-2 शहरों का शेयर 67%

**नई दिल्ली** | वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कुल जमीन सौदों में टियर-2 शहरों की हिस्सेदारी रिकॉर्ड 67% पहुँच गई है। कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, टियर-2 शहरों ने पहली बार बड़े महानगरों को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा 2021 में 2% और 2025 में 34% था। बड़े शहरों में जमीन की कमी और बढ़ती कीमतों से डेवलपर्स अब छोटे शहरों का रुख कर रहे हैं।

### सितंबर में चीनी का कोटा 4 लाख टन बढ़ा, रिकॉर्ड 26.50 लाख टन बेचने की मंजूरी

**नई दिल्ली** | केंद्र सरकार ने सितंबर में रिकॉर्ड 26.50 लाख टन चीनी बेचने की मंजूरी दी है, जो अगस्त से 4 लाख टन अधिक है। खाद्य मंत्रालय ने सितंबर के पहले पखवाड़े में 13 लाख टन और दूसरे पखवाड़े के लिए 13.50 लाख टन कोटा तय किया। बाजार में अतिरिक्त सप्लाई बढ़ने से चीनी के खुदरा भाव घटकर 55 रुपए किलो पर आ गए हैं। सरकार इसे 40-45 रुपए प्रति किलो पर लाने में जुटी है।

### ओपनएआईः 115 लाख करोड़ वैल्युएशन पर प्री-आईपीओ फंडिंग पर विचार

**न्यूयॉर्क** | चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई आईपीओ से पहले नई फंडिंग राउंड पर बातचीत कर रही है। इसमें कंपनी का वैल्युएशन 1.2 ट्रिलियन डॉलर (करीब 115 लाख करोड़ रुपए) से अधिक हो सकता है। यह फैसला आईपीओ के समय पर निर्भर करेगा। अतिरिक्त फंडिंग से आईपीओ को एक-दो तिमाही टाला जा सकता है और अधिग्रहणों में मदद मिलेगी।

---

### एडिडासः गुरुग्राम टेक हब में 50% कर्मियों को हटाया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

एडिडास ने गुरुग्राम स्थित इंडिया टेक हब में करीब 50% कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। हब में कुल 700 कर्मचारी थे, जिनमें से 300-350 सॉफ्टवेयर इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट और डेटा इंजीनियरों की नौकरी जाएगी। कंपनी ने 15 सितंबर को इसकी घोषणा की। एडिडास ने कहा कि यह मुश्किल फैसला बिजनेस की बदलती जरूरतों के हिसाब से टेक्नोलॉजी ऑर्गनाइजेशन को दुरुस्त करने के लिए किया गया है। एक समूह को उसी दिन एग्जिट लेटर थमा दिए गए। 2021 में शुरू हुए इस हब का मकसद टॉप टेक टैलेंट को जोड़ना था। यह छंटनी टेक सेक्टर में जारी व्यापक छंटनी की उस लहर के बीच आई है, जिसमें ओरेकल में भी हाल ही में नई छंटनी शुरू हुई है।

### पानी पर चलने वाला घर, 754 वर्ग फुट में बेडरूम से जकूजी तक



**जाग्रेब** | क्रोएशिया की स्टार्टअप ओएसिस मेउ ने पानी पर रहने और इलेक्ट्रिक मोटरों से चलने वाला घर अमोर पेश किया। 754 वर्ग फुट रहने की जगह है। डिलीवरी 2027 में शुरू हो सकती है। कंपनी इसे 'वॉटरसुइट' कहती है। इसमें ऊपरी डेक पर मुख्य बेडरूम, निचले डेक पर गेस्ट केबिन, किचन और स्टोरेज हैं। बाहरी टैरेस पर जकूजी और पानी में उतरने की सीढ़ी है। बड़े शीशे और स्लाइडिंग दरवाजे कमरों को टैरेस से जोड़ते हैं।





**सोलर पैनल से बनेगी बिजलीः** छत के सोलर पैनलों से बिजली बनेग।। इससे 15-15 किलोवॉट की 2 मोटर- घरेलू उपकरण चलेंगे। हालांकि कंपनी ने कीमत, रफ्तार और क्षमता का खुलासा नहीं किया।

---

**इंश्योरेंस** • बीमा फर्म बोली खानपान से आया स्ट्रोक, दलील खारिज

## शाकाहारी होने पर मेडिक्लेम ठुकराया, आयोग ने 1 लाख चुकाने का आदेश दिया

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

अहमदाबाद में शाकाहारी खानपान को बीमारी की वजह बताकर मेडिक्लेम खारिज करना बीमा कंपनी को भारी पड़ा। जिला उपभोक्ता आयोग ने न्यू इंडिया एश्योरेंस को मरीज का 1.06 लाख रुपए का क्लेम चुकाने का आदेश दिया है। इस पर अक्टूबर 2016 से 9% ब्याज भी देना होगा। मानसिक परेशानी और कानूनी खर्च के लिए 5 हजार रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नारणपुरा निवासी मीत ठक्कर को अक्टूबर 2015 में चक्कर, मितली, शरीर के बाएं हिस्से में भारीपन और कमजोरी हुई। निजी अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने ट्रांजिएंट इस्कीमिक अटैक यानी मिनी स्ट्रोक बताया। उनका होमोसिस्टीन स्तर 23.52 था, जबकि सामान्य सीमा 5 से 15 है। एक हफ्ते के इलाज पर 1.06 लाख रुपए खर्च हुए। ठक्कर के पास 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा था।

#### डॉक्टर की राय का गलत अर्थ निकाला

कंपनी ने डॉक्टर की राय का हवाला देकर कहा कि विटामिन बी12 की कमी से होमोसिस्टीन बढ़ा। इसकी वजह आहार में सप्लीमेंट की कमी थी। कंपनी ने पॉलिसी के दायरे से बाहर की शर्त लगाकर दावा ठुकरा दिया। ठक्कर ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। उनके वकील मुकेश पारिख ने दावा खारिज करने का आधार गलत बताया। आयोग ने कहा कि शाकाहारियों में बी12 की कमी हो सकती है। कंपनी ने डॉक्टर की सामान्य टिप्पणी का गलत अर्थ निकालकर क्लेम रोका।

### 3 लाख तक के निर्यात में छूट

## छोटे उद्यमियों के लिए विदेश में सामान भेजना हुआ आसान

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

केंद्र ने 3 लाख तक की निर्यात खेप के लिए रजिस्ट्रेशन-कम-मेंबरशिप सर्टिफिकेट (आरसीएमसी) की अनिवार्यता खत्म कर दी है। डीजीएफटी ने विदेश व्यापार नीति 2023 में यह बदलाव किया है। इस नए नियम से एमएसएमई, कारीगरों और पहली बार विदेश में सामान बेचने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। डाक या कूरियर से कम कीमत का सामान भेजने वालों की शुरुआती कागजी औपचारिकताएं कम हो जाएंगी। कुल शिपिंग बिलों में 3,000 डॉलर तक के छोटे निर्यात की हिस्सेदारी 43% है, जबकि कुल निर्यात मूल्य में इनका योगदान 0.86% है। निर्यातकों को ये प्रमाणपत्र संबंधित निर्यात संवर्धन परिषद या कमोडिटी बोर्ड से लेना पड़ता है। इसके लिए कारोबारी को अपने उत्पाद के हिसाब से सही परिषद या बोर्ड का पता लगाना, जरूरी दस्तावेज जमा करना और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है, जो छोटे कारोबारियों के लिए अतिरिक्त प्रक्रिया थी।

---

**बिजनेस एंकर** हार्डवेयर टेक में निवेश 4 गुना, एआई ने चिप-रोबोटिक्स को बनाया नया निवेश ठिकाना

# चैटजीपीटी आते ही कुछ कंपनियों ने भांप लिया कि एआई की असली क्रांति तभी आएगी, जब उसे चलाने वाली मशीनें बनेंगी, आज ये दांव सही साबित हो रहा

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**न्यूयॉर्क** | 2022 में जब चैटजीपीटी आया, तो सिलिकॉन वैली के ज्यादातर निवेशक एक ही रास्ते पर दौड़ पड़े- किसी तरह ओपनएआई जैसी कामयाबी का हिस्सा बन जाएं। लेकिन वेन शिह नाम के एक निवेशक ने इस घटनाक्रम को अलग नजरिए से देखा। हार्डवेयर में निवेश करते आए शिह को समझ में आ गया था कि एआई की असली क्रांति तभी आएगी, जब उसे चलाने वाली मशीनें और चिप्स बनेंगी। 2023 में उन्होंने इसी सोच पर मैटर वेंचर पार्टनर्स नाम की फर्म शुरू की और आज उनका यह दांव सही साबित हो रहा है।

आंकड़े इस बदलाव की कहानी खुद बयां करते हैं। 2020 में वेंचर कैपिटल कंपनियों ने रोबोटिक्स, स्पेस, क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी 'डीप टेक' यानी हार्डवेयर टेक्नोलॉजी में सिर्फ ₹2.1 लाख करोड़ लगाए थे। इस साल यह आंकड़ा बढ़कर ₹8.6 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। शिह कहते हैं, 'मैं कभी सोच भी नहीं सकता था कि इतने सारे निवेशक हार्डवेयर में दिलचस्पी लेंगे।' मैटर वेंचर्स ने दूसरे फंड के लिए ₹4,317 करोड़ जुटा लिए हैं। इसमें एएसएमएल, ताइवान सेमीकंडक्टर और क्लेनर पर्किन्स जैसे बड़े नाम शामिल हैं। दरअसल एआई ने निवेश का पूरा गणित ही बदल दिया है। एआई मॉडलों की मदद से रिसर्च और डेवलपमेंट अब पहले से सस्ती और तेज हो गई है। इससे हार्डवेयर बनाना उतना महंगा या जोखिम भरा नहीं रहा जितना पहले था। इसी बीच सस्ते सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स की चमक भी फीकी पड़ने लगी। इसी साल की शुरुआत में सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस कंपनियों के शेयरों में आई भारी गिरावट को तो लोग अब 'सासपोकैलिप्स' तक कहने लगे हैं। इस बदलाव की सबसे बड़ी मिसाल खुद दिग्गज वेंचर कैपिटल फर्म आंद्रेसेन होरोविट्ज है, जिसकी पहचान ही इस सोच पर टिकी थी कि 'सॉफ्टवेयर पूरी दुनिया को निगल रहा है।' लेकिन अब वही कंपनी हार्डवेयर स्टार्टअप्स में भारी निवेश कर रही है। बीते माह उसने एआई इंफ्रा स्टार्टअप्स के लिए ₹10,550 करोड़ का नया फंड शुरू किया। नीदरलैंड्स की चिप-उपकरण कंपनी एएसएमएल के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर अर्नव दास कहते हैं कि हार्डवेयर स्टार्टअप्स में पैसा लगाना नई टेक्नोलॉजी को करीब से समझने का जरिया है।

#### बड़ी कंपनियां छोटे हार्डवेयर स्टार्टअप्स को मुंहमांगे दाम पर खरीद रहीं

हवा का रुख बदलते देख बड़ी कंपनियां छोटे हार्डवेयर स्टार्टअप्स को मुंहमांगे दाम पर खरीद रही हैं। मैटर के ही एक पोर्टफोलियो स्टार्टअप क्यू.एआई को इसी साल जनवरी में एपल ने 15,000 करोड़ रुपए में खरीद लिया था। हालांकि हार्डवेयर में निवेश का यह चस्का सिलिकॉन वैली के लिए नया नहीं है। 2000 के दशक में क्लीन-टेक कंपनियों पर भी ऐसा ही पैसा बरसा था, जिनमें से ज्यादातर बाद में डूब गईं। शिह मानते हैं कि हार्डवेयर आसान खेल नहीं है। इसमें वही टिकते हैं, जिनके पास तकनीक की समझ और धैर्य, दोनों होती है।

### 6 साल में 12.6 फीसदी बढ़े

## अमेरिकाः 36% स्टार्टअप एक ही संस्थापक चला रहे

बिजनेस संवाददाता | न्यूयॉर्क

अमेरिका में 36% नए स्टार्टअप अब सोलो फाउंडर यानी एक ही संस्थापक चला रहे हैं। 2019 में ऐसे स्टार्टअप 23.7% ही थे। अब ये 12.6% बढ़ गए हैं। एआई कंपनी मायय़ूजर की रिपोर्ट के मुताबिक, एआई टूल्स अब कोडिंग, कस्टमर सपोर्ट, सेल्स और मार्केटिंग जैसे काम अकेले संभाल रहे हैं। पारंपरिक रूप से बिजनेस बढ़ने पर नए कर्मचारी रखने पड़ते थे, वर्ना सीमित समय के कारण कंपनी की रफ्तार थम जाती थी। मायय़ूजर के फाउंडर इब्राहिम हसनोव के मुताबिक, एआई अब बिना समर्पित टीम के संदेश तैयार करने और सेल्स संभालने में मदद कर रहा है। इससे संस्थापकों का समय और लागत बच रही है। वे बिना अतिरिक्त कर्मचारियों के तकनीकी काम पूरे कर रहे हैं।

## फंड्स ने टीडी पावर सिस्टम्स में होल्डिंग दोगुनी से ज्यादा बढ़ाई

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

म्यूचुअल फंड्स ने अगस्त में घरेलू शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर खरीदारी की। एक विश्लेषण के मुताबिक, म्यूचुअल फंड्स इस साल जुलाई के मुकाबले अगस्त में 53 कंपनियों में 1-1 करोड़ से ज्यादा नए शेयर अपनी-अपनी होल्डिंग्स में जोड़े। इस संस्थागत निवेश के दम पर म्यूचुअल फंड्स के पोर्टफोलियो में टीडी पावर सिस्टम्स समेत कई चुनिंदा शेयरों में फंड हाउसों की हिस्सेदारी तेजी से (दोगुनी से भी ज्यादा) बढ़ी है। इससे साफ है कि ग्रोथ की मजबूत संभावनाओं वाली कंपनियों पर फंड मैनेजरों का भरोसा बना हुआ है।

**यहां भरोसा** • इन प्रमुख शेयरों में फंड्स की होल्डिंग बढ़ी

| कंपनी | जुलाई | अगस्त | बदलाव |
|---|---|---|---|
| टीडी पावर सिस्टम्स | 3.71 | 7.93 | 113.7% |
| रुबिकॉन रिसर्च | 1.19 | 2.27 | 90.8% |
| अर्बन कंपनी | 14.86 | 18.63 | 25.4% |
| मीशो | 41.84 | 50.27 | 20.1% |
| वन97 कम्युनिकेशंस | 12.04 | 13.67 | 13.5% |
| लेंसकार्ट सॉल्यूशंस | 23.12 | 25.84 | 11.8% |
| देवयानी इंटरनेशनल | 19.32 | 21.00 | 8.70% |
| वोडाफोन आइडिया | 636.51 | 652.90 | 2.60% |



▪ जुलाई और अगस्त में होल्डिंग के आंकड़े करोड़ शेयर में।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍 Hindi Editorials PDF

📍 Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

Click Here